


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, योग : नियोग का सुयोग व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -140, पृष्ठ -14+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 16 जून 2024


आज का मौसम | 45.2° अधिकतम तापमान | 33.5° न्यूनतम तापमान | तेज धूप और उमस के साथ लू चलने की संभावना। | सूर्योदय 05 : 16 सूर्यास्त 07 : 03



सिंघम अगेन और भूलभुलैया-3 की होगी टक्कर...14

# रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिरा, 14 पर्यटकों की मौत

## ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर रैंतोली के समीप हुई घटना, 12 गंभीर रूप से घायल

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार** : उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टेंपो ट्रैवलर सड़क से 250 मीटर नीचे अलकनंदा नदी किनारे गिर गया। इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा व दिल्ली के पर्यटक सवार थे। हादसे में 10 पर्यटकों की मौके पर जबकि 4 की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में 12 लोग गंभीर घायल हैं, इनमें पांच को एयर लिफ्ट कर रुद्रप्रयाग जिले से ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया है। प्रथम दृष्टया हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों, दिल्ली और हरियाणा के 23 पर्यटक एवं वाहन स्टाफ (दो चालक व एक क्लीनर) का दल चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला के लिए जा रहा था। उनका टेंपो ट्रैवलर शनिवार की सुबह लगभग 11:30 बजे ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर रैंतोली के समीप अनियंत्रित होकर पैराफिट तोड़ कर सड़क से नीचे अलकनंदा नदी के किनारे गिर गया। घटनास्थल के समीप रेलवे प्रोजेक्ट का काम चल रहा था। प्रोजेक्ट कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसडीआरएफ व पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं। टीमों ने वाहन में फंसे और खाई में गिरे लोगों को निकालने के लिए अभियान चलाया। तब तक 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि 16 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में सात को एयरलिफ्ट से ऋषिकेश एम्स पहुंचाया गया। उपचार के दौरान दो घायलों की एम्स और दो की रुद्रप्रयाग जिला अस्पताल में मौत हो गई। टेंपो ट्रैवलर में 26 पर्यटक सवार थे। एसपी विशाखा अशोक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



घायल युवक का हालचाल जानते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- चोपता-तुंगनाथ ट्रैकिंग के लिए जा रहा था पर्यटकों का दल, उप्र, दिल्ली, हरियाणा के रहने वाले

### मुख्यमंत्री धामी ने जाना घायलों का हाल, मजिस्ट्रेट जांच के दिए आदेश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने एम्स प्रबंधन से कहा कि जरूरी होने पर घायलों को एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजें। उन्होंने कहा कि रैंतोली हादसे में 14 पर्यटकों की मौत अत्यंत पीड़ादायक है। मृत आत्माओं को ईश्वर शांति प्रदान करें और बाबा केदार घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दें। उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

### पर्यटकों को बचाने गया मजदूर नदी में बहा

रैंतोली में रेलवे प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। प्रोजेक्ट कर्मी एनके गुप्ता ने बताया कि वाहन के नीचे गिरते ही बचाओ-बचाओ की चीख पुकार मच गई। इस बीच तीन श्रमिक पर्यटकों की मदद के लिए नदी में उतरे। दो श्रमिकों ने तो अलकनंदा नदी पार कर ली लेकिन एक नदी के तेज बहाव में बह गया।

# अफसरों के बगैर कैसे होंगे निकाय उप चुनाव

रमेश चन्द्र, लखनऊ

- उप चुनाव घोषित, पर सरकार ने नहीं की मांगें गए सभी अफसरों की तैनाती

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में शहरी निकायों की खाली सीटों पर उप चुनाव की घोषणा तो हो गई है, पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग में जरूरत भर अफसर ही नहीं हैं। आयोग की ओर से मांगें गए अफसरों में अब तक केवल एक ही अफसर की तैनाती की गई है। ऐसे में आयोग में तैनात कर्मियों के बीच चुनाव को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान ही आयोग की ओर से राज्य सरकार से अफसरों की तैनाती की मांग की गई थी। राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने इस सिलसिले में राज्य सरकार को पत्र लिखा था। सूत्रों के अनुसार राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आयोग में स्वीकृत पदों के अनुरूप अफसरों की तैनाती किए जाने की मांग की थी, पर अभी तक केवल एक अफसर की तैनाती हो सकी है।

सूत्रों का कहना है कि आयोग में राज्य निर्वाचन आयुक्त के अधीन कार्य करने वाले अफसरों में एक अपर निर्वाचन आयुक्त, तीन संयुक्त निर्वाचन आयुक्त, दो उप निर्वाचन आयुक्त, दो सहायक निर्वाचन आयुक्त व तीन उप सचिव के पद हैं। वर्तमान में आयोग में एक सचिव, एक लेखाधिकारी व हाल ही तैनात एक अफसर भी शामिल हैं। इस सिलसिले में पूछे जाने पर आयोग के सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी अधिकारियों की तैनाती के लिए सरकार को 'रिमांडर' भेजा गया है। चुनाव को सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने के लिए तैयारी की गई है।

**29 नगर निकायों में सदस्यों के पद पर हो रहे चुनाव :** घोषित चुनाव कार्यक्रम के तहत प्रदेश की 29 नगर निकायों में खाली पड़े सदस्यों के लिए चुनाव होना है। नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तारीख 22 जून है। आठ जुलाई को मतदान होगा, जबकि मतगणना 10 जुलाई को होगी।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनाती नहीं

राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने 21 मार्च 2024 को निदेशक स्थानीय निकाय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी होने की पुरानी व्यवस्था समाप्त कर दी थी। नए आदेश के तहत आयोग के संयुक्त निर्वाचन आयुक्त को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नगर स्थानीय निकाय बनाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अधीन नगर निगमों, नगर पालिका व नगर पंचायतों के निर्वाचन से संबंधित कार्यों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में इस पद भी कोई अधिकारी तैनात नहीं है।

## नीट-यूजी रद करने और सीबीआई जांच की अपील

**सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2024 को रद करने और पांच मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की शीर्ष अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने अपील की गई है। इस परीक्षा में शामिल हुए 20 छात्रों द्वारा दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य को परीक्षा नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की भी अपील की गई है।

# छत्तीसगढ़ में आठ नक्सली मारे गए एक जवान शहीद, दो अन्य घायल

नारायणपुर, एजेंसी

- नक्सल प्रभावित जिले नारायणपुर में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़
- घायलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया रायपुर, स्थिति खतरे से बाहर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं और एसटीएफ का एक जवान शहीद तथा दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि माओवादियों के ''माड़ डिविजन तथा पीएलजीए कंपनी'' नंबर 1 के सदस्यों की सूचना पर नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के तहत अबुझमाड़ के कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा गांव के जंगल में दो दिनों पहले सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

उन्होंने बताया कि अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव-कांकेर-दन्तेवाड़ा जिले का डीआरजी, विशेष कार्य बल, आईटीबीपी की 53वीं वाहिनी और बीएसएफ की 135वीं वाहिनी के जवान शामिल थे। शनिवार सुबह 7 बजे कई बार कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा के जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों में मुठभेड़ हुई और एसटीएफ के आरक्षक नितेश एक्का (27), कैलाश नेताम (33) और लेखराम नेताम (28) घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन आरक्षक नितेश एक्का की मौत हो गई। अन्य दो घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है तथा वे खतरे से बाहर हैं। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से 8 नक्सलियों के शव, इंसास रायफल, .303 रायफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सहित भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद किया है।

## एक नजर

### स्वर्ण मंदिर में रील्स और वीडियो बनाने पर प्रतिबंध

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में रील्स वीडियो बनाने और तस्वीरें लेने पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध शुक्रवार से लागू हो गया है। प्रबंधन समिति के सदस्य और कानूनी सलाहकार एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि पवित्र स्थान का उपयोग विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों द्वारा पिकनिक स्पॉट या सेल्फी पॉइंट के रूप में किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी रील्स देखने को मिलती हैं, जो उचित नहीं होती हैं।

### युवा एवं बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने शनिवार को अंग्रेजी लेखिका के. वैशाली और हिंदी लेखक गौरव पांडेय समेत 23 लेखकों के नामों की घोषणा की, जिन्हें विभिन्न भाषाओं में प्रतिष्ठित युवा पुरस्कार मिलेगा। अकादमी ने 2024 के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के लिए 24 नामों की भी घोषणा की। संस्कृत में युवा पुरस्कार के विजेता की घोषणा बाद में की जाएगी। साहित्य अकादमी के कार्यकारी बोर्ड ने शनिवार को अपने अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में 23 लेखकों के चयन को मंजूरी दी। के. वैशाली को उनके संस्मरण होमलेस : ग्रोइंग अप लेस्बियन एंड डिस्लेक्सिक इन इंडिया के लिए जबकि गौरव पांडेय को उनके कविता संग्रह स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी के लिए सम्मानित किया जाएगा। बाल पुरस्कार के लिए अंग्रेजी लेखिका नंदिनी सेनगुप्ता को उनके उपन्यास द ब्लू हॉर्स एंड अदर अमेजिंग एनिमल स्टोरीज फ्रॉम इंडियन हिस्ट्री और देवेन्द्र कुमार को 51 बाल कहानियां के लिए चुना है।

# प्रदेश में बढ़ा बिजली का संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : तमाम उपायों के बाद भी प्रदेश में बिजली का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। भीषण गर्मी में भारी मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली ली जा रही है, पर स्थानीय खराबियों के कारण भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है।

प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल करीब दो हजार मेगावाट ज्यादा बिजली की मांग हो रही है। पिछले साल 28 हजार मेगावाट अधिकतम मांग दर्ज हुई थी, इस बार 30 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार हो गया है। भीषण गर्मी में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों के लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 30,336 मेगावाट दर्ज हुई। बीते दिन की तुलना में मांग में हालांकि 282 मेगावाट गिरावट रही, पर मांग का आंकड़ा 30 हजार से नीचे न आने के कारण कॉरपोरेशन के अफसर जद्दोजहद में लगे रहे। सूत्रों ने बताया कि अनपरा की 210 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां पिछले दिनों से ठप हैं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में संकट की स्थिति बनी हुई है। इन इकाइयों को चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने 16 जून तक इकाइयों को चालू कर लिए जाने की उम्मीद जताई है।



- अधिकतम मांग 30,336 मेगावाट पर पहुंची, चालू नहीं हुईं ओबरा-अनपरा की ठप इकाइयां

### समुचित उपाय किए जाएं

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को बिजली संकट पर काबू पाने के लिए समुचित उपाय किए जाने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष ने शनिवार को वितरण निगमों के अफसरों के साथ बैठक की।

## दिल्ली जल संकट : हरियाणा से मानवीय आधार पर यमुना में पानी छोड़ने की अपील

- प्रतिदिन सात करोड़ गैलन पानी की कमी का सामना कर रही राजधानी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने हरियाणा से मानवीय आधार पर यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने का आग्रह किया है। दिल्ली की जल मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुनक नहर और वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में पानी की कमी के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शोधित जल का उत्पादन करने में सात करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सामान्य रूप से (शोधित) जल का उत्पादन लगभग 1,002 एमजीडी होता है, जो शुक्रवार को घटकर 932 एमजीडी रह गया। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने मानवीय आधार पर हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने की अपील की है।

## केजरीवाल से जुड़ी कोर्ट कार्यवाही का वीडियो सोशल मीडिया से हटाएं : हाईकोर्ट

- केजरीवाल की पत्नी सुनीता समेत छह लोगों और एक्स, मेटा यूट्यूब को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित अदालती कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग विभिन्न सोशल मीडिया मंचों से हटाने का शनिवार को निर्देश जारी किया। वीडियो में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एक अधीनस्थ अदालत में अपनी बात रखते नजर आ रहे हैं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की खंडपीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनीता केजरीवाल समेत छह लोगों और सोशल मीडिया मंच एक्स, मेटा और यूट्यूब को नोटिस जारी किए हैं। पीठ ने कहा कि अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग दिल्ली उच्च न्यायालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम, 2021 के नियम 3(6) का उल्लंघन है।

**यहां भी सुकून नहीं** | अनियोजित विकास, बेतहाशा भीड़ और वाहनों ने बदला सरोवर नगरी का मिजाज

# मैदानी शहरों सा तप रहा नैनीताल, झील ने खोई सुदंरता

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार** : मैदानी शहरों में पारा चढ़ता है तो ठंड की तलाश और सुकून के लिए लोग पहाड़ों का रुख करते हैं। पहाड़ों और झीलों का सौंदर्य आंखों व मन को सुकून देता तो मौसम गर्मी से तपते शरीर को राहत लेकिन अब पहाड़ भी मैदानी शहरों की तरह तपने लगे हैं। झीलें अपना सौंदर्य खो रही हैं और वादियों में सुकून की तलाश में आने वाले पर्यटकों को मौसम तपाने लगा है। उन्हें नैनीताल में भी मैदानी शहरों की गर्मी का एहसास हो रहा है। हो भी क्यों न, क्योंकि इस साल नैनीताल के मौसम ने ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया है। जून का पहला सप्ताह नैनीताल के इतिहास में सबसे गर्म रहा। एक दशक में नैनीताल में पर्यटन बेहद तेजी से बढ़ा है जिसकी वजह से पानी की खपत बढ़ी है। यह खपत नैनी झील से पूरी होती है, नतीजा झील सूख रही है। पर्यटकों की संख्या और बेशुमार वाहनों के पहुंचने से यहां के मौसम और सर्द हवाओं पर भी असर पड़ रहा है। जून के पहले सप्ताह में नैनीताल का अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया, जो जून में कभी दर्ज नहीं किया गया।

इंसानों और वाहनों का दबाव नैनीताल में तेजी से बढ़ा है। चारों ओर वाहन ही वाहन दिखाई देते हैं। वाहनों से निकलने वाली गर्मी को भी तापमान में बढ़ोत्तरी का कारण माना जा रहा है। वाहनों से शहर में दिन भर जाम जैसी स्थिति रहती है।



- नैनीताल में जून के पहले सप्ताह में ही तापमान रिकॉर्ड 31 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

### नैनीताल में ध्वनि और वायु प्रदूषण भी बढ़ा

वीकेंड के दौरान नैनीताल में पर्यटकों और वाहनों की बढ़ी संख्या के चलते ध्वनि और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार सरोवर नगरी में ध्वनि प्रदूषण उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र के बड़े शहरों की अपेक्षा अधिक है। नैनीताल में ध्वनि प्रदूषण औसत 61.40 और अधिकतम 71.50 डेसिबल दर्ज किया गया।




# स्कॉटलैंड को हल्के से नहीं लेगा ऑस्ट्रेलिया

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

लगातार तीन जीत से सुपर आठ में जगह पक्की कर चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण में स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगा और जीत के साथ अगले चरण में जाना चाहेगा।

ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में अपना पहला स्थान पहले ही पक्का कर चुका है लेकिन यह मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जो इस ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहने की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलिया पर जीत या इस मैच के बारिश की भेंट चढ़ जाने पर स्कॉटलैंड अंतिम आठ में पहुंच जाएगा लेकिन अगर वह इस मैच में हार जाता है और इंग्लैंड एक अन्य मैच में नामीबिया को हरा देता है तो वह बाहर हो जाएगा। इंग्लैंड और नामीबिया का मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने पर भी स्कॉटलैंड सुपर 8 में पहुंच जाएगा। ऐसी स्थिति में इंग्लैंड का सफर समाप्त हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही है और उसके लिए चिंता का कोई



विषय नहीं है। नाथन एलिस के टीम में बने रहने की संभावना है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया सुपर 8 की कड़ी चुनौती से पहले अपने प्रमुख तीन गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क में से किसी एक को विश्राम दे सकता है। स्कॉटलैंड के पास ऑस्ट्रेलिया को हराने का यह बेहतरीन मौका है और उसके खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में किसी तरह की चूक नहीं दिखाएंगे। स्कॉटलैंड की टीम इसके साथ ही बारिश की भी दुआ करेगी। स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं लेकिन इंग्लैंड का नेट रन रेट उससे बेहतर है। इस मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6:00 बजे शुरू होगा।

## आयरलैंड पर जीत से सफर का अंत करने उतरेगा पाकिस्तान

**लॉडरहिल (फ्लोरिडा)।** सुपर आठ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करके टी-20 विश्व कप में अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगी। अमेरिका और भारत से हारने के कारण पाकिस्तान ग्रुप ए से सुपर आठ में जगह नहीं बना पाया। उसे अपने प्रदर्शन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है लेकिन इससे पहले उसे आयरलैंड की चुनौती से पार पाना होगा। आयरलैंड ने टी-20 विश्व कप से पहले द्विपक्षीय मैच में पाकिस्तान को बड़े अंतर से हराया था और ऐसे में उनके बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। आयरलैंड ग्रुप में एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है। उसकी निगाह भी जीत के साथ अपने अभियान का अंत करने पर टिकी होगी, लेकिन यह तभी संभव होगा जब मौसम इसकी इजाजत देगा क्योंकि पिछले कुछ दिन से यहां लगातार बारिश हो रही है।

# अमेरिका ने 2026 विश्वकप के लिए किया क्वालीफाई

फ्लोरिडा, एजेंसी

फ्लोरिडा में बारिश के कारण आयरलैंड के साथ अंतिम ग्रुप मैच रद्द होने के बाद सह-मेजबान अमेरिका पहली बार आईसीसी टी-20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता के सुपर 8 के साथ ही 2026 में होने वाले विश्वकप के लिये क्वालीफाई कर गया है।

शुक्रवार रात रद्द किए गए मैच में टीमों ने अंक बांटे, जिससे अमेरिका पाकिस्तान से तीन अंक आगे हो गया है। पाकिस्तान रविवार को फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ अपना अंतिम मुकाबला खेलेगा। कनाडा और पाकिस्तान के खिलाफ जीत अर्जित करने के बाद यूएसए की टीम सुपर 8 चरण में पहुंची है हालांकि सह मेजबान देश दुनिया की



नंबर एक टीम भारत से मामूली अंतर से हार गई। भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने के साथ अगले चरण में भी पहुंच गया है। प्रतियोगिता का सुपर 8 चरण कैरेबियन द्वीप समूह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें यूएसए 19 जून को एंटीगुआ में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। सुपर 8 चरण में पहुंचने के साथ यूएसए की टीम आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए स्वचालित रूप से क्वालीफाई हो जाएगी, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे।

# रूस के 14 और बेलारूस के 11 खिलाड़ियों को दी मंजूरी

- आईओसी ने पेरिस ओलंपिक में कुछ खेलों की पहली सूची में तटस्थ दर्जे के अंतर्गत दी मंजूरी
- यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस पर प्रतिबंध का किया अनुरोध

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने के लिए रूस के 14 और बेलारूस के 11 खिलाड़ियों को कुछ खेलों की पहली सूची में तटस्थ दर्जे के अंतर्गत हिस्सा लेने को मंजूरी दी।

रूस और बेलारूस को यूक्रेन पर हमले के कारण पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धाओं से प्रतिबंधित कर दिया गया है। रूस और बेलारूस के व्यक्तिगत खिलाड़ियों को अन्य खेलों की क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में तटस्थ दर्जे में खेलने की अनुमति दी गई है तथा उन्हें ओलंपिक में खेलने के लिए फिर आवेदन करना होगा। आईओसी ने पहले दौर में पांच खेलों साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन और कुश्ती में खिलाड़ियों पर फैसला किया। अन्य ओलंपिक खेलों के खिलाड़ियों की सूची कुछ दिन के अंदर आने की संभावना है। ताइक्वांडो में किसी भी एथलीट को मंजूरी नहीं दी गई। यूक्रेन के खिलाड़ियों और अधिकारियों ने आईओसी से रूस के सभी खिलाड़ियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया था। ट्रैक और फील्ड में ऐसा हो चुका है। इन दोनों देशों के खिलाड़ियों के तटस्थ दर्जे के अंतर्गत खेलने पर फैसला दो चरण में होगा।

## खेल डायरी

### पूर्व खेल संवाददाता हरपाल सिंह बेदी का निधन



**नई दिल्ली।** जाने-माने खेल पत्रकार एवं समाचार एजेंसी यूएनआई के पूर्व खेल संवाददाता हरपाल सिंह बेदी का शनिवार को 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके परिवार में पत्नी रेवती और पुत्री पल्लवी हैं। बेदी ने यूएनआई में तीन दशक के अपने लंबे करियर के दौरान कई ओलंपिक, कॉमन वेल्थ और एशियाई खेलों को कवर किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने हरपाल बेदी के साथ अपनी जेएनयू के दिनों की एक पुरानी तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। बेदी ने यूएनआई से सेवानिवृत्त के बाद विभिन्न टेलीविजन चैनलों पर खेल की चर्चाओं में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

### गौरिका ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर का खिताब जीता

**मैसुरु।** भारतीय गोल्फर गौरिका बिश्नोई ने शनिवार को तीसरे और अंतिम दौर के अंतिम तीन होल में बर्डी की हैट्रिक लगाकर हफ्ते के सर्वश्रेष्ठ चार अंडर 66 के कार्ड से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्लयूपीजीटी) के सातवें चरण का खिताब जीत लिया। गौरिका दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रही थीं। उन्होंने कुल एक अंडर 209 का स्कोर बनाया जबकि बीती रात शीर्ष पर रहने वाली खुशी खानिजाऊ (71) दबाव में आ गईं। खुशी ने कुल दो ओवर 212 का स्कोर बनाया जिससे वह उपविजेता रहीं। गौरिका की 2024 सत्र में यह पहली जीत है। उन्होंने पिछले साल दो जीत दर्ज की थीं।

### दीक्षा इटालियन ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

**रोम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटालियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद दीक्षा ऑस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडगेली, स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी से एक शॉट पीछे हैं। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा। दीक्षा के बाद वाणी कपूर (72) का नंबर आता है जो संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। उनके अलावा प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें और रिधिमा दिलावरी (75) संयुक्त 76वें स्थान पर हैं।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों के वेतन में हो सकती है कटौती

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अपनी टीम के टी-20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करके खिलाड़ियों के वेतन में कटौती कर सकता है। पाकिस्तान को विश्व कप में अमेरिका और भारत से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह टूर्नामेंट के सुपर 8 में जगह नहीं बना पाया। बोर्ड के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि कुछ अधिकारियों और पूर्व खिलाड़ियों ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करने की सलाह दी है। पीसीबी अध्यक्ष अगर टीम के खराब प्रदर्शन पर कड़ा रवैया अपनाते हैं तो खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा की जा सकती है और उनके वेतन में कटौती हो सकती है।

### भारतीय टीम ने क्वालीफायर में हासिल की शीर्ष वरीयता

**अंताल्या (तुर्की)।** तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम ने आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त कर 24 टीमों के साथ एलिमिनेशन दौर में प्रवेश किया। भारतीय तिकड़ी कुल 2018 अंक हासिल कर तालिका में चीनी ताइपे (2008) और जर्मनी (1998) से आगे रही। इस स्पर्धा में 46 टीमों ने प्रतिस्पर्धा की थी जिससे शीर्ष 24 ने एलिमिनेशन दौर में जगह पक्की की। एलिमिनेशन दौर अंतिम-32 ड्रॉ की तरह खेला जाएगा। शीर्ष पर रहने के कारण भारत को अंतिम-16 में बाई मिल गई, जहां उसका सामना 17वीं वरीयता प्राप्त लक्जमबर्ग से होगा। एलिमिनेशन राउंड में शीर्ष तीन रैंक वाले देशों को पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान मिलेगा। भारत अगर शीर्ष तीन में रहता है तो उसका व्यक्तिगत कोटा टीम कोटा में अपग्रेड कर दिया जाएगा। धीरज ने पहले व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में निचली रैंकिंग वाले यूक्रेन से 3-5 से हार के बाद कोटा हासिल करने में असफल रही।

# नेपाल के हाथों हार से बाल-बाल बचा द. अफ्रीका

## चार अहम विकेट लेकर शम्सी बने जीत के हीरो, महज 1 रन से जीता मुकाबला

किंग्सटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्वकप का एक और उलटफेर शनिवार को होते-होते बचा जब नेपाल ने पूरे मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखने के बावजूद आखिरी गेंद पर अनुभवी दक्षिण अफ्रीका के सामने हथियार डाल दिए। ऑर्नोस वेल ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका



जीत के बाद एक-दूसरे को बधाई देते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी।



तबरेज शम्सी

ने पहले खेलते हुए सात विकेट पर 115 रन बनाए जिसके जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर के खेल में सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी।

कुशल भुर्तेल (19 रन पर चार विकेट) और दीपेन्द्र सिंह एरी (21 रन पर तीन विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत नेपाल ने दक्षिण अफ्रीका को महज 115 रन पर रोक दिया था और बाद में आसिफ शेख (42) और अनिल साह (24) ने लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए 18वें ओवर में चार विकेट के नुकसान पर स्कोरबोर्ड पर 99 रन टांग कर जीत की संभावनाओं को प्रबल कर दिया था मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के अनुभव और तबरेज शम्सी की घूमती हुई गेंदों के आगे नेपाल की टीम बुरी तरह लडखड़ा गई और उनके आखिरी के तीन ओवर में उन्होने तीन विकेट खोकर महज 15 रन का इजाफा किया और हार के साथ संतोष कर लिया। तबरेज शम्सी ने टीम की इस जीत में अहम भूमिका निभाते हुए, चार महत्वपूर्ण विकेट झटके। एक समय नेपाल को सिर्फ 18 गेंदों में 18 रनों की जरूरत थी, तब शम्सी ने अपने स्पेल की आखिरी ओवर में सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके।

116 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, नेपाल की टीम का काफी सहज तरीके से बल्लेबाजी कर रही थी। पहले स्पेल में दो विकेट झटकने वाले शम्सी को बाकी के गेंदबाजों का साथ नहीं मिला लेकिन दूसरे प्रयास में वह सफल हो गए। 18वें ओवर की शुरुआत से पहले नेपाल ने सिर्फ तीन विकेट गंवाए थे और उनकी टीम 100 रन के करीब थी लेकिन शम्सी ने अपनी स्पिन लेती गेंदबाजी से बल्लेबाजों को चारो खाने चित कर दिया और सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके। मैच के आखिरी ओवर में भी नेपाल के पास मैच को ड्रॉ करने का मौका था। एक गेंद में दो रनों की जरूरत थी और एक रन लेने के प्रयास में नॉन स्ट्राइकर एंड पर गुलशन झा ने बहुत बड़ी गलती कर दी। वह क्रीज में लगभग पहुंच चुके थे लेकिन अतिआश्वस्त होने के कारण वह रन आउट हो गए।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका:** 115/7, 20 ओवर। रीजा हैनड्रिक्स 43, डिकॉक 10, स्टब्स 27। **विकेट:** दीपेंद्र 4, कुशल 4।

**नेपाल:** 114/7, 20 ओवर। कुशल भूर्तेल 13, आसिफ 42, अनिल 27, दीपेंद्र सिंह 6। **विकेट:** तबरेज शम्सी 4, मारक्रम 1।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -1.712 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 1 | 3 | 3.081 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -2.098 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.241 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -0.886 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.293 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

# जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 नाम घोषित

बेंगलुरु, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में 16 जून से शुरू होने वाले आगामी जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 40-खिलाड़ियों के संभावित समूह की घोषणा की। यह शिविर भारतीय जूनियर टीम के यूरोपीय दौरे के बाद आयोजित किया जा रहा है। जूनियर टीम ने 20 से 29 मई तक बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ पांच मैच खेले हैं।

इस दौरान, भारत ने अपने पहले गेम में बेल्जियम के खिलाफ 2-2 (4-2) से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे मैच में उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-3 से हार गया। उन्हें ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग के खिलाफ 5-4 की करीबी



हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के खिलाफ, भारत पहले गेम में 2-3 से हार गया था लेकिन रिटर्न मैच में 1-1 (3-1) से जीत हासिल की। शिविर कोच जनार्दन सीबी के नेतृत्व में और हॉकी इंडिया के उच्च प्रदर्शन निदेशक हरमन क्रूज की देखरेख में, 63 दिनों तक चलेगा, जो 18 अगस्त को समाप्त होगा। समूह में पांच गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह, आदर्श जी, अश्विनी यादव, और अली खान किए गए हैं जबकि फॉरवर्ड में मोहित कर्मा, मोहम्मद. जैद खान, मो. कोनैन दाद, सौरभ आनंद कुशवाह आदि शामिल हैं।

# अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब टी-20 विश्व कप से बाहर

**ग्रॉस आइलेट।** अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान उंगली की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई को टीम में शामिल किया है।

23 वर्षीय मुजीब अफगानिस्तान की तरफ से टूर्नामेंट में केवल एक मैच खेल पाए थे। वह युगांडा के खिलाफ पहले मैच में खेलने के बाद अगले दो मैच में नहीं खेले थे। आईसीसी ने कहा टी-20 विश्व कप की टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने मुजीब उर रहमान की जगह हजरतुल्लाह जजई को अफगानिस्तान की टीम ने रखने की मंजूरी दे दी है। अफगानिस्तान पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है। वह ग्रुप चरण का अपना अंतिम मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा।

# द. अफ्रीका के खिलाफ भारतीय महिला टीम की कोशिश लय बरकरार रखने पर

बेंगलुरु, एजेंसी

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमें रविवार को यहां जब पहले एकदिवसीय के साथ तीन सप्ताह तक चलने वाली सभी प्रारूपों की श्रृंखला शुरू करेंगी तो उनकी कोशिश अक्टूबर में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। टी-20 विश्व कप का आयोजन बांग्लादेश में होगा। टी-20 विश्व कप के वर्ष में 50 ओवर के मैच थोड़े असंगत लग सकते हैं, लेकिन यह लय हासिल करने के दृष्टिकोण से दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर वनडे और टी-20 श्रृंखला हार गई थी, लेकिन



- महिला टी-20 विश्वकप की तैयारियों को पूर्ण करने उतरेंगी टीमें सभी प्रारूपों के होंगे मुकाबले

उसने जोरदार वापसी करते हुए हाल ही में बांग्लादेश को उसके घरेलू मैदान पर टी-20 श्रृंखला में 5-0 से शिकस्त दी। टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस लय को बरकरार रखना चहेगी। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि टीम ने अच्छी तैयारी की है और जीत के लिए जोर लगाएगी। मजूमदार ने कहा हमारी पिछले आठ हफ्तों में अच्छी तैयारी रही। हम बांग्लादेश गये और श्रृंखला 5-0 से जीते। हमने उसी मैदान पर अभ्यास किया जहां हम विश्व कप में खेलेंगे। इसलिये हमारी तैयारी अच्छी रही। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच, छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पूरी तरह से बल्लेबाजी के लिए माकूल होगी। खिलाड़ी कुछ बड़े स्कोर के साथ आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगे। यह मुकाबला मैच भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे से होगा।

# जर्मनी ने स्कॉटलैंड को हराकर की शुरुआत

म्यूनिख, एजेंसी

फ्लोरियन विट्र्ज और जमाल मुसियाला के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5-1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में अभियान की शानदार शुरुआत की।

विट्र्ज़ ने दसवें मिनट में जर्मनी के लिए पहला गोल किया जबकि मुसियाला ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। काई हैवर्ट ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर मध्यांतर तक जर्मनी को 3-0 से आगे कर दिया। जर्मनी को डिफेंडर रयान पोर्टियस की गलती के कारण यह पेनल्टी मिली थी, जिन्हें रेफरी ने लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया था। इस कारण स्कॉटलैंड को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। मध्यांतर के बाद सब्सटीट्यूट निकोलस फुलक्रग ने 68वें मिनट और एमरे कैन



ने इंजरी टाइम में गोल करके जर्मनी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड एंटोनियो रोडिगर के 87वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से खाता खोल पाया। जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने मैच के बाद कहा हम वास्तव में इसी तरह की शुरुआत चाहते थे। मैं मैच से पहले भी जीत के प्रति अश्वस्त था। हमें दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और हमने वैसा प्रदर्शन किया जैसा हम चाहते थे।

## मेस्सी के दो गोल से अर्जेंटीना ने ग्वाटेमाला को हराया

**लैंडओवर (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने नवंबर के बाद अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में दो गोल करने के साथ एक में सहायक की भूमिका निभाई जिससे अर्जेंटीना ने 2024 कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के अभ्यास मैच में ग्वाटेमाला को 4-1 से हराया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर रहे। जिससे गुरुवार को ग्रुप चरण में कनाडा के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने से पहले अर्जेंटीना के हौसले बुलंद होंगे। विश्व और कोपा अमेरिका के मौजूदा चैंपियन के लिए लुटारो मार्टिनेज ने दो अन्य गोल किए। ग्वाटेमाला को मैच के चौथे मिनट में लिसेंड्रो मार्टिनेज के आत्मघाती गोल से बढ़त मिल गयी थी लेकिन इसके आठ मिनट बाद ही मेस्सी ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। उन्होंने मैच के 77वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया।

# न्यूजीलैंड ने युगांडा को नौ विकेट से रौंदा

त्रिनिदाद, एजेंसी

टी-20 विश्वकप से बाहर हो चुकी न्यूजीलैंड ने युगांडा को मात्र 40 रनो पर समेट दिया और जीत के लक्ष्य को 5.2 ओवर में हासिल कर लिया।

तारोबा के ब्रायन लारा स्टेडियम पर टिम साउदी ने चार ओवर के स्पेल में मात्र चार रन खर्च कर तीन विकेट झटके जबकि ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सेंटनर और रचिन रविन्द्र ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। युगांडा की ओर से कैनेथ वैसवा (11) दहाई अंको तक पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। युगांडा की इस मैच में एकमात्र उपलब्धि यह रही कि उन्होने 18.4 ओवर तक कीवी गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया जबकि बाद में बल्लेबाजी करने



जीत के बाद युगांडा की टीम का अभिवादन करते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी।

आयी न्यूजीलैंड का एक बल्लेबाज भी आउट करने में सफलता हासिल की। युगांडा ने न्यूजीलैंड की टीम को पूरे मैच में 39 गेंद फेंकी जिसमें छह वाइड बाल और एक नो बाल रहीं। इस तरह न्यूजीलैंड यह मैच 5.2 ओवर में ही जीत सका। डेविड कान्वे 22 रन बना कर नाबाद लौटे। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की पीएनजी पर जीत के साथ न्यूजीलैंड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं।

## यह मेरा आखिरी टी-20 विश्व कप : बोल्ट

**तारोबा (त्रिनिदाद)।** न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनका आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट होगा। बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूजीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप, एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से चार टी20 विश्व कप में भाग लिया है। बोल्ट ने युगांडा पर न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद कहा मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी-20 विश्व कप होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

**आज का मौसम**

आसमान में तेज धूप रहेगी।

45.2⁰ अधिकतम तापमान | 32.0⁰ न्यूनतम तापमान

**एक नजर**

### मुख्यालय जाने वाले पचपेड़ी घाट रास्ते की सेवाएं बंद

**निघासन-खीरी। अमृत विचार :** करीब 8 महीने बाद निघासन क्षेत्र के लोगों को शॉर्टकट रास्ते से होकर लखीमपुर मुख्यालय पहुंचाने वाला पचपेड़ी घाट मार्ग शनिवार को बंद कर दिया गया। यह मार्ग 15 नवंबर से 15 जून तक पैंटून पुल बनाकर लोगों के लिए खुलता है। हालांकि इस बार ठेका न होने के चलते पैंटून पुल को खोलकर नवंबर माह में दोबारा संचालित किया जाएगा।

### आठ घंटे में दो मौतों से दहला क्षेत्र

**कुकरा। अमृत विचार :** शुक्रवार का दिन क्षेत्र के लोगों के लिए मनहूस साबित हुआ। दोपहर में कार की टक्कर से ई रिक्शा और बाइक सवार लोगों के घायल होने पर नीलम की मौत हो गई थी। शाम तक लोग इस घटना की चर्चा करते रहे, जबकि रात में खबर मिली कि इसी मार्ग पर पहाड़पुर के ग्राम प्रधान गुरलाल सिंह की मौत हो गई है। इससे क्षेत्र के लोग दहल उठे।

### गृह कलह से तंग आकर किशोरी ने की आत्महत्या

**बांकेगंज। अमृत विचार।** थाना मैलानी के नयागांव निवासी एक किशोरी ने गृहकलह से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दे दी है। थाना मैलानी के नयागांव निवास साक्षी (16) ने गृहकलह से तंग आकर कमरे में लगे छत के कुंडे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। साक्षी की मां की मौत 15 वर्ष पूर्व हो चुकी है, उसके पिता संतोष कुमर बाहर रहकर ड्राइवरी करते हैं। साक्षी अपने भाई और बहन के साथ दादी के पास रहती थी। ग्रामीणों का कहना है कि साक्षी की दादी आए दिन उसे मारपीट कर प्रताड़ित करती और भूखा भी रखती थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव सीलकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना के बाद साक्षी की दादी मौके से फरार बताई जाती है।

# मोहम्मदी बस स्टेशन से गायब हुई निगम की बस, सोते रहे जिम्मेदार

संवाददाता, मोहम्मदी/लखीमपुर खीरी



मोहम्मदी कस्बा स्थित रोडवेज बस स्टेशन।

**अमृत विचारः** रोडवेज बस स्टेशन मोहम्मदी से शुक्रवार रात परिवहन निगम की बस गायब हो गई। इसकी जानकारी न तो चालक परिचालक को लगी और न ही ड्यूटी पर तैनात गार्ड को। मोहम्मदी से गायब हुई बस शाहजहांपुर डिपो के वर्कशॉप के सामने खड़ी होने की जानकारी मिलने पर एआरएम से लेकर गोला और मोहम्मदी बस स्टेशन के प्रभारियों ने राहत की सांस ली है। उधर, बस गायब होने के मामले में चालक परिचालक से लेकर ड्यूटी पर तैनात गार्ड की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। बताया जाता है कि बस के संविदा चालक और परिचालक का घर मोहम्मदी में है। रात में मोहम्मदी बस स्टेशन पर बस खड़ी कर दोनों घर चले गए और गार्ड भी सोता रहा।

गोला डिपो की बस संख्या यूपी 30 टी 9989 मोहम्मदी से पसगवां के रास्ते लखनऊ जाती है। यह बस गोला से देर शाम चलकर रात करीब 09:30 बजे मोहम्मदी बस स्टेशन पहुंचती है। रातभर बस अड्डे पर रुककर अगले दिन सुबह 06:30 बजे लखनऊ जाती है। रोजाना की भांति शुक्रवार को भी बस रात अपने निर्धारित समय पर मोहम्मदी स्टेशन पहुंची। मगर, आधी रात के बाद बस मोहम्मदी बस स्टेशन से गायब हो गई। जानकारी सुबह करीब छह बजे बस अड्डे पर पहुंचे संविदा चालक अमित कुमार सिंह और परिचालक आरिफ खां को बस अड्डा पहुंचने पर हुई। बस को स्टेशन पर खड़ी न पाकर दोनों सकते में आ गए। चालक ने इसकी सूचना गोला डिपो के केंद्र प्रभारी कमलेश वर्मा को दी। बस स्टेशन से निगम की बस गायब होने की खबर से जिम्मेदारों के होश उड़ गए। मोहम्मदी बस अड्डा प्रभारी मुख्तार अहमद ने मौके पर पहुंचकर मामले से अधिकारियों से लेकर पुलिस को अवगत कराया। हैरानी की बात यह है कि चौकीदार रामासरे भी यह नहीं बता पाए कि बस किस समय रोडवेज बस स्टेशन से निकली। कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो आधी रात के बाद शाहजहांपुर की ओर जाती बस दिखी, जिसके आधार पर बस की बरामदगी हो गई और स्टेशन प्रभारी मोहम्मदी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी।

### गार्ड की मौजूदगी में गायब हो गई बस

मोहम्मदी स्टेशन प्रभारी ने मुताबिक उनकी ड्यूटी सुबह आठ से शाम पांच बजे तक की है। शाम चार बजे से रात 12 बजे तक एक गार्ड और रात 12 बजे से सुबह आठ बजे एक गार्ड की ड्यूटी रहती है। रात 12 वाली शिफ्ट में रामासरे की ड्यूटी थी। ड्यूटी के दौरान बस को स्टार्ट कर एक युवक बस अड्डे से लेकर चला गया और गार्ड को इसकी भनक तक नहीं लगी। ऐसे में गार्ड की बस बड्डे पर मौजूदगी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

> गोला डिपो की एक बस मोहम्मदी में नाइट कर अगली सुबह लखनऊ जाती है। मगर, शुक्रवार आधी रात के बाद बस मोहम्मदी बस स्टेशन से गायब होकर शाहजहांपुर पहुंच गई। इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई है। इसकी विभागीय जांच भी कराई जाएगी। इसमें जो भी दोषी मिलेगा उस पर कार्रवाई होगी।
>
> -महेश चंद्र कमल, एआरएम गोला डिपो

### गले नहीं उतर रही स्टेशन इंचार्ज की कहानी

मोहम्मदी बस स्टेशन इंचार्ज मुख्तार अहमद ने बताया कि चालक अमित कुमार सिंह बस में नहीं बस स्टेशन पर सो रहा था और गार्ड भी ड्यूटी पर था। मगर, उनकी यह कहानी गले नहीं उतर रही हैं। विभागीय लोगों की माने तो निगम की बसें काफी पुरानी है। स्टार्ट करने पर इतनी आवाज करती हैं कि आस पास सोने वालों की नीदं खुल जाए। ऐसे में बस का स्टेशन से चला जाना और वहां पर सो रहे चालक को इसकी जानकारी न लगना लोगों के गले नहीं उतर रहा है।

### नहीं पहुंचे जिम्मेदार

निगम की बस गायब होने की सूचना मिलने के बाद भी गोला एआरएम ने मौके पर जाना जरूरी नहीं समझा। जबकि शाहजहांपुर से एक परिचालक ने गोला डिपो की बस का शाहजहांपुर रोडवेज वर्कशाप के सामने खड़े होने की सूचना शनिवार की सुबह चार बजे ही दे दी थी। इसके बाद भी वह मौके पर नहीं पहुंचे।

### रात में चेकिंग के दावे की खुली पोल

परिवहन निगम की ओर से दिन से लेकर रात में बसों की चेकिंग करने के निर्देश हैं। मगर, शुक्रवार आधी रात के बाद मोहम्मदी से गायब गोला डिपो की बस शाहजहांपुर में रोडवेज बस अड्डे तक पहुंच गई और इस पर किसी की नजर तक नहीं पड़ी। इससे रात में चेकिंग के दावों की पोल भी खुल गई है।

# युवती की मौत पर फूलबेहड़ में जमकर हंगामा

## सड़क जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजनों ने रोका अंतिम संस्कार, पुलिस बल तैनात

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



परिवार वालों को समझाती बुझाती पुलिस। अमृत विचार



मृतक युवती के घर पर तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना व कस्बा फूलबेहड़ निवासी 18 वर्षीय गौरी की मौत के मामले में पुलिस की लापरवाही उस पर भारी पड़ गई। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार रोक दिया। उनका कहना था कि जब तक पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती। वह शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। हिंदू संगठनों के लोग भी मृतका के घर पहुंच गए। भारी पुलिस बल तैनात कर मृतका के घर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। सुबह पहुंचे अफसरों ने करीब पांच घंटे तक मान मनौव्वल की और 24 घंटे का समय मांगा। तब जाकर परिजन माने और शव को दफन किया।

कस्बा निवासी गुड्डु रस्तोगी की 18 वर्षीय पुत्री गौरी की गुरुवार की रात संदिग्ध हालत में जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप था कि युवती के चाचा राजेश ने शातिर अपराधी नरहर निवासी कमाल और अपने परिवार के अन्य तीन लोगों के साथ मिलकर उसकी बेटी की पिटाई की थी। इससे उसकी हालत बिगड़ गई और जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई करने के बजाय शुक्रवार को तहरीर बदलने का दबाव बनाने लगी। इससे भड़के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ थाने के सामने रोड जाम कर प्रदर्शन किया था। शुक्रवार की शाम परिवार वालों ने अंतिम संस्कार रोक दिया। उनका कहना था कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं हो जाती। तब तक वह शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। सीओ धौरहरा पीपी सिंह ने परिवार वालों को समझाने की कोशिश की। पांच घंटे तक चले मान मनौव्वल के बाद सुबह 11 बजे परिजन माने और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बवाल की आशंका को देखते हुए मृतका के घर पर भारी पुलिस बल तैनात कर छावनी में तब्दील कर दिया गया। गांव और बाहरी लोगों को पुलिस घर तक नहीं जाने दे रही थी। मीडिया के प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई है। इस दौरान एडिशनल एसपी पश्चिमी नैपाल सिंह थाना ईसानगर, धौरहरा, खमरिया, फरधान, शारदानगर के साथ कस्बे और चौराहों पर तैनात रही।

**गौरी की मौत का मामला**

- हिंदू संगठनों के लोग मौके पर पहुंचे, प्रशासन के फूले हाथ पांव

> परिवार के लोग गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। उन्हें समझा बुझाकर शांत करा दिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। टीमें संभावित स्थानों पर छापामारी कर रही हैं। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।
>
> -पीपी सिंह, सीओ धौरहरा

### धक्का मारने के बाद चलती है फूलबेहड़ पुलिस की जीप, वीडियो वायरल




थाना फूलबेहड़ की पुलिस जीप में धक्का लगाते बच्चे।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ की पुलिस जीप के हालात भी काफी खराब हैं। यह जीप धक्का मारने के बाद ही चलती है। जब भी पुलिसकर्मियों को कहीं आने-जाने के लिए जीप की जरूरत पड़ती है तो उसे धक्का लगाकर स्टार्ट करना पड़ता है। ऐसा ही शनिवार को देखने को मिला। अंतिम संस्कार में जाने के लिए पुलिस बच्चों से धक्का मारकर जीप को स्टार्ट कराने की कोशिश कर रही हैं। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। शनिवार को फूलबेहड़ में गौरी (19) की मौत को लेकर हंगामा हो रहा था। परिजन गिरफ्तारी की मांग को लेकर उसका अंतिम संस्कार नहीं कर रहे थे। कई थानों की पुलिस के साथ थाना फूलबेहड़ की पुलिस भी सरकारी जीप के साथ मुस्तैद थी। उसी वक्त जीप खराब हो गई। फिर पुलिस ने बच्चों से सरकारी गाड़ी में धक्का लगवाया। बच्चों का धक्का मारकर जीप स्टार्ट कराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया कि तकनीकी खराबी आने से आज ही ऐसी दिक्कत हुई है।

**सार-संक्षेप**

### प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका ने किया हंगामा

**संवाददाता, निघासन-खीरी। अमृत विचार :** इंस्टाग्राम से कानपुर की एक युवती का निघासन के एक युवक से प्यार हो गया। प्यार इतना परवान चढ़ा कि युवती ने प्रेमी के घर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। बाद में कानपुर से आई पुलिस ने प्रेमी के भाई को साथ लेकर वापस लौट गई है। उधर, प्रेमी के घर वालों ने बताया कि युवती उनके परिवार वालों को ब्लैक मेल करने के लिए षड्यंत्र रच रही है। कानपुर के अकबरपुर थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि करीब एक साल पहले निघासन निवासी एक युवक से उसका प्रेम हो गया। आरोप है कि कई बार वह लोग आपस में मिले भी। शुक्रवार शाम वह प्रेमी के घर जा पहुंची। करीब चार घंटे तक हंगामा करने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस उसे थाने लेकर चली आई। शनिवार को थाने पहुंची कानपुर के थाना अकबरपुर की पुलिस आरोपी के न मिलने पर उसके भाई को साथ लेकर चली गई। सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि मामला अकबरपुर का था, इसलिए पुलिस उसे साथ ले गई है।

### सड़क किनारे लगवाई होर्डिंग, एडीएम से की शिकायत

**संवाददाता, निघासन-खीरी। अमृत विचार :** कस्बे के मैन चौराहे पर सड़क किनारे नगर पंचायत के चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य के पुत्र पर जबरन फ्लेक्स लगाए जाने का मामला सम्पूर्ण समाधान दिवस तक पहुंच गया है। नगर पंचायत के मोहल्ला शिवपुरी निवासी राजेश कुमार कनौजिया ने एडीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि चेयरमैन बद्री प्रसाद की शह पर उनके पुत्र विनोद कुमार व विपिन मौर्य ने अपने सात-आठ साथियों सहित एक फ्लेक्स कस्बे के मैन चौराहे पर सड़क किनारे लगाया है। आरोप है कि अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन सही से न करके बल्कि दबंगई कर जबरन फ्लेक्स लगाया गया है। निर्वाचन के समय चेयरमैन द्वारा दिये गए शपथपत्र का भी उल्लंघन किया गया है। फ्लेक्स किसी भी समय गिर सकता है जिससे जान माल खतरा बना हुआ है। वही शिकायत पर एडीएम संजय कुमार सिंह ने ईओ दिनेश कुमार शुक्ल व एसओ एसके मिश्रा को मामले की जांच के आदेश दिए हैं और रिपोर्ट तलब की है।

### अंधता मुक्त घोषित हुआ गांव फूलबेहड़

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** गाांव फूलबेहड़ को फरधान सीएचसी अधीक्षक अमित बाजपेयी ने निवारणीय अंधता मुक्त ग्राम घोषित किया है। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा अंधता मुक्त ग्राम की जो मुहिम चलाई जा रही है। वह बहुत प्रशंसनीय है, जिसका श्रेय जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को जाता है। सीएचसी में जिसका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वह बनवा सकता है। फरधान के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विनीत अवस्थी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड के साथ नेत्र स्वास्थ्य की बहुत सारी बीमारी का इलाज सम्भव है। हास्पिटल के सहयोगी अशोक सक्सेना ने कहा कि कोई भी आंखों में होने वाली किसी भी समस्या है। वह संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकता है। दिल्ली के शायामंता विजय ने कहा कि संस्था का संकल्प अंधता मुक्त ग्राम के सपने को साकार करना है। अनिल ठाकुर ने बताया कि फूलबेहड़ में 492 लोगों मे से 19 सर्जरी और 67 चश्मे के साथ नेत्र स्वास्थ पर संवेदित किया गया है। कार्यक्रम में मोहम्मद जावेद, जन्मेजय अवस्थी, वरिष्ठ समन्वयक समीर अली, दिलीप वर्मा, संदीप, पवन, जमुनादीन आदि रहे।

### मैलानी में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**संवाददाता, मैलानी। अमृत विचार :** शनिवार को मैलानी के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से आयी टीमों ने क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू किया गया है। जिसका उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, भवानी शंकर माहेश्वरी तथा भाजपा नेत्री गुरमीत कौर ने फीता काटकर किया। पंचायत अध्यक्ष ने भी वैटिंग कर खेल का शुभारंभ कर खेलने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### रासलीला में किया तुलसी शालिग्राम के विवाह का मंचन



रासलीला देखने के लिए मौजूद दर्शक। अमृत विचार

**संवाददाता, अलीगंज-खीरी। अमृत विचार :** हनुमान मंदिर पर हो रहें सात दिवसीय मेला में दिन में रामलीला और रात में रासलीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। मेले में पांचवें दिन पर मथुरा की श्री अश्वत्थामा राधारानी रामलीला व रासलीला भक्त चरित्र मंडल के कलाकारों ने तुलसी शालिग्राम विवाह, काली नागनाथ व तड़का वध और विश्वामित्र आगमन का मंचन किया, जिसे देखकर दर्शक जय श्रीराम व जय बजरंगबली के जयकारे लगाते रहे। मेले की व्यवस्था में बजरंग सेवा समिति के विनीत पांडे, चेतराम राठौर, रामकुमार राठौर, रवि पांडे, उत्तम तिवारी, एके मिश्रा, बब्बू भारती, पप्पू राठौर, रविंद्र राठौर, रामसिंह, प्रवीण गिरि, रिंकू तिवारी, मंसाराम राठौर विपुल शुक्ला आदि लगे रहे।

### कानपुर यूनिवर्सिटी के 51 छात्रों को मिले स्मार्ट फोन



वाईडी कॉलेज में स्मार्ट फोन पर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** युवराज दत्त महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत कानपुर विश्वविद्यालय के 51 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस मौके पर प्राचार्य ने छात्रों को योगाभ्यास करने की शपथ दिलाई। प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने कहा कि आने वाले युग में तकनीक का कुशल प्रयोग करने से ही प्रगति संभव होगी। इसके लिए स्मार्ट फोन बेहतर विकल्प साबित होगा। उन्होंने छात्रों को फोन का सकारात्मक उपयोग करते हुए कामयाबी की ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ विद्यार्थियों को निरोगी रहने के लिए नियमित रूप से योगाभ्यास करने की शपथ दिलाई। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इष्ट विभु, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद नजीफ, धर्म नारायण, दीपक कुमार बाजपेई एवं प्रोफेसर नीलम त्रिवेदी मौजूद रही।

### हैदराबाद व नीमगांव पुलिस ने गावों में की पैदल गश्त

**संवाददाता, बिलहरी। अमृत विचार :** सीओ गोला अजेंद्र यादव, हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक दीपक तिवारी ने कसबा ममरी और नीमगांव थाना प्रभारी सुनीता कुशवाहा ने ममरी, रोशननगर, कोटवारा, भल्लिया बुजुर्ग, अजान, अल्लीपुर, बिलहरी, पकरिया, रायपुर घुंसी, सेहरूआ सहित कई गांवां में भ्रमण कर त्योहार को सकुशल मनाने की लोगो से अपील की है। सहित दर्जनों गांवों में पैदल गस्त कर आम जनमानस से सकुशल आगामी त्योहारों को मनाने की अपील की।

# शिक्षक के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- परिवार समेत पूर्णागिरि गया था शिक्षक, वापस आया परिवार तो हुई जानकारी

**अमृत विचारः** पुलिस से बेखौफ चोरों ने शहर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी एक शिक्षक के घर का ताला तोड़ दिया और नकदी-जेवर समेत करीब पांच लाख रुपये का सामान बटोर ले गए। मां पूर्णागिरि के दर्शन कर जब शिक्षक परिवार समेत वापस लौटे तो घटना की जानकारी हुई। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

मोहल्ला पटेलनगर निवासी अध्यापक अशोक मौर्य दो दिन पहले मां पूर्णागिरि के दर्शन कर परिवार के साथ गए थे। इसी बीच चोरों ने उनके मकान को निशाना बना लिया। ताले तोड़कर घर में घुसे चोरों ने सभी कमरों के ताले तोड़ दिए। शनिवार की सुबह जब अध्यापक मां पूर्णागिरि के दर्शन कर घर वापस आए तो मुख्य गेट पर पड़ा ताला टूटा और गेट खुला मिला। आशंकित होकर वह घर के अंदर गए तो उनके होश उड़ गए। सभी कमरों के ताले टूटे पड़े थे। वहां रखा एक-एक सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। अलमारियों के लाकर्स टूटे और खुले पड़े थे। चोरी की सूचना से मोहल्ले में सनसनी फेल गई। बड़ी संख्या में आसपास के लोग आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची एलआरपी चौकी पुलिस ने मौका मुआयना किया। शिक्षक ने बताया कि चोर नगदी समेत करीब पांच लाख रुपये के जेवर बटोर ले गए हैं। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने जांच करने की बात कहते हुए रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि चोरी हुई है। जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खंभे से टकराई कार, प्रधान की मौत

## छुट्टा पशु को बचाने के प्रयास में हुआ हादसा, घायलों की हालत गंभीर, लखनऊ रेफर

संवाददाता, कुकरा



गुरलाल सिंह। (फाइल फोटो)



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार



पहाड़पुर में रोती बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बांकेगंज कुकरा मार्ग पर लोहिया पुल के पास छुट्टा पशु को बचाने के प्रयास में पहाड़पुर के प्रधान गुरलाल सिंह की कार सड़क के किनारे खड़े बिजली के खंभे से टकरा गई, जिसमें कार चला रहे ग्राम प्रधान और पीछे बैठे दो साथी गंभीर घायल हो गए। ग्राम प्रधान को गोला में प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ले जाया जा रहा था, जिन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। दोनों गंभीर घायलों को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। ग्राम प्रधान की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

मैलानी थाना की कुकरा पुलिस चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत पहाड़पुर के ग्राम प्रधान गुरलाल सिंह (27) शुक्रवार की रात नौ बजे अपने साथी लवप्रीत सिंह (22) पुत्र गुरपेज सिंह निवासी चौधरी फार्म और लवी सिंह उर्फ नवजोत सिंह (21)पुत्र राजेंद्र सिंह के साथ अपनी फॉर्च्यूनर कार यूपी 31 बीआर/7007 पर गोला से अपने फार्म हाउस पहाड़पुर के लिए रात नौ बजे लौट रहे थे। बताया जाता है कि कुकरा बांकेगंज रोड लोहिया पुल के निकट सड़क पर छुट्टा पशु के आ जाने पर उसे बचाने के प्रयास में कार सड़क के किनारे खड़े बिजली के खंभे से जा टकराई। घटना से कार क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों लोग गंभीर घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को गोला के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर प्रधान को डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया। परिवार वाले उन्हें लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में उनकी मौत होा लगई। जबकि लवप्रीत सिंह, लवी सिंह को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुरलाल सिंह अपने परिवार में इकलौते भाई थे। उनके पिता अवतार सिंह, माता बलजिंदर कौर, पत्नी गगनदीप कौर और चार वर्षीय पुत्र मेहताब सिंह का रो-रोकर हाल बेहाल है। प्रधान के घर पर देखने वालों का तांता लगा रहा। मुखाग्नि उनके पिता अवतार सिंह ने दी। उनके अंतिम संस्कार में प्रधान संघ के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, कुलवंत सिंह चीमा, फुरकाउद्दीन उर्फ सिमी, गुरमीत सिंह, जितेंद्र सिंह फौजी, साहब सिंह, गुरुदमन सिंह, जसवीर सिंह, राजवीर सिंह, सेक्रेटरी अशोक कुमार राणा, जिला अध्यक्ष बलकार सिंह, सोनू सिंह सहित क्षेत्र के तमाम प्रधान और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी की मौजूदगी में आईं 41 शिकायतें, 7 का निस्तारण

- संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



तहसील मितौली में समस्याओं को निस्तारण करते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह।

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद पहले संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ तहसील मितौली के सभागार में समस्याओं को सुना। इस दौरान 41 शिकायतें आईं, जिसमें से सात का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों का तत्परता से निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान विधायक कस्ता सौरभ सिंह सोनू भी मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में राजस्व 18, पुलिस 09, विकास 08, विद्युत 05, वन 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिनके तत्परता से निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम विनीत उपाध्याय, सीओ शमशेर बहादुर सिंह, एसीएमओ डॉ. अनिल गुप्ता, तहसीलदार संतोष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**गोला गोकर्णनाथ।** तहसील सभागार में एसडीएम रत्नाकर मिश्र की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग के 23, गृह गोपन विभाग (पुलिस) की 13, संयुक्त जांच हेतु 8, ग्राम विकास, विद्युत की दो-दो, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, जिला नगरीय विकास अभिकरण, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, सिंचाई एवं जल संसाधन, नगर विकास विभाग की एक-एक सहित 53 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से मौके पर सिर्फ एक शिकायत का ही निस्तारण हो सका। तहसीलदार सुखबीर सिंह सहित तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**पलिया कलां।** तहसील सभागार में एसडीएम कार्तिकेय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के 28 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। सीओ पलिया यादवेंद्र यादव, तहसीलदार आरती यादव, नायब तहसीलदार सहित कई थाना प्रभारी व अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी ने बांटी मिनीकिट, खिले चेहरे

तहसील मितौली सभागार में अधिकारियों ने किसान रामसदोही यादव, शत्रोहन लाल, रोहन यादव, हेमनाथ, रामपाल वर्मा को उर्द और किसान मुकेश, सुमित, गुरुप्रसाद को कोदो के बीज का मिनीकिट का वितरण किया। इस दौरान उप निदेशक (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी आदि मौजूद रहे।

### सैम श्रेणी के बच्चों को बांटी सुपोषण किट

संपूर्ण सुपोषण अभियान" के तहत सैम श्रेणी (अति कुपोषित) के 04 बच्चों को न केवल दुलारा, बल्कि उनके अभिभावकों को सुपोषण किट प्रदान की। डीएम ने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराए, यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी। डीएम ने सीडीपीओ-आंगनबाड़ी कार्यकत्री को भी निर्देशित किया।

# घर से चोरों ने की तीन लाख रुपये की चोरी

**बिजुआ। अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र के कस्बा पड़रिया तुला निवासी नौशाद की लखीमपुर-पलिया मार्कीग पर कबाड़ की दुकान है। नीचे कबाड़ का सामान भरा है। वह ऊपर परिवार समेत रहते हैं। शुक्रवार की रात पड़ोस के मकान से छत के रास्ते चोर उनके घर में घुस आए। चोर कमरे का ताला तोड़कर मायके आई उनकी बेटी का मंगलसूत्र, एक जोड़ी झाला, सोने की अंगूठी, एक जोड़ी पायल और 7800 रूपया नकद, पत्नी का आठ ग्राम का पेंडिल, छह ग्राम का मांग टीका, एक जोड़ी झाले, दो अंगूठी चांदी की व 87000 हजार रूपया नकद उठा ले गए। सुबह कमरे का ताला टूटा देखकर चोरी की जानकारी हुई। बिजुआ चौकी इंचार्ज ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# योग सप्ताह शुरू, अफसरों ने योग से निरोग बनने का दिया संदेश

## मितौली में विधायक से लेकर डीएम व एसपी ने किया योगाभ्यास, स्कूलों से लेकर सामाजिक संगठन भी लगा रहे योग शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


मितौली तहसील परिसर में योग करते डीएम, एसपी व सीडीओ।

**अमृत विचार:** योग सप्ताह का शुभारंभ शनिवार को मितौली तहसील परिसर से हुआ। कस्ता विधायक ने सप्ताह की शुरूआत की। इसके बाद डीएम, एसपी सहित सीडीओ सहित अन्य अधिकारियों ने योग का अभ्यास कर निरोगी बनने का संदेश दिया। स्कूलों से लेकर शहर पार्कों में सामाजिक संगठनों की ओर से योग का अभ्यास कराया जाने लगा है।

मितौली तहसील परिसर में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों संग योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने योग स्वयं एवं समाज के लिए थीम पर बीमारियों से बचने के लिए योग का अभ्यास कराया। विधायक ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। पीएम मोदी ने इसके महत्व को समझा और समाज को पूर्ण स्वस्थ्य रखने के लिए योग को मानव जीवन के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे है, उन्ही की देन है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही है, बल्कि स्वयं के साथ, विश्व और प्रकृति के बीच एकत्व खोजने का भाव है। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है। प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने में सहायक होता है। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 15 से 21 जून तक मनाया जाएगा। एसपी एवं सीडीओ ने योग को वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला बताया।

### पालिकाध्यक्ष ने आवास विकास कॉलोनी में शुरू कराया योग सप्ताह


आवास विकास पार्क में योगाभ्यास करते युवक-युवतियां। अमृत विचार

**संवाददाता, लखीमपुर। अमृत विचार :** आवास विकास कॉलोनी के अटल बिहारी वाजपेई पार्क में जिला आयुष समिति ने योग सप्ताह का शुभारंभ किया। उद्घाटन मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि आयुष चिकित्सक डॉ. सुमन्त कुमार ने किया। नूपुर गुप्ता, प्रतीक तिवारी, अमूलदीप तिवारी, राजदीपिका तिवारी, रेशू उपमन्यु त्रिवेदी, पंकज वर्मा, अश्वनी कुमार, संजय कुमार, निधि, कान्हा आदि मौजूद रहे।

### शरीर को गर्मी से बचाने में सहायक है योग


सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में योग करती महिलाएं।

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार से योग सप्ताह शुरू हो गया। इसमें महिला संगठनों ने पहुंचकर योग का अभ्यास किया। योग विशेषज्ञ शालू गुप्ता ने बताया कि गर्मियों में ऐसे आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए, जिससे चंद्र नाडी प्रभावित हो। साधिका शालिनी, चेतना, निष्कर्ष ने अभ्यास कराया। योग केंद्र प्रमुख सरोज ने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से जीवन के प्रत्येक कर्म को अधिक कुशलतापूर्वक कर सकते है। शिविर में नवदिशा, खत्री वूमेन क्लब, अग्रवाल क्लब, सरस्वती बालिका स्कूल की प्रिंसिपल शिक्षिकाओं सहित योग केंद्र की साधिकाएं शामिल हुई।

# चौकी इंचार्ज ने दो ठगों को पकड़कर धमकाया, रुपये वसूलने का आरोप

## तीन ठग गिरफ्तार, कथित सोने की ईंट, आठ लाख रुपये व एक बाइक बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/निघासन

- सोने की नकली ईंट दिखाकर ठगी करने का मामला
- पकड़कर छोड़े गए आरोपी के बयानों को एफआईआर में पुलिस ने किया दर्ज

**अमृत विचार:** थाना पढुआ क्षेत्र में अहमदाबाद (गुजरात) के व्यापारियों से 15 लाख रुपये की ठगी मामले में पुलिस ने तीन ठगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कथित सोने की नकली ईंट, आठ लाख रुपये और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। वहीं दो आरोपी ठगों को पकड़कर मोटी रकम लेकर छोड़ने वाले वाले चौकी इंचार्ज ढखेरवा की भी मुसीबत बढ़ गई है। पुलिस ने दर्ज की गई एफआईआर में पकड़े गए आरोपी के बयान भी दर्ज किए हैं। जिसमें उसने दो लोगों के पकड़े जाने और चौकी इंचार्ज पर कुछ रुपये लेकर छोड़ने की बात कही है।

थाना निघासन पुलिस ने ठगी के इस मामले में शामिल थाना निघासन के गांव सेमरापुरवा मजरा मिर्जागंज निवासी दिनेश कुमार उर्फ बाबा, प्रतापगढ़ मजरा मूड़ाबुजुर्ग निवासी राजेश सिंह और थाना पढुआ के गांव जम्हौरा निवासी विनोद कुमार को गांव बस्तीपुरवा स्थित आम के बाग से गिरफ्तार करने का दावा किया है। जिनके पास से पुलिस ने कथित नकली सोने की ईट, 08 लाख रुपये व घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने एसआई राजेन्द्र कुमार तिवारी की तहरीर पर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत समेत अन्य धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने दर्ज की गई एफआईआर में गिरफ्तार आरोपी दिनेश उर्फ बाबा के बयान भी लिखे हैं, जिसमें उसने कहा कि 30 मई को नकली सोने की ईंट दिखाकर अहमदाबाद निवासी हयात खां और सलीम को हम लोगों ने नकली सोने की ईंट को असली सोने की ईट बनाकर दिखाया था और 15 लाख रुपये लिए थे। खरीददार रुपये देकर कथित ईंट लेकर चले गए। तभी किसी ने चौकी इंचार्ज ढखेरवा गौरव सिंह को इसकी सूचना दे दी। ढखेरवा चौराहे से निकलते समय चौकी इंचार्ज ढकेरवा ने उसे और उसके साथी विनोद कुमार को पकड़ लिया और पुलिस चौकी ले गए। जहां चौकी इंचार्ज ने मुकदमा लिखकर जेल भेजने की बात कही। इस पर काफी अनुनय विनय की और कुछ लाभ लेकर हम लोगों को छोड़ दिया। बाकी के रुपये आपस में हम लोगों ने बांट लिए। पीड़ित हयात से संपर्क किया और घटना की जानकारी ली। पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने नकली सोने की ईंट को असली बताकर उससे 15 लाख रुपये लिए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेजा है।


कथित बरामद की गई नकली सोने की ईंट।

### यह है पूरा मामला

पखवाड़े भर पहले गुजरात के अहमदाबाद निवासी हयात खां और सलीम ढखेरवा आए थे। ठगों ने उन्हें लखीमपुर के ढखेरवा रोड पर सोने की डुप्लीकेट ईंट दिखाई थी। ईट का सौदा 40 लाख रुपए में हुआ था। एक लाख बयाना देने के बाद वह लोग अहमदाबाद चले गए थे। पांच दिन बाद ईंट खरीदने और उसको परखने के लिए वह अपने साथियों के साथ कार से आए थे। गांव सेमरा पुरवा निवासी दिनेश कुमार उर्फ बाबा ने ईंट दिखाने के पहले उनसे 15 लाख रुपये ले लिए और भाग निकले थे। ठगी का शिकार हुए लोग जब ढखेरवा चौकी पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें भगा दिया था। चार दिन पहले यह मामला सीओ निघासन प्रवीण कुमार के संज्ञान में आया तो उन्होंने जांच की। जांच में मामला सही मिलने पर चार लोगों को हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ की तो चौकी इंचार्ज पर सात लाख रुपये लेकर मामला रफा दफा करने की बात सामने आई थी। इस पर शुक्रवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा ने चौकी इंचार्ज ढखेरवा गौरव सिंह को निलंबित कर दिया था।

> तीन ठगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से एक सोने की नकली ईंट, आठ लाख रुपये नगद और एक बाइक बरामद हुई है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। गिरफ्तार एक अभियुक्त ने चौकी इंचार्ज को कुछ रुपये देने की बात स्वीकारी है। जांच की जा रही है। जांच के बाद ही साफ हो सकेगा कि चौकी इंचार्ज ने कितना रुपया लिया है।
> –प्रवीण कुमार, सीओ निघासन

# दिल्ली में मिलीं इंडोनेपाल बार्डर की 47 लड़कियां

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सीडब्ल्यूसी कर रही जांच सत्यापन के बाद अभिभावकों के सुपुर्द कीं 27 किशोरियां

**अमृत विचार:** बाल कल्याण समिति ने जिले के नेपाल बार्डर की रहने वाली 47 किशोरियों को दिल्ली में बरामद किया है। इनमें से 27 किशोरियों के सत्यापन के बाद उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया है, जबकि अन्य दस किशोरियों को परीक्षा होने तक वहीं रोक दिया गया है, जिन पर सीडब्ल्यूसी न सिर्फ नजर रख रही है, बल्कि जांच भी करा रही है।

समिति सदस्य सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बाल कल्याण समिति, दिल्ली के पदाधिकारियों ने एक शिकायत पर अनाधिकृत बाल संरक्षण गृह का निरीक्षण किया तो वहां जिले के नेपाल बार्डर स्थित चंदनचौकी और गौरीफंटा क्षेत्र की 47 लड़कियां मिलीं। इस पर संस्था ने जिले की समिति से सत्यापन कराया तो 27 किशोरियों के माता-पिता घर में मिले, जबकि पांच के घर पर ताला पड़ा मिला। अभिभावकों ने बताया कि एनजीओ इन बच्चों को निशुल्क शिक्षा, भोजन और आवासीय व्यवस्था के तहत ले गई है। हालांकि संस्था ने माना कि जिले में पढ़ाई-लिखाई की समुचित व्यवस्था के बाद भी बच्चों को इतनी दूर क्यों भेजा? संदेह उत्पन्न होने के कारण जिले की टीम से सत्यापन कराया गया। पश्चात दिल्ली पुलिस की टीम 12 जून को जिला मुख्यालय लेकर पहुंची। सभी 27 किशोरियों को उनके अभिभावकों के सुपुर्द किया गया। बहरहाल, इन किशोरियों की बरामदगी कई सवाल खड़े कर रही है। हालांकि अब स्थानीय सीडब्ल्यूसी का कहना है कि एनजीओ बच्चों को पढ़ाने के लिए ले गई थी, लेकिन संदेह के आधार पर उन्हें उनके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया गया है।

> एनजीओ के लोगों द्वारा जिले से 47 किशोरियों को दिल्ली में रहने, खाने और पढ़ाई की नि:शुल्क व्यवस्था के तहत ले जाया गया था। जांच की गई तो संदेह उत्पन्न होने पर सत्यापन कराया गया। 27 किशोरियों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया है। पांच किशोरियों के अभिभावक कहीं बाहर काम करने गए थे, जिनके घरों में ताले लगे मिले। अन्य किशोरियों का भी सत्यापन कराया जा रहा है।
> – सुरेंद्र पाल सिंह, सदस्य, सीडब्ल्यूसी।

> क्षेत्र से बच्चों को पढ़ाई के लिए व्यक्तिगत तौर पर लोग दिल्ली सहित अन्य महानगरों में भेज देते हैं। शिकायत पर मिली लड़कियों की नाम-पते सत्यापन में सही मिले हैं, इससे संदेह की बात खत्म हो गई है।
> –यूके सिंह, परियोजना अधिकारी जनजाति विकास

> नेपाल बार्डर की रहने वाली 27 किशोरियों को दिल्ली से लाकर सीडब्ल्यूसी ने उनके अभिभावकों के सुपुर्द किया है। कमेटी मामले की जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> –संजय निगम, जिला प्रोवेशन अधिकारी।

**आवश्यकता है**
मोहम्मद अली नजीर फातिमा पीजी कालेज गौरीखालसा मुसलमानावाद हरदोई
में स्नातकोत्तर स्तर पर एमएससी में रसायनविज्ञान जंतुविज्ञान भौतिकविज्ञान गणित में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है शैक्षिक योग्यता व वेतनमान यूजीसी के मानकानुसार देय होगा ।
मो.9695400001, 9919424390

### पोस्टमार्टम के बाद लाया गया शव तो परिजनों ने किया फिर हंगामा

**पलिया कलां। अमृत विचार:** मझगई थाना क्षेत्र के गांव बेला कलां में गुरुवार हुई एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने हंगामा किया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही पोस्टमार्टम के लिए पंचनामा भरा जा सका। इधर, शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव लाया गया तो परिजन आरोपी पति गिरफ्तारी पर अड़ गए और हंगामा करने लगे। लोग आरोपी पति की गिरफ्तारी और मौके पर लाने की मांग पर अड़ गए। इससे पुलिस के हाथ पांव फूल गए। सूचना पर पहुंचे पलिया सीओ यादवेंद्र यादव के समझाने पर लोग मान गए, तब मृतका सोमवती के भाई शत्रोहन ने मुखाग्नि दी।

# नशे में धुत पशु चिकित्सक का वीडियो वायरल

संवाददाता, भानपुर


पड़रिया तुला के कृत्रिम गर्भाधान केंद्र के सामने बैठा डॉक्टर।

**अमृत विचार:** शुक्रवार को पड़रिया तुला के कृत्रिम गर्भाधान केंद्र के एक युवक, जिसे पशु चिकित्सक बताया जा रहा है उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में बैठा डॉक्टर नशे में इस तरह धुत है कि उसे अपना ही होश नहीं है। न तो पैरों में जूते पहने हैं और न ही पैंट। अंडरवियर और शर्ट में मौजूद डॉक्टर का वीडियो वायरल होने से जिले के पशु चिकित्सा विभाग में हड़कंप मच गया। इससे पहले भी कई बार यह डॉक्टर डियूटी पर शराब पीकर हंगामा कर चुके है, जिस पर इन्हें निलंबित भी किया जा चुका है।

बिजुआ के पड़रिया तुला कस्बा स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुभाष कुमार शराब की हालत में अस्पताल परिसर में बैठ हैं। वह भी जूते और पैंट निकालकर अर्धनग्न अवस्था में। न तो उन्होंने अपने पद का ख्याल रखा और न ही विभाग का। कस्बे के लोग बताते हैं कि आए दिन यह डॉक्टर सुबह ही शराब पीने लगते है। नशे में धुत होकर उल्टी सीधी हरकते कर हंगामा करते हैं। नशे की वजह से ही कई बार यह दुर्घटनाओं का भी शिकार हो चुके हैं। साथ ही विभाग द्वारा निलंबित भी किया जा चुका है। इसके बाद भी डॉ. सुभाष अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देखकर विभागीय आला अफसर भी सकते में हैं।

> वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। विभाग की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं है। पशु चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने का काम सरकार का है। हमारा काम सिर्फ संस्तुति करना है। कार्य एवं विभाग के प्रति लापरवाही उजागर करते हुए लिखा पढ़ी की जाएगी।
> –डॉ. सोमदेव सिंह चौहान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

# बकरीद पर खुले में न करें कुर्बानी: प्रभारी निरीक्षक


पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया

संवाददाता, सिंगाही-खीरी।

**अमृत विचार:** थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने पीस कमेटी की बैठक की। उन्होंने बकरीद पर खुले में कुर्बानी न करने की अपील की।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि कुर्बानी के बचे अवशेष गड्ढों में दफन करें। कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें। कुर्बानी करते समय रील न बनाएं। न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें। इस दौरान अंजुमन कमेटी के सैक्रेटरी जैनुल हसन, जामा मस्जिद के इमाम मुजीबुर्रहमान हाफ़िज़ फारूख खां, मौलाना इमामत अली तालिब हुसैन सभासद रामनरेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### ईद उल अजहा को लेकर सजा बकरे का बाजार

**संवाददाता, मूड़ा सवारान। अमृत विचार :** बकरीद त्योहार को लेकर शनिवार की साप्ताहिक मूड़ा सवारान की बाजार में बकरों की जमकर खरीद बिक्री हुई। बकरों की बढ़ी मांग के चलते बाजार में इनकी कीमत भी बढ़ गई और एक-एक बकरे की कीमत पांच हजार से लेकर 25 हजार तक जा पहुंची। ईद उल अजहा (बकरीद) को लेकर कस्बे की बाजार से आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में पशुपालक अपने बकरों की बिक्री करने के लिए पहुंचे। शनिवार को लगने वाली साप्ताहिक मूड़ा सवारान की बाजार में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मूड़ा सवारान की बाजार में शहर से बकरा खरीदने आए लोगों ने बताया कि शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र की बाजारों में बकरा काफी रियायती दामों में मिल जाते हैं। यही वजह है कि शहर से बड़ी संख्या में लोग त्योहार पर ग्रामीण क्षेत्र की बाजारों से बकरों की खरीद बिक्री करते हैं। जिन्हें लोग बकरीद त्योहार पर कुर्बानी के लिए खरीद कर ले गए।

### त्यौहार को लेकर हुई अमन शांति की बैठक

**खीरी टाउन।** पुलिस चौकी खीरी में आयोजित बैठक में सीओ सदर रमेश कुमार तिवारी ने कहा कि कुर्बानी बंद जगहों पर करें। खून को नालियों में न बहाकर किसी एक स्थान पर एकत्र करें। कुर्बानी के मीट को यदि कहीं लेकर जा रहे हो तो खुले में लेकर जाने की बजाय ढक कर ले जाएं। बैठक में इशरत गौरी, शकील खान यूसुफी, गुफरान अहमद कारी, सकरूद्दीन, मुफीद अहमद, आफताब खान आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## सार-संक्षेप

### नगर पालिका के सभागार में लगा योग शिविर


गोला के पालिका सभागार में योग करते लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के सभागार में योग सप्ताह की शुरुआत कर भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा द्वारा लोगों को योग कराया गया। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अन्तर्गत योग वेलनेस सेंटर द्वारा नगर पालिका सभागार में भाजपा नगराध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर योग सप्ताह का उद्घाटन किया। योग प्रशिक्षक शशिकान्त दीक्षित ने आयुष कवच व वाई ब्रेक के बारे में फोन में एप्लीकेशन इंस्टॉल करवाकर सभी को योग के लाभ से अवगत कराया। इस मौके पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. डालचन्द, हैदराबाद के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अबरार ने भी जानकारी दी। इस दौरान राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गोला के शिवकुमार मिश्रा, दिव्या मिश्रा, रामप्रकाश मिश्र, विशेष गुप्ता, समाजसेवी राजेश राठौर, नगर महामंत्री विजय मिश्रा, धीरज बाजपेयी आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या में योग श्री से विभूषित हुए राजहंस


योग रत्न अवार्ड से विभूषित किए जाते राजहंस।

**संवाददाता, धौरहरा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ एवं अखिल भारतीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के द्वारा योग महाकुंभ अयोध्या धौरहरा कस्बे के युवक राजहंस मिश्र को योग रत्न अवॉर्ड से विभूषित किया गया। श्रीराम की नगरी अयोध्या में आयोजित अखिल भारतीय योग महाकुंभ 2024 में कस्बे के योग प्रशिक्षक राजहंस मिश्रा को महर्षि पतंजलि योग श्री सम्मान से विभूषित किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों को महर्षि योगी योग गौरव सम्मान, स्वामी शिवानन्द सरस्वती योग शिरोमणि सम्मान, स्वामी धीरेंद्र ब्रम्हचारी योग श्री सम्मान, श्री अयंगर योग भूषण सम्मान, आदियोगी योग आइकन सम्मान, स्वामी विवेकानंद लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान की विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किये गए हैं। मुख्य अतिथि बाली इंडोनेशिया से आए आश्रम गांधी पूरी सेवाग्राम के अध्यक्ष पद्मश्री अगुस इन्द्र उदयन, वेद मूर्ति पवन दत्त महराज, श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिणा के मुख्य यजमान रहे अनिल जी समरता प्रमुख अवध प्रांत राजकिशोर मिश्रा मौजूद रहे।

### सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजरों की भर्ती के लिए लगेंगे शिविर

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** जिला रोजगार सहायता अधिकारी साक्षी डाकुर ने बताया कि निजी क्षेत्र की कंपनी के लखनऊ ट्रेनिंग सेंटर में सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाइजरों की भर्ती होगी। इसके लिए जिले में ब्लॉकवार पंजीयन शिविर लगेगें। इसके तहत ब्लॉक बेहजम में 16 व 18 जून, कुंभी( गोला) में 19 व 20 जून, ब्लॉक बॉकेगंज में 21 व 22 जून, ब्लाक पलिया में 23 व 24 जून, ब्लॉक बिजुआ में 25 व 26 जून, ब्लॉक मितौली में एक व दो जुलाई, ब्लॉक नकहा में तीन व चार जुलाई, ब्लॉक फूलबेहड़ में पांच व छह जुलाई, ब्लॉक मोहम्मदी सात व आठ जुलाई, ब्लॉक पसगवां में नौ व दस जुलाई, ब्लॉक निघासन में 11 व 12 जुलाई, ब्लॉक रमियाबेहड़ में 18 व 19 जुलाई और ईसानगर में 20 व 21 जुलाई को शिविर लगेगें। जबकि ब्लॉक धौरहरा में 22 व 23 जुलाई और सेवायोजन कार्यालय में 24 जुलाई को पंजीयन शिविर लगेगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक पर पंजीकरण कराने से वंचित युवा जिला सेवा योजना कार्यालय पर आकर पंजीकरण करवा सकते है।

### युवक की पिटाई कर बुलेट छीनी फिर एसडीओ को पीटा

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** पुलिस से बेखौफ तीन युवकों ने शनिवार को नशे की हालत में पंडित दीनदयाल चौराहा के पास जमकर उत्पात मचाया। तीनों युवकों ने पहले किसी बुलेट सवार की पिटाई की और उसकी बुलेट छीन ली। कुछ देर बाद परिवार के साथ गोला मंदिर दर्शन करने जा रहे प्रभागीय वनाधिकारी नार्थ (एसडीओ) को ओवरटेक कर रोक लिया और उनकी पिटाई कर दी। एसडीओ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। एसडीओ ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताते हैं कि तीन युवक नशे की हालत में पंडित दीनदयाल चौराहा के पास दोपहर बाद से घूम रहे थे। युवकों ने किसी युवक की पिटाई की और उसकी बुलेट छीन ली। इसी बुलेट पर सवार होकर तीनों युवक चौराहा से लेकर लालपुर तक के आसपास तक मंडराते रहे। एसडीओ नार्थ मनोज तिवारी कार से परिवार के साथ गोला गोकर्णनाथ दर्शन करने जा रहे थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमघट विकासखंड बेहजम खीरी**

पत्रांक /मेमो/ निविदा/ 2024–25 दिनांक: 15/ 06/2024

अल्पकालीन निविदा

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024–25 के अंतर्गत केंद्रीय वित्त/ पंचम वित्त योजना के तहत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है। आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यों के कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति की अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी /इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 17/06/24 से 18/06/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में की जावेगी । जो 20 जून तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा टेंडर बाक्स में आमंत्रित की जाएंगी। जिन्हें 25/06/24 को अपराहन 3: 00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय–समय पर धनराशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ब्रिक्स | दूरी | कुल लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दीपक के मकान से आर सी सी रोड तक इंटर लाकिंग निर्माण कार्य | 4200 nos | 50 मीटर | 216200.00 |

जितेंद्र कुमार वर्मा
प्रधान
ग्राम पंचायत अमघट, ब्लाक बेहजम खीरी

हरिवंश लाल
ग्राम पंचायत अधिकारी

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं रामकिशोर पुत्र स्वर्गीय मेवा लाल निवासी सरसौली अकोहरा थाना सिधौली जनपद सीतापुर का निवासी हूं। मैं अपने बड़े पुत्र सूरज कुमार व उसकी पत्नी आरती से अपना संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद से सूरज कुमार व उसकी पत्नी आरती के किसी भी कृत्य के लिए मै और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि अभि0 शिवा पुत्र बच्चू कनौजिया, निवासी–माधोगंज, सीपेट चौराहा थाना सरोजनीनगर, लखनऊ, मा0 न्यायाा0 में मु0सं0–943/18 धारा–395,412 भादवि0 थाना–पीजीआई लखनऊ मे उपस्थित नहीं हो रहा है। जिसके विरुद्ध मा0 न्यायालय से गिरफ्तारी वारन्ट व धारा– 82 सीआरपीसी की नोटीस जारी हुआ है।,

**सूचना**
सूचित हो कि मै **रामेश्वरी पत्नी राजाराम, निवासी– भखरौली कनपुरवा, पोस्ट– कुंडासर कैसरगंज बहराइच** मेरा नाम कुछ अभिलेखों में त्रुटिवश रामश्री देवी अंकित हो गया था जबकि सही नाम रामेश्वरी है और दोनो नाम मेरे ही है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे आधारकार्ड में SUFAL BISWAS लिखा है जो सही है, जबकि पासपोर्ट में SUFAL VISHWAS दर्ज है जो गलत है अतः SUFAL BISWAS लिखकर सही किया जाए और यही समझा जाए। **सुफल बिस्वास, निवासी– भिखारीपुर खुर्द सेमरी कलां गोंडा**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHD FAISAL था से बदलकर MOHAMMAD FAISAL रख लिया है। अब मुझे MOHAMMAD FAISAL के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0 RIYAZ AHMAD H.NO- 16, MOHALLA VAIRA KAJI JARWAL TOWN BAHRAICH-271904

# ट्रैक्टर निकालने के विवाद में खूनी संघर्ष, 1 की मौत, 7 लोग घायल

**दोनों ओर से चले लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी** **6 लोगों के विरुद्ध दर्ज की गई रिपोर्ट**

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत नया खेड़ा गांव में पुरानी खुन्नस के चलते शुक्रवार को दरवाजे से ट्रैक्टर निकालने पर दो पक्षों में हुई कहासुनी खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हुई मारपीट में 8 लोगों को चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराते हुए उनका मेडिकल कराया। मारपीट में शामिल एक अधेड़ के सिर पर आई गंभीर चोटों को देख उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मामले में छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

बता दें कि नयाखेड़ा गांव में दीपू (51) पुत्र रामलाल गांव के ही एक व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था। शुक्रवार रात गांव के राजकुमार से किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद दोनों में गाली-गलौज हो गई। विवाद देख दोनों पक्षों से परिजन पहुंच गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। लाठी-डंडों के साथ दोनों ओर से कुल्हाड़ी चलने लगी। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पीआरवी पहुंची और मामले को शांत कराया। मारपीट में घायल हुए राजकुमार, रूपराम, मधु व सुनीता का पुलिस ने मेडिकल कराकर सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं दूसरे पक्ष से घायल शिवानी, भोला व मीरा को भी चोटें आईं। इन लोगों ने बताया कि रात करीब नौ बजे मारपीट के बाद से दीपू गायब है। विपक्षियों ने उसे गायब कर दिया था। इस पर पुलिस ने उसकी तलाश भी लेकिन वह नहीं मिला। शनिवार सुबह वह घर के पास घायल पड़ा मिला तो उसका भी मेडिकल करा जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घरवालों का आरोप है कि रात भर उसे विपक्षियों ने मारा और मरणासन्न हालत में उसे छोड़ गए। यदि रात में वह मिल जाता तो उसकी जान बच जाती। एसएचओ अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मामले में राजकुमार उर्फ कोकी, टिकाई, विकास, महेश व करन सहित छह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


दिवंगत दीपू के बिलखते परिजन। अमृत विचार


दीपू।

## अलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाए जेवर

**सोहरामऊ उन्नाव ।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के महनौरा गांव में बीती रात घर में घुसे चोर आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी व जेवर उठा ले गए। सुबह कमरे में सामान बिखरा देख गृहस्वामी को चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पीआरवी व सोहरामऊ पुलिस पहुंची और जांच कर लौट आई।

महनौरा गांव निवासी पंकज पुत्र बजरंग सिंह के घर में बीती रात चोर पीछे की दीवार फांदकर पहुंचे और कमरे में रखी आलमारी का लाकर व बक्सा का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवर व 2500 रुपए नकद उठा ले गए। गृहस्वामी पंकज एक कोरियर कंपनी में नौकरी करता है। घटना के समय वह घर पर नहीं था। उसकी पत्नी प्रियंका अपने दोनो बेटे प्रशांत (5) व जग्गा (3) के साथ बाहर वाले कमरे मंव सो रही थी। सुबह उठने पर जब पीछे के कमरे में पहुंची तो सारा सामान बिखरा और ताले टूटे देख उसके होश उड़ गए ।उसके ससुर बजरंग सिंह सूचना पर पीआरवी पहुंची और बाद में सोहरामऊ पुलिस जांच कर पीड़ित से तहरीर देने की बात कही।

# पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बसधना गांव निवासी एक युवक की शुक्रवार को धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। शनिवार को उन्नाव में पीएम कराया गया। बहन ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये जमकर हंगामा काटा। पीएम के बाद शव को बीच सड़क पर रखकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। जिसके बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कराया गया है। वहीं पुलिस ने पांच के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

बसधना गांव के रहने वाले सुखदेव सविता के 22 वर्षीय बेटे आशीष सविता की शुक्रवार दोपहर बेरहमी से पीटने के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। वहीं पिता सुखदेव की तहरीर पर पुलिस ने रात में ही आरोपी राहुल, रोहित, कमलेश, कमला व एक अन्य समेत पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। शनिवार को उन्नाव में उसका पोस्टमार्टम हुआ। वहीं मृतक की बहन कोमल ने कहा कि उसके भाई की नौ जुलाई को शादी होनी थी, शादी का सामान खरीदने जा रहा था, तभी आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और खेतों में ले जाकर मारा पीटा। कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसने कहा कि पुलिस ने आरोपियों का बचाव करते हुये कहा कि तुम्हारे भाई की गलती है, यहीं से मामले को रफा दफा कर दो। जिस पर परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गये और पीएम हाउस में हंगामा काटने लगे। पीएम होने के बाद शव लेकर उन्नाव में ही सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम करने की सूचना पर दरोगा प्रमोद मिश्रा, प्रवीन पुंज, नायब तहसीलदार विजय दर्शन ने उन्हें शांत कराने का प्रयास किया लेकिन परिजनों ने उनकी एक न सुनी। जिसके बाद सीओ सिटी सोनम सिंह ने परिजनों को समझा बुझा कर शांत कराया और जल्द अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।


पीएम हाउस में गुस्साएं परिजनों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

● **बसधना निवासी युवक की शुक्रवार को हुई थी हत्या**

### आंख, सिर, बाहों में मिले चोट के निशान

शनिवार को आशीष के शव का पीएम कराया गया। जहां पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लेफ्ट सिर में दो चोट, लेफ्ट आंख, लेफ्ट मुंह में चोट, बाहों में चोट मिली है। आशंका है कि ईंट से कूचकर हत्या की गई है। अधिक रक्त बहने से मौत होने की पुष्टि हुई है। शरीर के अलग-अलग अंगों में छह चोट के निशान पाए गए हैं।

# नर्सिंग होम संचालक ने की सीएचसी प्रभारी से अभद्रता

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की टीम शनिवार को क्षेत्र में आभा आईडी न बनवाने वाले परिवारों को समझाने के लिए निकली थी। जिसमें एक गांव में चल रहे कथित अवैध नर्सिंग होम की सूचना पर टीम वहां पहुंची। जिस पर सीएचसी प्रभारी ने क्लीनिक के संबंधित दस्तावेज मांगे तो संचालक ने उनके अभद्रता की और प्रभारी अधीक्षक को सस्पेंड कराने की धमकी भी दी।

नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आभा आईडी नहीं बनवा रहे परिवारों को समझाने के लिये गांव जैतीपुर का भ्रमण किया जा रहा था। जैतीपुर निवासी जितेन्द्र नाथ मिश्रा का करीब 10 लोगों का परिवार है। कई बार प्रयासों के बाद भी आभा कार्ड नहीं बनवाया गया। जिस पर शनिवार को उनके घर का भ्रमण करने पर पाया गया कि जितेन्द्र द्वारा बड़े स्तर पर एक अवैध क्लीनिक/नर्सिंग होम चलाया जा रहा है। जहां कई लोगों को ड्रिप दी जा रही थी और भारी मात्रा में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक दवाओ से भरा स्टोर रूम व क्लीनिक भी संचालित पाया गया। वहां पर बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। कुछ दवाओं पर किसी प्रकार का कोई भी लेबल नहीं था। इससे उन्हें पहचाना भी नहीं जा सकता था। क्लीनिक व नर्सिंग होम संबंधित दस्तावेज दिखाने को कहा तो दस्तावेज न दिखाकर संचालक ने अभद्रता करने के साथ ही रिश्वत मांगने का आरोप टीम पर लगाया और शासन तक पहुंच होने से उन्हें सस्पेंड कराने की धमकी भी दी।

● **जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर सीएचसी प्रभारी ने दिया था अल्टीमेटम**

## अवैध शराब बेचने पर दो दोषियों को मिली 1-1 साल की सजा

**उन्नाव।** अवैध रूप से शराब बेचने के दो आरोपियों को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए एक-एक साल की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

बता दें कि सोहरामऊ पुलिस ने रायबरेली जिले के शिवगढ़ थानाक्षेत्र के रानीखेड़ा गांव निवासी हरीराम व गूढ़ा गांव निवासी पवन को 10 गत्ता देशी शराब, 18 लीटर कच्ची शराब व एक किलो यूरिया के साथ गिरफ्तार किया था। आबकारी अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था। आईओ राम औतार यादव ने 18 मार्च-2013 को जांच पूरी कर दोनों के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता दीपक कुमार मिश्रा की दलील व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने हरीराम व पवन को दोषी मानकर एक-एक साल की सजा सुनाई है।

# 112 करोड़ का बजट पास, होगा विकास

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद गंगाघाट की बोर्ड बैठक शनिवार को नगर पालिका कार्यालय में आहूत की गई। बैठक में 1 अरब 12 करोड़ 16 लाख 13 हजार 306 रुपये का बजट पास किया गया।

अध्यक्ष कौमुदी पांडे अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, जेई घनश्याम मौर्या के अलावा भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला, सदर विधायक पंकज गुप्ता पहुंचे। वार्ड 1 से लेकर 28 तक के सभासदों ने क्षेत्र में कार्य को लेकर बात रखी। वहीं ऋषि नगर जगदंबा पार्क में अटल लाइब्रेरी बनाने के लिये सभासद मनोरमा मिश्रा बात रखी। अतुल अग्निहोत्री, नीलम सिंह, उर्मिला गौतम, अनिता सिंह, रीना यादव, शाजिया बानो, साधना निषाद, विशाल त्रिपाठी, प्रत्यय गुप्ता, सूरज साहू, संजय जायसवाल, फुरकान खान, नंद कुमार मिश्रा, अखिलेश, अभिषेक द्विवेदी समेत कई सभासदों ने क्षेत्र में साफ सफाई, प्रकाश की बात कही।


नगर पालिका गंगाघाट में होती बोर्ड बैठक। अमृत विचार

### खुदी सड़कों का उठा मुद्दा

- पालिका क्षेत्र के अमृत योजना के तहत डाली गई वॉटर लाइन से सभी सड़कें खुदी पड़ी हुई हैं। जिस पर विधायक ने कहा कि बिना यूसी के अमृत योजना के तहत होने वाले कार्य का भुगतान न किया जाये। जब सड़कें बनाकर दी जाये तभी उनका भुगतान किया जाये।

### गेस्ट हाउस बनाने की कही बात

- सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि यदि नगर पालिका उन्हें जमीन उपलब्ध कराये तो वह अपनी निधि से गेस्ट हाउस बनवायेंगे। जिससे मांगलिक कार्यक्रमों में लोगों का खर्च बच सके।

### पालिका इन मदों में खर्च करेगी धन

- पार्क निर्माण, सुंदरीकरण में 73 लाख, जलापूर्ति में 5 लाख 82 हजार, सड़क निर्माण एवं जल निकासी में 25 करोड़, सफाई में 18 करोड़ 25 लाख, स्वच्छ भारत मिशन 1 करोड़ 5 लाख, गौवंश संरक्षण में 1 करोड़ खर्च किये जाएंगे।

## सार-संक्षेप

### उप चुनावः मतदान 8 जुलाई को

**उन्नाव।** जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि नगर पंचायतों के रिक्त पद भरने के लिए आठ जुलाई को मतदान और 10 जुलाई को मतों की गिनती कराई जाएगी। जिले की नगर पंचायत अचलगंज के वार्ड धन्नीपुर में अनारक्षित सदस्य पद का निर्वाचन कराया जाना है। इसी तरह मोहान नगर पंचायत के वार्ड अजमतगढ़ी का महिला के लिए आरक्षित और इसी नगर पंचायत के वार्ड कजियाना का अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पद का निर्वाचन होना है। 22 जून को नामांकन का अंतिम दिन होगा, 24 संवीक्षा, 26 नाम वापसी, 27 को चुनाव चिन्ह आवंटन, आठ जुलाई को मतदान और 10 जुलाई को मतगणना कराते हुए परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**फतेहपुर चौरासी।** क्षेत्र के गांव तकिया निगोही स्थित वृद्धाश्रम में शनिवार को मानसिक चिकिसा इकाई द्वारा वहां के 102 वृद्ध जनों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य टीम ने वृद्धाश्रम में रह रहे 63 वर्षीय कुंती, 69 वर्षीय कृष्णा, 69 वर्षीय रानी, 66 वर्षीय जागराना, 67 वर्षीय मन कुमारी, 70 वर्षीय सुरजा, 85 वर्षीय रामबक्श, 82 वर्षीय दीनानाथ, 60 वर्षीय उमेश चंद्र व 66 वर्षीय राम शंकर आदि को मानसिक समस्या से ग्रस्त पाया है।

### श्रमिक ने निगला जहरीला पदार्थ, रेफर

**बांगरमऊ।** सीतापुर जिला के थाना नैमिषारण्य के गांव चितौरी पुरवा निवासी छोटक्के (48) पुत्र बाबू और उसका बेटा शिशुपाल क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। शनिवार को अज्ञात कारणों के चलते छोटक्के ने कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया।

### युवक पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 20 वर्षीय बेटी को गांव निवासी आरोपी बहलाकर कहीं ले गया है। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि करन रावत के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### एक्सप्रेस-वे के डिवाइडर से टकराई कार, एक घायल

**बांगरमऊ।** बिहार प्रांत के जिला चंबा अंतर्गत गांव हरसिद्धि निवासी मनीष (40) पुत्र सुखदेव पांडेय परिवार के साथ कार से आगरा जा रहा था। शनिवार दोपहर बाद लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गांव गहर पुरवा के पास चालक को अचानक झपकी आने से कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें मनीष पांडेय गंभीर घायल हो गया। जबकि परिवार के अन्य सदस्यों को मामूली चोटें आईं।

### मिश्रा कॉलोनी घाट पर आरपीएफ जवान को दी गई सलामी

**शुक्लागंज उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के पटियारा गांव निवासी आरपीएफ जवान का ड्यूटी के दौरान दिल का दौरान पड़ने पर निधन हो गया था। शनिवार को मिश्रा कॉलोनी घाट पर अंतिम संस्कार कराया गया। जहां आरपीएफ के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। पटियारा गांव निवासी अरूण शुक्ला (59) कानपुर देहात के रूरा स्टेशन पर शुक्रवार करीब तीन बजे उन्हें दिल का दौरान पड़ने पर निधन हो गया था। शनिवार दोपहर उनका शव शुक्लागंज के मिश्रा कॉलोनी घाट पर लाया गया। जहां आरपीएफ के जवानों ने अंतिम सलामी दी। बड़े भाई बृजेश ने उन्हें मुखाग्नि दी। मृतक जवान के दो बेटी जान्हवी, माधवी व एक बेटा आदर्श है।


मिश्रा कॉलोनी घाट पर सलामी देते आरपीएफ के जवान।

### साले ने जीजा पर चाकू से किया हमला गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** श्री नगर निवासी अभिषेक तिवारी ने बताया कि शुक्रवार रात लगभग साढ़े दस बजे उसका भाई रोहित को श्री नगर सरकारी स्कूल के पास रहने वाले रामजी तिवारी ने बमबम चौराहे के पास बाइक रोक ली और उससे गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर रामजी ने उसके भाई पर चाकू से हमला बोल दिया। भाई के सिर और सीने पर गंभीर चोटें आई। शोर मचाने पर रामजी धमकी देते हुये भाग निकला। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद घायल को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। अभिषेक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामजी के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### गोवंश को पानी मुहैया कराने को रखवाईं 210 नांद

**उन्नाव।** जरूरतमंदों की आगे बढ़कर सेवा करने वाले नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने गौवंश को गर्मी में पानी उपलब्ध कराने का अभियान जारी रखा। उन्होंने अपने सहयोगियों सहित मोतीनगर सहित अन्य मोहल्लों में 30वें दिन भी नांद रखवाने का सिलसिला बनाए रखा। संस्था के सदस्यों के साथ संस्थापक अध्यक्ष ने हिरन नगर स्थित रैन बसेरा के पास विनय वाजपेयी के आवास के बाहर, शाहगंज में अधिवक्ता कमलेश शुक्ला के यहां, इंद्रा नगर उत्सव लान के पास अम्बरीश अवस्थी, एबी नगर दीपू सोनी, मोती नगर में सुनीता के घर के पास, पीतांबर नगर में बीरु तिवारी व सिविल लाइंस में समरेंद्र सिंह के आवास के पास नांद रखवाई। इस दौरान संस्था अध्यक्ष ने गायों को साथ लाई रोटियां खिलाकर नांदों में भरा पानी पिलाया। साथ ही आसपास रहने वालों से बेजुबानों को पीने का पानी मुहैया कराने के लिए प्रतिदिन नांद भरते रहने की अपेक्षा की। उन्होंने बताया कि अब तक पूरे शहर में अलग-अलग स्थानों पर 210 नि :शुल्क नांद रखवाई जा चुकी हैं। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह सेंगर, मनीष मिश्रा, अखिल मिश्रा, अभी तिवारी, राकेश राजपूत, अभिषेक तिवारी, शिवम शुक्ल, विकास सिंह सेंगर, राघवेंद्र पांडेय, मनीष अवस्थी, धर्मेंद्र शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा पलटा, चालक गंभीर घायल

**बांगरमऊ।** हरदोई के थाना मल्लावां अंतर्गत गांव शुक्लापुर निवासी दिनेश (40) पुत्र दयाराम शनिवार को ई-रिक्शा से बांगरमऊ से अपने गांव जा रहा था। तभी रास्ते में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर नसिरापुर गांव के पास ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें ई-रिक्शा पर बैठा दिनेश सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने उसको आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# एमसीवी खराब, फीडर 3 की बिजली हुई बेपटरी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार रात्रि सुभाष नगर में रखे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी होने के कारण फीडर तीन की विद्युत आपूर्ति बेपटरी हो गई। जिससे दर्जनों मोहल्लों में बिजली की आवाजाही लगी रही। बिजली न आने के कारण लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। शनिवार दोपहर मरम्मत के बाद क्षेत्र की आपूर्ति सामान्य हो सकी।

शुक्रवार रात लगभग साढ़े 10 बजे सुभाष नगर में लगे 630 केवीए ट्रांसफार्मर की एमसीवी बिजली सप्लाई चालू होने के दौरान बार-बार ट्रिप करती रही। जिस कारण फीडर तीन की विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी। इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। सूचना के बाद भी बिजली कर्मी मरम्मत के लिये नहीं पहुंचे। जिससे पूरी रात फीडर तीन की बिजली ट्रिप करती है। गर्मी के मौसम में एमसीवी की खराबी से फीडर 3 के दर्जनों मोहल्लों में विजली की आवाजाही से लोग परेशान रहे। दोपहर करीब डेढ़ बजे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। जिसके बाद फीडर तीन की आपूर्ति सामान्य हो सकी। जिसके बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

### 12 घंटे बिजली नहीं आई बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को गोकुल बाबा में काम होने के कारण सुबह नौ बजे से नगर के फीडर एक को बंद कर दिया गया। कार्य के चलते सुबह से लेकर देर रात तक हजारों घरों की बिजली गुल रही। गर्मी में बिजली न आने पर लोग बेहाल हो गये। देर रात आपूर्ति चालू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। गोकुल बाबा सबस्टेशन पर विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में 5 एमवीए ट्रांसफार्मर परिवर्तित कर 10 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाये जाने का काम किया गया। जिसके लिये सुबह नौ बजे फीडर एक की आपूर्ति बंद कर दी गई। जिस कारण अंबिका पुरम, ठाकुर खेड़ा, गायत्री नगर, भातूफार्म, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, आदर्श नगर राजमार्ग समेत करीब दस हजार से अधिक घरों की बिजली गुल रही। दोपहर के समय बिजली न आने पर लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं बारह घंटे तक बिजली न आने पर घरों में लगे इनवर्टर धड़ाम हो गये। वहीं इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस बने रहे। इसके अलावा घरों में लगी पानी की टंकियां तक खाली हो गई। रात नौ बजे कार्य पूरा होने के बाद फीडर एक की आपूर्ति चालू हुई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# बेटी की मौत को बताया हत्या, की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत बरुआ सुमराहा गांव में बीती नौ मई को हुई महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में दिवंगत की मां ने स्थानीय पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा डीजीपी व कमिश्नर से शिकायत की है। बरुआ सुमराहा गांव निवासी फूल सिंह की पत्नी मोनी (32) की संदिग्ध परिस्थिति में नौ मई को मौत हो गई थी। उसकी मां ने थाना व एसपी को शिकायती पत्र देकर बेटी की हत्या का आरोप पति, सास रामदुलारी व जेठानी विनीता पर लगाया था। मां का आरोप था कि उसकी बेटी को मार कर आत्महत्या का रूप दिया गया था। बताया कि घटना के समय मोनी की 10 वर्षीय बेटी अनुष्का घर में मौजूद थी और उसने घर में हुई मारपीट व शव को लटकाए जाने बात बताई थी। लेकिन निबई चौकी इंचार्ज ने मामले में हीलाहवाली बरतते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

**लोगों की जानी समस्याएं** — लोकसभा चुनाव के चलते लंबे समय बाद तहसील मुख्यालयों पर आयोजित हुआ समाधान दिवस

# डीएम के सामने पहुंचीं 181 शिकायतें, 15 का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले के सभी तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में सफीपुर तहसील में आयोजित कार्यक्रम में पंजीकृत 181 में 15 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कराया जा सका। डीएम ने जिम्मेदार अधिकारियों को समयबद्धता से पंजीकृत सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्ताण कराने के निर्देश दिए। कहा कि लोगों को बार-बार फरियाद सुनाने कार्यालयों में पहुंचने को मजबूर नहीं होना चाहिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक 38 प्रकरण राजस्व संबंधित पंजीकृत हुए, जबकि पुलिस के 33, समाज कल्याण के 18, विकास विभाग के 24,विद्युत विभाग के 17, पूर्ति विभाग संबंधित 19 सहित कुल 181 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें पूर्ति विभाग से संबंधित नौ सहित कुल 15 मामले मौके पर निस्तारित करा दिए गए। क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर भी समाधान दिवस में शामिल होने पहुंचे। इस मौके पर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, एसडीएम नवीन चंद्र, बीएसए संगीता सिंह व सीओ ऋषिकांत शुक्ला सहित अन्य विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 95, पुलिस विभाग के नौ, विकास विभाग चार, खाद्य एवं रसद के तीन, चकबंदी के छह, विद्युत विभाग से संबंधित दो सहित कुल 122 शिकायतें पंजीकृत हुईं। इनमें से तीन मामले मौके पर निस्तारित किये गए। सीडीओ ने विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता से समाधान दिवस में दर्ज शिकायतों का निस्तारण कराने को कहा। इस दौरान एसडीएम नम्रता सिंह, सीओ अरविंद कुमार, तहसीलदार साक्षी राय, बेहटा मुजावर एसओ फूल सिंह, बांगरमऊ निरीक्षक राजकुमार व अन्य विभागीय प्रतिनिधि मौजूद रहे। पुरवा संवाददाता के अनुसार, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार ने एएसपी अखिलेश सिंह की मौजूदगी में समाधान दिवस में शामिल होने पहुंचे। यहां पंजीकृत हुई 112 शिकायतों में छह मौके पर ही निस्तारित करा दी गईं। अन्य प्रकरण संबंधित विभागों को सौंपते हुए निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम रनवीर सिंह, सीओ सोमेंद्र विश्वास, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, बीडीओ संतोष श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।


सफीपुर तहसील में शिकायतें सुनते डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार


बांगरमऊ तहसील में शिकायतें सुनते सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा। अमृत विचार

## बाइक सवार को डीसीएम ने मारी टक्कर, गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्रवार मध्य रात्रि गंगाघाट कोतवाली के सामने अनियंत्रित डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मार दी और उसे 25 मीटर तक घसीटते हुये ले गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम चालक को हिरासत में लिया और घायल को इलाज के लिये भेजा है।

शुक्लागंज के गांधी नगर निवासी मोहम्मद अजन शुक्रवार रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे बाइक से घर लौट रहा था, तभी सोहरामऊ थाना क्षेत्र के नथई खेड़ा निवासी डीसीएम चालक सतीश कुमार कानपुर से लोहा लादकर उन्नाव की ओर जा रहा था, इस दौरान डीसीएम अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे अजन डीसीएम में फंस गया और करीब 25 मीटर तक घसीटता हुआ चला गया। लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी।

# कब मिलेगा यात्रियों को सुविधा का 'अमृत'

## उन्नाव रेलवे स्टेशन में जमीन पर लेट और बैठकर ट्रेन का इंतजार करने को मजबूर हैं यात्री

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अमृत स्टेशन के शिलांयास अवसर पर बीते साल पीएम नरेंद्र मोदी ने रेल यात्रियों को मुहैया कराई जाने वाली सुविधाएं गिनाई थीं, लेकिन वास्तव में यात्री सुविधाओं का अमृत रेल यात्रा करने वालों को अब तक नसीब नहीं हो सका है। दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर-एक सहित अन्य प्लेटफार्मों तक पहुंचना मुश्किल होता है। वहीं करीब सवा सौ साल पुरानी इमारत की छत टपकने पर स्टाफ को काम करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं वातानुकूलित कोच से सफर करने वाले यात्रियों को प्रतीक्षालय में कूलर तक नसीब नहीं रहता है। इसके बावजूद अफसर स्वीकृत कार्य शुरू कराने की सुध नहीं ले रहे हैं।

पिछले वर्ष दूसरी छमाही के शुरू में ही बड़ा कार्यक्रम आयोजित कराते हुए रेल प्रशासन ने यहां सांसद डा. साक्षी महाराज से शिलांयास पट रखवाया था। पीएम ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को दिल्ली से वर्चुअली संबोधित करते हुए रेल यात्रियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाएं गिनाई थी। लोगों को उम्मीद थी कि वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होने तक आधा-अधूरा अमृत स्टेशन का निर्माण पूरा हो जाएगा, लेकिन यहां अभी नवनिर्माण की एक ईंट नहीं रखी जा सकी है। हालांकि अभियंताओं ने काम शुरू कराने के नाम पर स्टेशन परिसर में बने कुछ आवास जरूर ध्वस्त कराए हैं। स्टेशन में वातानुकूलित कोच से सफर करने वालों को आम यात्रियों के साथ प्लेटफार्म पर ही ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ती है, क्योंकि प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय में कूलर सहित अन्य सुविधाओं का अभाव है। वहीं दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों को सीढ़ियां चढ़कर दो या तीन नंबर प्लेटफार्म तक आवागमन करना टेढ़ी खीर साबित होता है। यही नहीं प्लेटफार्म नंबर एक पर संचालित विभिन्न कार्यालयों की छत बारिश के दिनों में टपकती रहती हैं। इससे यहां काम निपटाने में रेलकर्मियों को काफी मुश्किल होती है। वैसे तो दो व तीन नंबर प्लेटफार्म पर भी पर्याप्त यात्री शेड नहीं है, लेकिन प्लेटफार्म नंबर पांच पर बालामऊ रेल रूट की यात्री गाड़ियों से आवागमन करने वालों को जबर्दस्त गर्मी में भी धूप में तपना पड़ता है। हालांकि शिलांयास के समय रेल अधिकारियों ने अमृत स्टेशन के तौर पर विकसित होने पर यात्रियों को वातानुकूलित प्रतीक्षालय, एक्सलेटर (विद्युत चलित सीढ़ियां) सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराए जाने का दावा किया था।

● **विभागीय अफसर शिलान्यास के साल भर बाद भी नहीं शुरू करा सके अमृत स्टेशन का निर्माण**



जमीन पर लेट, बैठकर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। अमृत विचार



शेड न होने से पेड़ों की छाया में बैठे यात्री। अमृत विचार



मुख्य प्रवेश द्वार पर लेटे यात्री। अमृत विचार

# 100 साल से अधिक पुराना कुआं बंद कराने से लोगों में नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के हृदय स्थल झंडेश्वर मंदिर के सामने गली में स्थापित सौ साल से अधिक पुराने कुएं को तोपे जाने से आसपास रहने वालों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यह कुआं न सिर्फ आसपास मोहल्लों सहित बाजार के कारोबारियों की प्यास बुझाता था, बल्कि पूजन में भी इस्तेमाल होता रहा है। इसलिए प्रशासन को हस्तक्षेप करते हुए प्राचीन कुएं का अस्तित्व समाप्त करने से रोकना चाहिए। वहीं निर्माण कराने वालों का कहना है निजी संपत्ति का वह अपने ढंग से उपयोग करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसलिए किसी को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है।

मुख्य मार्ग से पूर्व विधायक शिवपाल सिंह यादव वाली गली में घुसते ही बड़ा सा कुआं दिखाई देता था। पहले आसपास मोहल्लों के लोग भी गर्मी के दिनों में पूरे-पूरे दिन पीने के लिए इस कुएं से पानी ढोकर ले जाते दिखाई देते थे। पाइप लाइन व हैंड पंप से आवश्यकता पूरी होने पर कुएं का उपयोग सीमित होकर समाप्त हो गया। हालांकि शादियों के दौरान निकटवर्ती मोहल्लों की महिलाएं कुआं पुजाई की रश्म इसी कुएं पर अब भी पूरी करने पहुंचते थे। इधर दो दिन से इस कुएं को तोपने (पाटने) का अभियान चल रहा है। पड़ोसियों ने काम करने वाले श्रमिकों को रोकने का प्रयास किया। इस पर निर्माण कराने वाले ने कुआं निजी भूमि पर होने का दावा करते हुए निर्माण न बंद करने की बात कही। विवाद न बढ़ाकर कुआं बंद करने का विरोध करने वाले बिना विवाद बढ़ाए वापस चले गए, लेकिन उनमें नाराजगी है। स्थानीय निवासी शिशिर वाजपेयी, रामजी गुप्ता, सोनू शुक्ला, राकेश दीक्षित, मुकुंद वाजपेयी, राजू गुप्ता, कमलू, गोपाल वाजपेयी, गुड्डू दीक्षित, सूरज गौड़, प्रदीप यादव व नवीन गौड़ आदि ने कहा कि कुएं से मोहल्लावासियों की भावनाएं जुड़ी हैं। इसके अलावा शासन-प्रशासन भी कुओं को संरक्षण दिए जाने की वकालत करता है। इसलिए सार्वजनिक उपयोग में आते रहे कुएं का अस्तित्व नहीं समाप्त होने देना चाहिए। प्रशासन को संज्ञान लेकर जांच कराते हुए कुएं का अस्तित्व समाप्त करने वालों को रोकना चाहिए।



कुआं पूजन का फाइल फोटो।



कुएं को बंद किए जाने पर बनी स्थिति।

● **बोले लोग, सार्वजनिक उपयोग में आता रहा है कुआं**

# सजा पूरी करने के बाद भी युवक की नहीं हो पा रही वतन वापसी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सऊदी अरब की जेल में बंद युवक की सजा पूरी के बाद भी वतन वापसी न होने से उसके परिजन दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पत्नी ने इसके लिए कई पत्र भी लिखे लेकिन, अभी तक उसकी वापसी नहीं हो पाई है।
बीघापुर तहसील क्षेत्र के बक्सर गांव निवासी राम कुमारी पत्नी दिनेश ने बताया कि उसके पति जनवरी-2016 में सऊदी अरब नौकरी करने गए थे। एक बार वह छुट्टी पर घर लौटे और दूसरी बार 22 जून-2018 में फिर चले गए थे। उनके मालिक ने करीब 10 माह का वेतन नहीं दिया। दिनेश ने पत्नी को फोन पर बताया कि मालिक उसे जेल भिजवाने की धमकी देता है। जून-2021 में उसे छुट्टी पर घर आना था। इस पर उसने मालिक से अपना बकाया मांगा। 13 जून-2021 को मालिक ने उस पर डंडे से वार किया तो दिनेश ने अपना बचाव किया। इसमें उसके मालिक को चोट लग गई। मालिक की शिकायत पर सऊदी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहां दिनेश को 18 माह की सजा सुनाई गई। सजा पूरी होने बाद भी अभी तक दिनेश की वापसी नहीं हो सकी और न ही परिजनों का उससे कोई संपर्क हो पाया। महिला की मदद के लिए सभ्रांत लोग आगे आए और गांव के सतीश वर्मा, ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह, मनीष व अरुण सिंह आदि ने प्रशासन से इसके लिये गुहार लगाई है।

● **सऊदी अरब की जेल में बंद है युवक, वतन वापसी न होने से भटक रहे परिजन**

# सिर्फ कागजों पर पूरे हैं सामुदायिक शौचालय

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** विकास खंड बिछिया में दर्जनों की संख्या में सामुदायिक शौचालय ऐसे हैं जिन्हें कागजों में तो पूरा दिखा दिया गया है लेकिन, वे आज भी सुविधाओं के नाम पर अधूरे पड़े हैं। आधे से अधिक में तो विद्युत कनेक्शन ही नहीं है। इससे वहां पानी की सुविधा न होने से लोगों को खुले में शौच जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं, अधिकारी इसकी जांच कराने की बात कह रहे हैं। बता दें कि बिछिया विकासखंड की 57 ग्राम पंचायतों में समुदायिक शौचालय बनाए गए हैं। जिसमें ब्लाक क्षेत्र के गांव सकरन, घूरखेत, मैंता, लालपुर, अडेरुवा सहित एक दर्जन गांवों में बने शौचालयों में विद्युत कनेक्शन ही नहीं है। इससे शौचालय में पानी की व्यवस्था व साफ-सफाई न होने से ग्रामीण शौचालय का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। बिजली न होने से वहां लगाई गई टंकियों में पानी नहीं भर पाता है। एक ओर बिना विद्युत कनेक्शन के शौचालय अनुपयोगी बने हुए हैं वहीं दूसरी ओर कागजों में सभी शौचालय सुचारु रूप से चल रहे हैं। ग्रामीणों में राज कुमार, आशू, मनोज, अनीता व कमलेश ने कहा कि शौचालय तो कभी-कभी खुलता है लेकिन, विद्युत व्यवस्था न होने से उन्हें खेतों में शौच को जाना पड़ता हैं। कई बार इसकी सचिव व प्रधान से शिकायत की गई। लेकिन, किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।



सकरन गांव में अधूरा होने के कारण बंद सामुदायिक शौचालय।



घूरखेत गांव में अधूरा पड़ा सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

● **विभागीय अफसरों की लापरवाही से खुले में शौच जाने को मजबूर हैं लोग**

**बोले डीपीआरओ**

डीपीआरओ यतीन्द्र सिंह ने बताया कि शौचालयों के अधूरे पड़े होने की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो इसकी जांच करवाकर कार्रवाई की जायेगी।

## सार-संक्षेप

### गुमटी में लगी आग, गैस सिलेंडर फटा, कई दुकानें आईं चपेट में

**मियागंज, उन्नाव।** आसीवन थानांतर्गत रात 11 बजे सड़क किनारे लकड़ी की गुमटी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे दुकान में रखा गैस सिलेंडर फट गया। इससे आसपास की अन्य गुमटियों में भी आग लग गई और उनमें रखा लाखों का समान जलकर राख हो गया। थानाक्षेत्र के चकलवंशी-संडीला मार्ग स्थित कस्बा रसूलाबाद के मंदिर चौराहे पर दीपक राठौर निवासी रसूलाबाद की लकड़ी की गुमटी में दुकान रखे था। जिसमें शुक्रवार देररात अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसमें दुकान में रखा गैस सिलेंडर फट गया। जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते चौराहे पर अन्य गुमटियों में भी आग लग गई। इसमें सभी दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ। शोर सुन दौड़े लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार दीपक पुत्र प्रमोद राठौर का 50-60 हज़ार रुपये, विजय शंकर पुत्र भैयालाल यादव 90 हज़ार, संदीप पुत्र सुन्दर सविता 80 हज़ार व रामेश्वर पुत्र हाजरी यादव निवासी कमलापुर का भी हजारों का नुकसान हुआ है।

### गंगा दशहरा स्नान आज, पालिका ने घाट कराए चमाचम

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगा दशहरा स्नान पर नगर व दूर दराज से श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं। जिसको देखते हुए पालिका ने सभी घाटों की साफ सफाई करवाई है। सुरक्षा को देखते हुए नावें और गोताखोर भी तैनात किये गये हैं। जो गहरे पानी में स्नान करने वाले लोगों पर नजर रखेंगे। हालांकि गंगा में इस वक्त पानी कम है लेकिन कहीं कहीं बहुत गहरा पानी है। गंगा दशहरा के एक दिन पहले शनिवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर बालूघाट, नमामि गंगे घाटा, गंगा विशुन घाट, शिव घाट, मोनू घाट के अलावा अन्य शुक्लागंज के घाटों की साफ सफाई कराई गई।



उर्स में कव्वाली पेश करते कव्वाल। अमृत विचार

### यासीन शाह कादरी का उर्स मनाया

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा स्थित मशहूर दरगाह खानकाहे आलिया कादरिया यासीनिया में हजरत सैयद मखदूम यासीन शाह कादरी का 264वां उर्स मुबारक अक़ीदत के साथ मनाया गया। दरगाह के सज्जादानशीं हज़रत सैय्यद अतहर शाह कादरी उर्फ अत्तु मियां की सरपरस्ती व हजरत सैय्यद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां की ज़ेरे निगरानी में गुरुवार रात जलसा ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। जिसमें नगर व क्षेत्र के अलावा दूर-दूर से आये अकीदतमंदों ने शिरकत की। शुक्रवार को बाद नमाज इशा दरगाह में गागर उठाई गई। गागर के बाद महफिले शमां का प्रोग्राम हुआ। जिसमें मशहूर कव्वाल अब्दुल कादिर रहमती व नाजिर रहमती ने अपने बेहतरीन कलाम पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद कुल शरीफ की फ़ातिहा हुई। जिसमें मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, भाईचारा व खुशहाली की दुआ की गई। इस दौरान सफीपुर दरगाह के सज्जादानशीं हजरत नवाजिश, मो. फारुकी उर्फ समदी मियां, हाफिज व मौलाना अब्दुल मुबीन, हाफिज जीशान, हाफिज सरताज, मौलाना नफीस, सलमान बिल्हौर, कलीम मौदहा, इकराम अली, हसीन अहमद व फजलुर्रहमान आदि अकीदतमंद मौजूद रहे।

# स्टाल सीज, भुगतान पर भी नहीं मिलता बोतल बंद ठंडा पानी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को कैश भुगतान पर भी पीने के लिए बोतल बंद ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। जिला मुख्याल के स्टेशन पर अधिकांश यात्री गाड़ियों का दो मिनट तक ठहराव के दौरान पानी तक न खरीद पाने को लेकर नाराजगी रहती है। लोगों का कहना है पिछले दिनों वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा को निरीक्षण में खामियां मिलने के बाद स्टाल सीज किए जाने से यह परेशानी खड़ी हुई है। इसलिए मंडलीय अधिकारियों को वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध करानी चाहिए।

वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक ने रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म 6 की ओर अवैध कैंटीन संचालित पाई थी। अनियमित वेंडर सहित अन्य खामियां मिली थीं। अगले दिन टीम भेजकर विस्तृत जांच कराते हुए रिपोर्ट के आधार पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर संचालित स्टाल सीज करा दिए थे। इन स्टालों पर चाय-बिस्किट के अलावा बोतल बंद पेयजल भी उपलब्ध रहता था। वाटर कूलर से मुफ्त ठंडा पानी न भर पाने वाले यात्री भुगतान कर बोतल बंद पानी खरीदकर अपना हलक तर कर लेते थे। अब लखनऊ या कानपुर से चलकर यहां पहुंचने वाली ट्रेन में बैठे यात्री गाड़ी रुकते ही स्टेशन पर इधर-उधर पानी बेचने वाले वेंडर तलाशते रहते हैं। यात्री मनमसोस कर वापस ट्रेन में बैठ जाते हैं। हालांकि, लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों में पेंट्री कार के वेंडर पानी सहित अन्य सामान बेचते रहते हैं लेकिन, वह अनारक्षित कोच में नहीं जाते हैं।



स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 का सीज स्टाल। अमृत विचार

● **उन्नाव रेलवे स्टेशन पर स्टाल सीज होने के बाद से रेल यात्रियों को पानी की किल्लत**

# आधा दर्जन किसानों को सियार ने किया घायल

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** फसलों की रखवाली कर रहे आधा दर्जन से अधिक किसानों को सियार ने हमला कर घायल कर दिया। कई किसानों ने अस्पताल पहुंच कर वैक्सीन लगवाई है।

बता दें कि थानाक्षेत्र के गांव मक्का खेड़ा में शुक्रवार देररात खेतों में फसल की रखवाली कर रहे आधा दर्जन से अधिक किसानों को जंगली सियार ने हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद कई किसानों ने निजी अस्पतालों में इलाज कराया। वहीं कई किसानों ने सीएचसी पहुंचकर इलाज कराया और वैक्सीन लगवाई। सियार के हमले से घायल हुए किसानों में अवधेश पुत्र विश्वनाथ, आशीष पुत्र रामबाबू, नन्हेलाल पुत्र जशोदानन्दन, रजेपाल, राजकुमार, जय कुमार, जगजीवन लाल, राम व रहीश शामिल रहे।

ग्रामीणों ने सियार को पकड़वाने की अपील उच्चाधिकारियों से की है। वहीं एक ही दिन में इतने लोगों को सियार द्वारा काट कर घायल करने की घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

**ताक पर मुख्यमंत्री का आदेश** | **पालिका ने चार वर्ष पूर्व ही शहर से बाहर बनवा दिये थे स्टैंड**

# शहर में अवैध रूप से संचालित हो रहे टैक्सी व बस स्टैंड

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बीते दिनों अवैध रूप से और अपने नियत स्थान से अलग संचालित हो रहे टैक्सी व बस स्टैंड पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। लेकिन, शहर में मुख्यमंत्री के निर्देश को ताक पर रखा जा रहा है। नगर पालिका ने चार वर्ष पूर्व शहर से संचालित हो रहे वाहन अड्डों को शहर से बाहर करने के लिये वहां स्टैंड भी बनवा दिये थे। लेकिन, अड्डा संचालक उन्हें नजर अंदाज कर आज भी शहर के भीतर से ही वाहन अड्डों का संचालन करवा रहे हैं। जिससे शहरियों को भीषण जाम व अराजकता झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

बता दें कि वर्ष-2021 में शहर के भीतर संचालित होने वाले सभी वाहन अड्डों को अवैध घोषित कर उन्हें शहर से बाहर करने का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश व शहर में जाम की समस्या को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस की मांग पर नगर पालिका ने वाहन अड्डों को शहर से बाहर संचालित करने के लिए स्थान भी तय कर दिए थे। लेकिन, अभी भी यह वाहन अड्डे सिर्फ कागजों पर ही शहर के बाहर चल रहे हैं। हकीकत में यह सभी आज भी उन्हीं पुराने स्थानों से संचालित किए जा रहे हैं। इसमें जिला अस्पताल, गांधी नगर तिराहा, आदर्श नगर, मोती नगर, एसपी आफिस चौराहा सहित अन्य स्थानों पर वाहन अड्डों के संचालन से दिन में ही कई बार भीषण जाम लगता है। नगर पालिका द्वारा बनाए गए वाहन स्टैंड सोपीश बनकर रह गए हैं। कानपुर आटो व टेंपो अड्डा कागजों में इसे शेखपुर स्थित सहकारी शीतगृह के पास से संचालित करने की अनुमति है। लेकिन, सभी वाहन आज भी रामलीला मैदान के सामने रोड किनारे से ही भरे जा रहे हैं। बीघापुर मार्ग पर चलने वाले आटो व टेंपो के लिए गदन खेड़ा बाईपास के पास सवारियों को बैठाकर ले जाने के लिए स्थान तय है। लेकिन, यह अड्डा भी जिला अस्पताल के सामने से संचालित हो रहा है। जिससे अस्पताल गेट के सामने दिन भर जाम लगा रहता है। कई बार तो मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस भी इसमें फंस जाती हैं। वहीं उन्नाव-हरदोई रोड पर शहर से बाहर चांदमारी के पास से वाहनों को चलने के निर्देश हैं। लेकिन, यह शहर में हरदोई पुल के पास से ही संचालित है। इसके अलावा एसपी आफिस के पास से बांगरमऊ-हरदोई मार्ग के लिए आटो, टेंपो व बस स्टाप के लिए शहर के कब्बा खेड़ा के आगे वाहनों को खड़ाकर सवारियां भरने का निर्देश है। वहीं पुरवा-मौरावां जाने वाले वाहनों को लखनऊ बाईपास के पास से सवारियां बैठाने के निर्देश हैं।



शेखपुर सरकारी शीतगृह के पास बना नगर पालिका का स्टैंड।



शहर के रामलीला मैदान के सामने वाहन खड़े कर भरी जातीं सवारियां।

**बोले जिम्मेदार**

**कार्रवाई की जाएगी...**

ईओ नगर पालिका संजय गौतम ने कहा कि सभी वाहन अड्डों को नगर पालिका परिषद द्वारा चिन्हित स्थान से ही संचालित किया जाएगा। ऐसा न करने वाले वाहन चालकों व संचालकों पर कार्रवाई की जाएंगी। वहीं, यातायात प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़ा करने और जाम लगाने वाले वाहनों का चालान किया जा रहा है। नियम का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई होगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चहलहा, विकास खण्ड- बांगरमऊ, उन्नाव**

पत्रांकः मेगो/च.रा.वि./निविदा/ 2024-25 दिनांक 15.06.2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

चतुर्थ वित्त/चौदहवां वित्त आयोग 2024-25 के अन्तंगत ग्रा.पं. **चहलहा** की स्वीकृत कार्य योजना 2024-25 में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री सन्दर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 19-06-2024 समय 11 बजे अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन शाम 5 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख में | निविदा मूल्य लाख में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रा0पा0 मल्हपुर में कायाकल्प के अन्तर्गत टायली करण कार्य | सीमेंन्ट, मौरंग, टायल्स आदि | 4.00लाख | 200 | 15 दिन |
| 2 | प्रा0पा0 मल्हपुर में कायाकल्प के अन्तर्गत इण्टरलांकिग कार्य | ईटा, सीमेन्ट, बालू, इण्टरलाकिंग ईट आदि | 1.50 लाख | 200 | 15 दिन |
| 3. | मनरेगा अन्तर्गत संजय के घर से बारात घर तक नाली निर्माण कार्य | ईटा, ईट गिट्टी, सीमेंन्ट मौरंग बालू आदि | 3.00लाख | 200 | 15 दिन |
| 4. | राम जीवन के दरवाजे से पोलर के दरवाजे तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य | इण्टरलांकिग ईटा, सीमेन्ट मौरंग बालू ईटा आदि | 3.00लाख | 200 | 15 दिन |
| 5. | सन्तू के दरवाजे से राम खेलावन के दरवाजे तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य | इण्टरलांकिग ईटा, सीमेन्ट मौरंग बालू ईटा आदि | 3.00लाख | 200 | 15 दिन |
| 6 | प्रा0पा0 छंगन लाल खेडा में कायाकल्प के अन्तर्गत बाउन्ड्रीवाल निर्माण | ईटा, सीमेन्ट, मौरंग, बालू आदि | 3.00लाख | 200 | 15 दिन |
| 7. | गुड्डी सिंह के घर से शैलेन्द्र के घर तक सीसी रोड मरम्मत कार्य | ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट,मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी आदि | 3.00लाख | 200 | 15 दिन |
| 8 | विनोद के घर से विपिन की बगिया तक नाली निर्माण कार्य | ईटा, सीमेन्ट, मौरंग, बालू आदि | 2.00लाख | 200 | 15 दिन |

**दिवाकर वर्मा**
ग्राम प्रधान

**रोहित सिंह**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत चहलहा, विकास खण्ड- बांगरमऊ, उन्नाव

## एक नजर

### लाठियों से हमला कर घायल किया, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर गयंद में घात लगाकर लाठियों से हमला कर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तीन पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर गयंद निवासी चंदन सिंह ने बताया वह रात को 8 बजे खेत से मोटर साइकिल द्वारा घर जा रहा था। गांव में ब्रजकिशोर की बढिया के निकट पहुंचते ही बढिया के पीछे पहले से घात लगाकर बैठे काली चरन पुत्र इतवारी ने अपने दो साथियों के साथ उस पर लाठियों से बार कर दिया। उसने अंधेरे में कालीचरण को पहचान लिया। पुलिस ने नामजद आरोपी सहित तीन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आपसी विवाद में जमकर बरसे लाठी डंडे और पत्थर

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** मामूली विवाद को लेकर दो पक्षो के बीच हुई कहासुनी के बीच जमकर बरसे लाठी डंडे व पत्थरों से लगभग आधा दर्जन लोग हुए घायल, घायलों को तत्काल चिकित्सीय उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। बताते चलें कि बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र की कल्यानमन पुलिस चौकी अन्तर्गत कल्यानमन गांव में यूनुस पुत्र युसुफ (40) व ज्ञानेश मिश्रा मे हुए मामूली विवाद को लेकर हुई कहासुनी के बाद मामले ने तूल पकड़ ली और देखते ही देखते दोनो पक्षों में लाठी डंडे व पत्थर चलने लगे, मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने स्थिति अनियन्त्रित देख बेनीगंज कोतवाली पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद देखते ही देखते गांव छावनी में तब्दील हो गई।

### भैंस चोरों पर शिकंजा कसने की मांग, सौंपा गया ज्ञापन

**हरदोई।** किसान शक्ति महासभा ने टड़ियावां में हो रहीं भैंस चोरी की घटनाओं पर नाराज़गी जताते हुए प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। महासभा ने कहा है कि अगर अभी भी चोरियों का खुलासा कर चोरों पर शिकंजा नहीं कहा गया तो 25 जून को प्रांतीय नेतृत्व की मौजूदगी में दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा।

# तीन दिन बाद भीषण लू से मिल सकती है राहत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में गर्मी का प्रकोप कम होता नहीं दिखाई पड़ रहा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 43.5 रहा, वहीं न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली पछुआ हवाओं से दोपहर में घरों से बाहर निकलने वालों की संख्या काफी कम दिखी। जरूरी काम से लोग सिर ढक कर ही बाहर निकल पाए। गर्म मौसम के चलते बाजारों में दोपहर को सन्नाटा छा जाता है। मौसम वेधशाला के अनुसार 19 जून से मौसम में बदलाव होगा। बादल घिरने से तापमान में कमी आएगी।



सिर ढक कर धूप से बचाव करते युवक।

### तालाब-पोखर सूखे, पशु-पक्षी रह जा रहे प्यासे

ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों के सामने काफी दिक्कतें खड़ी हो रही है। तालाब-पोखर सूख चुके हैं। शासन व जिला प्रशासन के तमाम निर्देशों के बावजूद इनको भरने के लिए पंचायतों द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। ऐसे में जानवरों को नहलाना व पानी पिलाना पशुपालकों के लिए काफी मुश्किल हो रहा है। भीषण गर्मी में उन गोवंशों की है जो गौशालाओं में जेठ की तपती दोपहरी में टीन शेड के नीचे बंधी रहती हैं।

### बिजली की अघोषित कटौती बढ़ा रही परेशानी

बिजली की अघोषित कटौती इस भीषण गर्मी में आग में घी का काम कर रही है। बिजली का बार-बार आना-जाना शहर वासियों के लिए मुसीबत बना हुआ है। कुल मिलाकर स्पेशल गर्मी और तपन के कारण हर तरफ बेचैनी ही बेचैनी है। पिछले दो सप्ताह से भीषण गर्मी और तपन हो रही है। जिससे इंसानों के साथ बेजुबान भी परेशान हैं।

बताते चलें कि जिले में लगातार मौसम गर्म होता जा रहा है। गर्म मौसम से दोपहर को बाजारों में सन्नाटा छा जाता है, जिससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार भीषण गर्मी और तपन के कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। मुख्य बाजारों में तपन के कारण सन्नाटे की स्थिति बनी रहती है। नगर के मुख्य बाजार पुरानी सब्जी मंडी, पुरानी गल्ला मंडी, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक, बस स्टैंड, अल्लाहपुर तिराहा जैसे प्रमुख स्थानों पर सड़कों पर सन्नाटा दिखाई दे रहा है और दुकानदार ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं।

पूर्वाह्न 11 बजे के बाद से बाजारों में सन्नाटे का आलम हो जाता है। 4 बजे के बाद लोगों का फिर से घर से निकलना होता है तब बाजारों में कुछ चहल-पहल दिखाई देती है। पशु पक्षियों का भी हाल पूरी तरह से बेहाल है। छुट्टा गोवंश और बंदर भी दोपहर के वक्त छांव में दुबककर बैठ जाते हैं।

# डायमंड क्लब अवार्ड मिला

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई की इनर व्हील क्लब टीम को डिस्ट्रिक्ट असेंबली आगरा में डायमंड क्लब अवॉर्ड से नवाजा गया। आगरा में आयोजित डिस्ट्रिक्ट असेंबली में इनर व्हील क्लब के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की गई। क्लब अध्यक्ष रागिनी तिवारी, उपाध्यक्ष सुप्रिया सेठ, सेक्रेटरी रूपाली खन्ना, कोषाध्यक्ष पारुल तिवारी, आइसोओ सोनिया मिश्रा व मीडिया प्रभारी शिल्पी तिवारी को सम्मानित किया गया।

साधिका चेयरमैन एक्सीलेंट डिस्ट्रिक्ट अवार्ड की ट्रॉफी चेयरमैन साधना गुप्ता ने क्लब अध्यक्ष रागिनी तिवारी को दी। साल भर किए गए उत्कृष्ट कार्य जैसे हरदोई मेला बुक्स डोनेशन हेल्थ कैंप लड़की की शादी में सहयोग बीमारी में सहयोग कार्यों की सराहना डिस्टिक असेंबली में की गई। उक्त अवसर पर क्लब अध्यक्ष रागिनी तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट सुप्रिया सेठ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहीं।



अवार्ड के साथ रागिनी तिवारी।

# अधिकारी कार्यालयों में बैठकर सुनें जनता की समस्याएं

## तहसील सण्डीला में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई,

**अमृत विचार।** आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद शनिवार को तहसील सण्डीला में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के पात्र लाभार्थियों को आवास, शौचालय, राशन एवं आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं का लाभ दिलायें और निर्माण कार्यो में गुणवत्ता और मानक का पूर्ण पालन करें और कार्यालय दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर आने वाले फरियादियों की समस्याओं का समाधान करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सरकारी एवं गरीबों की पट्टे वाली भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त लेखपाल एवं कानूनगो को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र के गांवों का रोस्टर बनाकर ग्राम पंचायत सचिव के साथ भ्रमण करें और अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करें तथा भ्रमण के दौरान लोगों से गांव की समस्याओं के बारे जानकारी लेकर उसका तत्काल निस्तारण कराने का प्रयास करें और गम्भीर प्रकरण की जानकारी अपने उच्चाधिकारियों का अवश्य दें। उन्होने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि भीषण गर्मी को ध्याान में रखते हुए जिन गांवों में हैण्ड पम्प खराब है उन्हें प्रधान का सहयोग लेते हुए तत्काल ठीक करायें तथा पशु, पक्षियों का ध्यान रखते हुए तालाबों में पानी भरवायें। उन्होने निर्देश दिये कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभागीय गतिविधियों को तेजी के साथ समय पर पूर्ण करायें और शिथिलता बरते पर संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होगें। सम्पूर्ण समाधान में उपस्थित ईओ को निर्देश दिये कि आने वाली 17 जून को बकरीद को देखते हुए अपनी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में व्यापक स्तर पर सफाई करायें और पानी की सप्लाई निर्वाध कराएं अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय अवधि में अनिवार्य रूप से करें।





संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह। अमृत विचार

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केसव चन्द गोस्वामी ने सीओ एवं समस्त थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि बकरीद के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के अपराधिक, आराजक एवं दंबग तत्वों पर विशेष नजर रखें तथा अपने-अपने क्षेत्रों में बकरीद का त्यौहार शान्ति पूर्ण सम्पन्न करायें और राजस्व अधिकारियों के समन्वय बनाकर भूमाफियों पर कड़ी कार्यवाही करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीएफओ, उप जिलाधिकारी संडीला, जिला सूचना अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

### बंदर के हमले से एक व्यक्ति की मौत

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बा के मुल्लनटोला निवासी तहसील में कार्यरत शफ़ीक अहमद अपने परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे के करीब अचानक बन्दरों ने हमला कर दिया, जिससे सभी सदस्य भागे। इस बीच शफीक अहमद का भाई रफीक उर्फ गुडडू बन्दरों के बीच फंस गया और बन्दरों ने उस पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए रफीक दौड़ा और छत से नीचे गली में गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में गम्भीर चोट आ गई। परिवार वाले उसे स्थानीय डाक्टर के पास ले गये जहां उसकी दुखद मृत्यु हो गई। समाचार मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि कस्बा में बन्दरों का बहुत आतंक है, जिससे आए दिन लोग हादसो का शिकार होते रहते हैं, जिससे पूरे शहर में दहशत है।

# शांति व सौहार्द पूर्वक मनाएं त्योहार : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन सभागार में बकरीद व आगामी त्योहारों को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता मे हुई। उन्होंने बैठक में उपस्थित धर्म गुरूओं, उद्योग व व्यापार संगठन के पदाधिकारी, समाजसेवी एवं सम्भ्रात लोगों से कहा कि त्योहारों को सभी मिलजुल कर सौहार्द पूर्वक मनाएं।

कहा कि त्यौहारों पर जनपद में शान्ति बनाये रखने हेतु अपने गांव तथा मोहल्लों में आने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति के बारे में जानकारी रखें और संदिग्ध व्यक्ति मालूम होने पर तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। सभी त्योहारों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था पर पूरी नजर रहेगी और संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहेगा तथा किसी तरह की अफवाह फैलाने एवं शान्ति भंग करने का प्रयास करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। त्योहार पर व्यापक सफाई व्यवस्था रहेगी और पेयजल एवं विद्युत सप्लाई नियमित कराई जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि जनपद में सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि शहर के मोहल्लों एवं गांव के मजरों में बीट सिपाहियों की गस्त बढ़ायें और लोगों से समन्वय बनाकर क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी भी रखें। उन्होने कहा कि अपने क्षेत्र के आसामाजिक तत्वों से सावधान रहे और किसी तरह की आफवाह पर ध्यान न दें तथा मोबाइल आदि के माध्यम से अफवाह फैलाने वाले की जानकारी तत्काल पुलिस तथा प्रशासन के उच्चाधिकारियों को दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी व पश्चिमी उपस्थित रहें।



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद डीएम-एसपी व विभिन्न धर्मों के लोग। अमृत विचार

# नगर पंचायत कुरसठ में 8 जुलाई को होगा मतदान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला मजिस्टेट मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयुक्त, लखनऊ द्वारा जारी अधिसूचना के तहत नगर पंचायत कुरसठ के रिक्त वार्ड नम्बर-03 रामनगर (आरक्षित वर्ग महिला पद हेतु उप चुनाव आठ जुलाई को कराया जायेगा।

उन्होने बताया है कि उक्त उप चुनाव के लिए तहसील बिलग्राम के नयाब तहसीलदार मल्लावां के न्यायालय में 18 जून से नामांकन पत्र विक्रय किये जायेगें और नामांकन पत्र अतिंम तिथि 22 जून तक अपरांह तीन बजे तक जमा किये जाये तथा 24 जून को नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी व 26 जून को नाम वापसी की प्रक्रिया, 27 जून को प्रतीक चिन्ह का आवंटन किये जायेगें और 08 जुलाई को सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर प्रातः 07 बजे से सायं 05 बजे तक मतदान होगा तथा 10 जुलाई को तहसील बिलग्राम के सभागार में प्रातः 8 बजे से कराई जायेगी। जिला मजिस्टेट ने उप जिलाधिकारी/रिटर्निग अधिकारी बिलग्राम को निर्देश देते हुए कहा है कि अपने सहायक रिटर्निग अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर काम करें।

## सार-संक्षेप



जिला कारागार का निरीक्षण करते अपर जिला जज भूपेंद्र प्रताप। अमृत विचार

### अपर जिला जज ने किया कारागार का निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शनिवार को अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। अपर जिला जज ने बैरक में बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकरी प्राप्त की। उनको बताया कि ऐसे बंदी जिनकी जमानत हो गई है जमानतदार दाखिल नहीं कर पा रहे हैं। वह बंदी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दे सकते है उनकी रिहाई हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवश्यक कार्यवाही करेगा। बंदियों से खान-पान के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। अपर जिला जज ने बंदियों से कहा कि धैर्य बनाये रखें और अपने मुकदमे की पूर्ण जानकारी अपने अधिवक्ता से ले। जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों की समस्यायों के समाधान के लिए लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से नि :शुल्क विधिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार अधीक्षक सतीश चंद्र त्रिपाठी, जेलर संजय कुमार सिंह, डिप्टी जेलर नरेश चंद्र, लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार मिश्रा, देवेन्द्र कुमार सिंह, अजय त्रिपाठी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**टड़ियावां, हरदोई,अमृत विचार।** खेती-बाड़ी करने वाले युवक का शव उसी के घर में भूसे वाले कमरें के अंदर फांसी पर लटका हुआ देखा गया। छत पर सो रहे उसके घर वाले नीचे उतर कर कमरें में जाने से इसका पता चला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टड़ियावां थाने के मुरादपुर निवासी निरंकार अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह खेती-बाड़ी करता था। करीब 12 साल पहले उसकी शादी रिंकी के साथ हुई थी। शुक्रवार की रात उसके घर वाले छत पर सो रहे थे। शनिवार की सुबह नीचे कमरे में देखा तो वहां निरंकार का शव रस्सी से बंधा फांसी पर लटक रहा था। इसका पता होते ही वहां चीख-पुकार मच गई। निरंकार की कोई संतान नहीं है। लोग पत्नी को ताने मारते थे, उसी वजह से वह परेशान रहने लगा और आत्महत्या कर ली। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।



विद्युत खराबी को ठीक करते कर्मचारी। अमृत विचार

### केबिल जलने से कई घंटे बंद रही विद्युत आपूर्ति

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** पावर हाउस मल्लावां में 33 केवी लाइन के केबिल में आग लगने के चलते करीब 6 घंटे विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने से आमजन परेशान बने रहे। शनिवार को 3 बजे 33 केवी लाइन के केबिल में अचानक आग लगने से मशीनों में खराबी आने से करीब 6 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रही, जिससे चारों फीडर प्रभावित बने रहे। जेई इतिशाम अमहम ने बताया कि इंजीनियर द्वारा केबिल के साथ मशीनों को ठीक कराया जा रहा है। राघौपुर फीडर का फाल्ट सही होते ही विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी। इस दौरान भयंकर गर्मी में घंटों उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताते चलें कि गर्मी के मौसम में अत्यधिक लोड होने के कारण आए दिन विद्युत उपकरणों के जलने की समस्याएं आ रही हैं, जिससे घंटों विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहती हैं। विद्युत खराबी से कर्मचारियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** गोसवां नहर से सब्जी खरीदकर जा रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गईं।

शनिवार की शाम को ऊंचागांव निवासी परशुराम 26 वर्ष पुत्र छोटे सब्जी खरीदने गोसवां शारदा नहर पर गया था। वापस बाइक से लौटते समय प्राथमिक विद्यालय ऊँचागांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सीधी टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर परिजनों को मिली तो घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां लाए जहां डॉ जितेन्द्र ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों में मौत की खबर मिलते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। मृतक का एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था जो मजदूरी करके घर चला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



### शराब पीकर ड्राइविंग करने वालों की जांच

**हरदोई, अमृत विचार।** इन दिनों मार्ग दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक द्वारा शराब पीकर वाहन चलाए जाने की बात सामने आ रही है। इसी कड़ी में वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाजर चेकिंग की गई। इसमें शराब पीने वालों का पता चल जाता है। यातायात निरीक्षक प्रमोद यादव ने बताया कि शराब पीकर वाहन चला रहे कई लोगों का चालान किया गया। उन्होंने बताया कि आए दिन बढ़ रही मार्ग दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है।



### हॉकी में बालिकाओं ने दिखाया हुनर

**हरदोई, अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिला खिलाड़ियों ने अपना हुनर दिखाया। प्रथम जूनियर अंडर 17 महिला हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व ब्लाक प्रमुख व हॉकी अध्यक्ष समीर सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से करीब 120 बालिकाओं ने प्रतिभा किया है। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन का उद्घाटन बालाजी हुंडई के मालिक से कपिल अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। मैच मैच में निर्णय की भूमिका में अभिषेक सिंह, कौशल, चौधरी भावेश व शशि राठौर ने की।

**कार्यक्रम** — गांधी भवन सभागार में कार्यक्रम का हुआ आयोजन, ब्लॉक व तहसीलों में भी प्रशिक्षकों ने अधिकारियों व कर्मचारियों को बताए फायदे

# योग सप्ताह की हुई शुरुआत, जिलाधिकारी ने भी किया योगाभ्यास

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष में इस बार योग सप्ताह का आयोजन भी किया जा रहा है। योग सप्ताह का शनिवार को शुभारंभ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने गांधी भवन सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी तहसील और ब्लॉक मुख्यालय पर भी योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। उन्होंने सभी को योग रहे निरोग के लिए प्रेरित किया।

कहा कि सभी ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील और जनपद में आज से 21 जून तक सुबह योग सप्ताह मनाया जाएगा। सभी जनपद वासी योग की शिक्षा लें योग करें और अपना और अपने परिवार जनों का स्वास्थ्य बेहतर करें। 21 जून को स्पोर्ट्स ग्रांउड में सुबह 5:30 बजे से योग दिवस समारोह का आयोजन होगा। पतंजलि योगपीठ के योग शिक्षक हरि शरण सिंह ने सभी योग कराया। गांधी भवन सभागार में एसपी केसी गोस्वामी, उप कृषि निदेशक, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी और अन्य अधिकारी कार्मिक और नागरिक उपस्थित रहे। बावन ब्लॉक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा दशम योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसमें विकास कर्मियों और प्रधान ने प्रशिक्षक के निर्देशानुसार योग किया। खण्ड विकास कार्यालय में दशम योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह का शुभारंभ शनिवार से हुआ। जिसमें होम्योपैथी विभाग के योग प्रशिक्षक संदीप मिश्रा द्वारा कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को योग का प्रशिक्षण दिया गया और योग कराते हुए योग से होने वाले लाभ के सम्बंन्ध जानकारी दी और विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कराये। खण्ड विकास अधिकारी डॉ राम प्रकाश ने बताया कि विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में पँचायत सहायक, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधानों और गांववासियों ने योग किया। योग से शरीर और मन स्वस्थ होता है। इस दौरान बीडीओ डॉ राम प्रकाश, प्रदीप पाराशर अवर अभियंता, एडीओ सांख्यकी मिथलेश, योग प्रशिक्षक डॉ संदीप मिश्रा, बावन प्रधान प्रतिनिधि हमीद अहमद पप्पू मंसूरी, पंचायत सचिव सुनील पाल, शकूर खान, नौशाद खान सहित कर्मचारी मौजूद रहे।



गांधी भवन सभागार में योग सप्ताह की शुरुआत करने के बाद योगाभ्यास करते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह। अमृत विचार

# भारतवासियों का स्वभाव रहा है सबके प्रति आत्मभाव



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।"

प्रकृति का प्रत्येक अंश और अंग परस्परावलम्बन में है। सब एक दूसरे पर आश्रित हैं। न जल स्वतंत्र है और न ही हवा। वनस्पतियां औषधियां भी स्वतंत्र नहीं हैं। लाखों जीव हैं, वह भी प्रकृति की शक्तियों पर निर्भर हैं। पिछले कुछ समय से प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण है। पृथ्वी का ताप बढ़ा है। संभवतः पहली बार भारत के बड़े क्षेत्र में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अनेक जीव पशु पक्षी इस ताप को सह नहीं पाए। अनेक मनुष्यों की भी इस ताप के कारण मृत्यु हुई। भूमंडलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतर्राष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है।

प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में यह आत्मीयता सुंदर कविता के रूप में प्रकट हुई है। इस सूक्त के रचनाकार अथर्वा हैं। उन्होंने पृथ्वी को माता कहा है। उत्सवों और मांगलिक कार्यों में छाया आदि बनाने के क्रम में जमीन में बांस गाड़े जाते थे। जमीन को खोदना पड़ता था। ऋषि प्रार्थना करते हैं, "हे पृथ्वी माता इसके लिए हमें क्षमा करें।" अथर्वा कहते हैं, "इस पृथ्वी पर तमाम उत्सव होते हैं। लोग मिलते हैं। परस्पर प्रसन्न होते हैं। ऐसी हमारी पृथ्वी माता हम सबको संरक्षण दें। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वनस्पतियों को भी देवता माना गया है। महाभारत के प्रसंग में श्री कृष्ण ने पृथ्वी की उपासना की। पृथ्वी प्रकट हो गईं। श्री कृष्ण ने पूछा कि, "हे माता आप किस उपासना से प्रसन्न होती हैं? पृथ्वी ने उत्तर दिया कि, "दोपहर और सांय कीट-पतिंग, चूहे बिल्लियों आदि के लिए अन्न के कुछ दाने बिखेरने से हम प्रसन्न होते हैं। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 44) में लिखा है, "प्राचीन भारत में नदियां ईश्वर तुल्य मानी जाती थीं। ऋग्वेद में सरस्वती नदी को देवी के रूप में चित्रित किया गया है। वैदिकोत्तर काल में गंगा को मातृ देवी कहा गया है। ऐसी परंपराएं आज तक बरकरार हैं,पृथ्वी और जल दोनों से वनस्पतियों और पशुओं का पोषण होता था। इसलिए इन्हें माता का दर्जा दिया गया। अनेक वृक्ष नीम, पीपल, बरगद, शमी और तुलसी भी पवित्र माने जाते हैं।"

ऋग्वेद और अथर्ववेद में गोहत्या को निषेध बताया गया है। शर्मा जी ने लिखा है कि, "गौतम बुद्ध पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सुत्त निपात में गायों की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है।" शर्मा जी ने ऋग्वेद के संदर्भ की उपेक्षा की है। बुद्ध से बहुत पहले ऋग्वेद में गायों की सुरक्षा के साथ उनकी उपासना पर भी जोर दिया गया है। संपूर्ण वैदिक साहित्य पर्यावरण सजगता से भरा पूरा है। पर्यावरण की चिंता संप्रति विश्व कर्तव्य है। भारत में पर्यावरण चेतना का उद्भव कम से कम 3000 से 4000 वर्ष पुराना है। गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को प्रकृति का यज्ञ चक्र समझाया और कहा, "अन्न से प्राणी हैं, अन्न वर्षा से उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ श्रेष्ठ कर्म से उत्पन्न होता है। (गीता 3.14) मनुष्य वनस्पतियों और जीवन के प्रति आत्मीय बना रहे तो वर्षा समय पर होगी। सभी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा भी होगी।

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।" दिनकर जी के कथन में आर्य बाहर से आई हुई जाति है। प्रश्न है कि बाहर से आए आर्य यहां पर नदी संस्कृति का निर्माण क्यों करेंगे? दिनकर जी आर्यों को बाहर से आया हुआ मानते थे। यह गलत है। यहां पहले से ही वैदिक संस्कृति फल फूल रही थी। दिनकर जी ने अपनी बात के समर्थन में पंडित जवाहर लाल नेहरू को उद्धृत किया है। नेहरू ने लिखा है, ''ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन और बैक्ट्रियन लोग, सीथियन और हूण लोग, मुसलमानों से पहले आने वाले तुर्क और ईसा की आरंभिक सदियों में आने वाले ईसाई, यहूदी और पारसी, ये सब के सब एक के बाद एक भारत में आए और उनके आने से समाज ने एक हल्के कम्पन का भी अनुभव किया। मगर अंत में आकर वे सब के सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए।" नेहरू के कथन में भारतीय संस्कृति का महासमुद्र ध्यान देने योग्य है। इसी में बाहर से आए लोग और विचार धुल गए।

सांस्कृतिक दृष्टि से भारत प्राचीन काल से ही सर्वसमावेशी रहा है। इसका कारण प्राचीन वैदिक दर्शन रहा है। सी.ई.एम. जोड ने सही लिखा है कि, "मानव जाति को भारत वासियों ने जो सबसे बड़ी चीज वरदान के रूप में दी है वह यह है कि भारतवासी हमेशा से ही अनेक जातियों के लोगों और अनेक प्रकार के विचारों के बीच समन्वय करने को तैयार रहे हैं और सभी प्रकार की विविधताओं के बीच एकता कायम करने की उनकी क्षमता लाजवाब रही है। सबके प्रति आत्मभाव भारतवासियों का स्वभाव रहा है। वैदिककाल में कीट पतिंग से लेकर मनुष्यों तक एक ही आत्मतत्व मान्य रहा है।

भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रभावित विद्वान मैक्समूलर ने लिखा है कि, ''अगर मैं आपसे यह पूछूं कि केवल यूनानी, रोमन और यहूदी भावनाओं और विचारों पर पलने वाले हम यूरोपीय लोगों के आतंरिक जीवन को अधिक समृद्ध, अधिक पूर्ण और अधिक विश्वजनीन, संक्षेप में, अधिक मानवीय बनाने का नुस्खा हमें किस जाति के साहित्य में मिलेगा, तो बिना किसी हिचकिचाहट के मेरी ऊंगली हिन्दुस्तान की ओर उठ जाएगी।" बीसवीं सदी के चिंतक रोम्यां रोलां ने लिखा है कि, अगर इस धरती पर कोई एक ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय और पनाह पाते रहे हैं, तो वह जगह हिन्दुस्तान है।"

यहां ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही विश्ववारा संस्कृति रही है। यहां जो भी आया हिन्दू समाज ने उसका स्वागत किया। सबके साथ रहने, मिलने, बात करने और संस्कृति का आनंद लेने का वातावरण वैदिक काल से ही शिखर पर था। इस्लामी ब्रितानी लोगों के भारत आने से संस्कृति पर बुरा प्रभाव पड़ा। इस्लाम अनुयायियों से टकराव भी हुए। बाद में ब्रिटिश सत्ता द्वारा भारतीय संस्कृति पर हमले हुए। अंग्रेज भारत के लोगों का धर्मांतरण चाहते थे। उन्होंने भी भारतीय संस्कृति पर आधुनिकता के नाम पर तमाम वैचारिक हमले किए। गांधी जी ने कड़ा प्रतिवाद किया और यूरोपीय सभ्यता को 'चांडाल' कहा। इस सभ्यता को ही दुर्भाग्य से आधुनिक सभ्यता कहा जाता है। हमारी आधुनिक सभ्यता हमारी ही प्राचीन संस्कृति का आधुनिक रूप होना चाहिए।

# पहाड़ और पर्दा प्रथा

दरांती (घास काटने वाला बड़ा चाकू) चलाने में निपुण ये महिलाएं पर्दा प्रथा के बारे में जानती भी नहीं हैं। पहाड़ में आपको छत्रपति शिवाजी की प्रतिमूर्ति बेशक यदा कदा मिले, परंतु लक्ष्मीबाई रूपी वीरांगना लगभग हर घर में मिल जाएगी, जो विकट परिस्थितियों का सामना वीरांगना की भांति सहजता से कर सकती हैं।



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

हमारे पहाड़ की महिलाएं घूंघट नहीं करती,करे भी क्यों,न यहां की परिस्थितियां और न ही परिवेश इसकी अनुमति देता है। पहाड़ के जैसे ही अचल, अडोल, हांड-तोड़ मेहनत करने वाली पहाड़ी महिलाएं लड़कपन के दिनों में मन से जितनी उन्मुक्त होती हैं,वही विवाह के पश्चात उतनी ही गृहस्थी के प्रति समर्पित।

पहाड़ की परंपरा में पर्दा प्रथा नहीं है,क्योंकि यहां छोटे-बड़े का नैसर्गिक लिहाज ही काफी है। उन्मुक्त, स्वच्छंद परिवेश में हंसना बोलना, पारिवारिक सामंजस्य जिस में निश्छलता, समर्पण और स्पष्टवादिता का भाव मानो पहाड़ से ही विरासत में मिला है। दुर्गम परिस्थितियों में महिलाएं अकेली ही बड़ी कुशलता से घर संभालने को विवश भी हैं और अभ्यस्त भी, आखिरकार रोजी-रोटी के लिए साथी के पलायन की विवशता जो है। खैर अब तो गांव के गांव यहां से शहर को पलायन कर गए हैं।

दरांती (घास काटने वाला बड़ा चाकू) चलाने में निपुण ये महिलाएं पर्दा प्रथा के बारे में जानती भी नहीं हैं। पहाड़ में आपको छत्रपति शिवाजी की प्रतिमूर्ति बेशक यदा कदा मिले,परंतु लक्ष्मीबाई रूपी वीरांगना लगभग हर घर में मिल जाएगी,जो विकट परिस्थितियों का सामना वीरांगना की भांति सहजता से कर सकती है।

खैर मेरे जैसे शुरू से शहर में पले बड़े पहाड़ के जीवन को सही से लेखबद्ध भी नहीं कर सकते,परंतु हां अपनी मां को मैंने बड़ी कुशलता से दरांती का इस्तेमाल घास काटने के अलावा घर की साग-सब्जी काटते हुए देखा है। मुझे तो दरांती देखने में ही भय लगता है, तो रखना तो बहुत दूर की बात है। घुंघट से जुड़ा एक वाकया याद आया। मायके में जोशी जी जो कि बेटे-बहू वाले सामूहिक परिवार के रूप में हंसी-खुशी एक ही छत के नीचे रहता थे। एक बार उनसे पड़ोस के एक गैर उत्तराखंडी जो की वरिष्ठ थे और दिल्ली पुलिस में उच्च पद से सेवानिवृत थे ने बोला अरे जोशी जी तुम्हारे पहाड़ की बहुए पर्दा नहीं करती हैं, न बड़ों की उपस्थिति का ख्याल करती हैं। कहीं भी उठ-बैठ जाती हैं। तो जोशी जी बोले आप बिल्कुल ठीक कह रहे हैं। हमारे पहाड़ की महिलाओं की आंखों में ही शर्म और लिहाज बहुत है। घरों के झगड़े घरों में ही निपट जाते हैं। आपकी तरह घूंघट की आड़ में कोर्ट कचहरी नहीं जाते कभी। पड़ोसी ने फिर कभी आक्षेप लगाने की हिम्मत नहीं उठाई।

मैं स्वयं पर्दा प्रथा के खिलाफ हूं। आखिरकार क्यों महिलाएं पर्दा करें,मात्र इसलिए की महिलाएं हैं। अरे पर्दा प्रथा हिंदुस्तान की सनातनी संस्कृति में थी ही नहीं। यह तो जब बाहरी आक्रांता आए तब मजबूरी वश शुरू किया गया। आक्रांता कब के चले गए। हम आजादी की शताब्दी मनाने की ओर उन्मुख हैं और यह पर्दा प्रथा मानो महिलाओं की आजादी को ही मुंह चिढ़ा रहा हो। आज महिलाओं को प्रगतिशील विचारों, गरिमामय छवि, निर्णयात्मक क्षमता और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा चलाकर चलने की आवश्यकता है न कि पुरातन परंपराओं को पोषित,पल्लवित और अग्रप्रेषित करने की,पर हैरत होती है कुछ महिलाएं ही पुरुष सत्तात्मक वर्चस्व को बनाए रखने की पक्षधर हैं और पर्दा प्रथा का खुलकर समर्थन करती हैं।

# देवि सुरेश्वरि भगवति गंगे



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक कथा के अनुसार राजा बलि को छलने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा से तीन पग भूमि मांगी। राजा के 'हां' करने के बाद वामन विराट हो गए और एक पग से सारी पृथ्वी तथा दूसरे से आकाश नाप लिया।



गंगा जी बस कहने को तो नदी हैं,किंतु उनकी अपार पवित्रता और महत्ता के चलते वे इससे ऊपर की चीज और साक्षात् देवी हैं। 'रामचरितमानस' में रावण से संवाद करते हुए अंगद कहते हैं, "राम मनुज कस रे सठ बंगा। धन्वी काम नदी पुनि गंगा"। यानी जैसे श्रीराम भला मानव वर्ग में कैसे गिने जाएंगे और क्या गंगा जी की गिनती सामान्य नदियों में होगी? कदापि नहीं। श्रीमद्भगवद्गीता के दशम् अध्याय (विभूति योग) में अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने अपने को नदियों में जाह्नवी कहकर गंगा की सर्व श्रेष्ठता प्रतिपादित कर दी है, "झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी"। इनके दर्शन, मज्जन, पान से दैहिक, दैविक और भौतिक ताप मिट जाते हैं। कहा गया है, 'दर्शन मज्जन पान त्रिविध भय दूरि भगावत'। उनके जल की महिमा का प्रत्यक्ष से लेकर परोक्ष प्रभाव अत्यंत विशद है। पंडित राज जगन्नाथ ने अपनी इतिहास प्रसिद्ध संस्कृत कृति "गंगा लहरी" के एक श्लोक में लिखा है कि रात्रि के विलास काल में राज रमणियां अपने उरोजों पर जो कस्तूरी का लेप करती हैं,वह प्रातः गंगा स्नान करते समय उनके जल में धुलकर मिल जाता है। तब उन हिरनों के पास दिव्य विमान पहुंच जाते हैं जिनकी नाभि से वह कस्तूरी निकली थी और उन्हें सशरीर नंदन वन में विहार हेतु उपस्थित कर देते हैं":-

प्रभाते स्नांतीनां नृपति रमणीनां कुच तटी
गतो यावन्मातर्मिलति तव तोयैर्मृगमदः।
मृगास्तावत्वैमानिक शत सहस्रैःर्परिवृतः
विशंति स्वच्छन्दं विमल वपुषो नंदन वनम्।।

भौतिक रूप से ऐसी माता गंगा का उद्गम हिमालय पर गोमुख है और वे एक बड़े क्षेत्र को पवित्र करती, जीवन दान देती गंगा सागर में समुद्र में विलीन हो जाती हैं,लेकिन उनके अलौकिक उद्गम की अनेक कथाएं हमारे आर्ष ग्रंथों-रामायण, महाभारत और पुराणों में उल्लिखित हैं। कहते हैं राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ किया था जिसके लिए घोड़ा छोड़ा गया था। इंद्र इस यज्ञ की सफलता से भयभीत थे। अतः उन्होंने छद्म वेष में वह घोड़ा कपिल मुनि के आश्रम में जाकर बांध दिया। मुनि ध्यानावस्थित थे। उन्हें कुछ पता नहीं चला। इधर राजा सगर की साठ हजार संतानें घोड़े को ढूंढने निकलीं और उन्हें कपिल मुनि के आश्रम में वह बंधा मिला। इन संतानों ने मुनि पर चोरी का आरोप लगाया और अनुचित व्यवहार करने लगे। मुनि ने क्रुद्ध होकर उन्हें भस्म कर दिया। उनकी प्रेतात्माएं भटकने लगीं। आगे चलकर इसी वंश में राजा भगीरथ हुए। उन्होंने अपने इन पूर्वजों की मुक्ति का उपाय पूछा, तो बताया गया कि स्वर्ग प्रवाहिनी गंगा यदि इनकी भस्मी के ऊपर से प्रवाहित हो जाएं, तो ये मुक्त हो जाएंगे। राजा ने तप करके गंगा जी को पृथ्वी पर आने के लिए राजी कर लिया,किंतु उन्होंने एक शर्त रखी। वे बोलीं कि हमारा वेग अति उत्कट होगा। उसे यदि कोई रोक सके,तभी हमारी उपयोगिता पृथ्वी वासियों के लिए हो पाएगी,अन्यथा मैं पृथ्वी फोड़कर सीधे पाताल चली जाऊंगी। तब भगीरथ ने भगवान शंकर को तप करके प्रसन्न किया। वे उनके वेग को अपनी जटावों में लेने को सहमत हो गए। गंगा जी अवतरित होने लगीं, तो उन्हें कुछ अहंकार हो गया कि भला मेरा वेग कौन रोक पाएगा? बस फिर क्या था भोलेनाथ ने उन्हें अपनी जटाओं में ऐसा उलझा दिया कि वे विपुल काल तक धरती पर उतर ही नहीं पाईं। अंततः भगीरथ की अनुयय विनय पर भगवान शंकर ने उन्हें भूमि पर आने दिया और भगीरथ का उद्देश्य पूरा हो गया।

एक अन्य कथा के अनुसार राजा बलि को छलने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा से तीन पग भूमि मांगी। राजा के 'हां' करने के बाद वामन विराट हो गए और एक पग से सारी पृथ्वी तथा दूसरे से आकाश नाप लिया। तीसरा फिर भी शेष रहा। कहते हैं कि आकाश पर विराट का पग पड़ते ही ब्रह्मांड कपाल फूट गया और ऊर्ध्व लोकवाहिनी गंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हो गईं। इसी कथा में कहीं-कहीं थोड़ा अंतर है। वह यह कि जब वामन विष्णु जी का चरण आकाश पर गया,तो ब्रह्मा जी ने उसका प्रक्षालन करके उपने कमंड में भर लिया और पुत्री का रूप देकर हिमालय को सौंप दिया। तीसरी कथा के अनुसार भगवान शंकर ने एक बार नृत्य किया जिससे राधा माधव द्रवित हो गए। वह ब्रह्मद्रव ब्रह्मा जी ने अपने कमंड में भर लिया और वह देवलोक में पावन नदी बनकर प्रवाहित होने लगा। पश्चात् भगीरथ के प्रयास से वह विष्णु चरणों से होकर शंकर जटाओं पर गिरकर पृथ्वी पर आईं और एक धारा पाताल चली गई। देवलोक में वे मंदाकिनी, पृथ्वी पर गंगा या भागीरथी तथा पाताल में भोगवती कहलाईं। तीनों लोकों में होने के कारण वे त्रिपथगा भी हैं। उनका संबंध इस तरह त्रिदेवों-ब्रह्मा, विष्णु, महेश से भी है। उनका यह अवतरण ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को हुआ था, जिसे ज्येष्ठ दशहरा या गंगा दशहरा कहते हैं। हिमालय पर अनेक धाराओं में प्रवाहित होती हुई, पंच प्रयागों में धाराओं का आमेलन हुआ है। वहां का अंतिम प्रयाग देवप्रयाग है,वहीं से इनका नाम गंगा पड़ा। वहां अलकनंदा और भागीरथी का संगम है। स्कंद पुराण के हिमवत खंड के अनुसार यहां तीन रात्रि विश्राम कर लेने वाले को इंद्र पदवी प्राप्त होती है। यहां स्थित रामकुंड में भगवान राम ने भी स्नान किया था।

# लोक ही स्मृतियों का स्रोत



सरोज मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दोस्तों हम बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं। जीवन मूल्य तिरोहित हो गए हैं। विचार का संकट खड़ा हो गया है। वैचारिकता समाप्त है। हम मुगालते में जी रहे हैं। हम मनुष्य की तरह नहीं वस्तु जींस की तरह जी रहे हैं। धर्म की वस्तु, जाती की वस्तु। वोट की वस्तु, राजनीती की वस्तु, कुटिल चतुर गुंडों के स्वार्थ पूर्ती की वस्तु। हां कुछ लोग एक कदम आगे हैं। वे वस्तु की जगह साधन हो गए हैं। देश का आचरण। नैतिकता तिरोहित है, मित्रों, मनुष्य स्मृतिवान है। वह इतिहास बोध संपन्न प्राणी है। विचारों में जीता है, सिद्धांतों को रचता है और सिद्धांतों में ही ऊपर उठता रहता है।

लोक ही उसकी स्मृतियों का श्रोत है। वही मूल जड़ है। मनुष्य का अपना रचा हुआ एक लोक होता है। मतलब की उसका संपूर्ण अस्तित्व लोक बद्ध होता है। वह लोक लय से संचालित होता है। लोक से ही आभिजात्य विकसित हुआ है, हो रहा है और होता रहेगा, अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए लोक राग को सुरक्षित कर पाना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती है। आज समय का छंद कही खो गया है। कारण बहुत साफ है। हमारी लौकिक परंपरा में किंवदंतियों का घाल मेल हो गया। भगवान से लेकर जीवनशैली तक की अवधारणाओं में भी। हमारी अनुभूतियां। जिजीविषा का पल्ला पकड़ कर आती रहीं। यही जिजीविषा ही अनादी काल से आज तक हमें स्थापित करती रही है। जिजीविषा की इस दुर्दमनीय धारा को हमारा लोक राग। हमारी स्मृतियां प्रवाह देती रहीं हैं,किन्तु आज का समय बहुत कठिन है।

हर कदम पर बटमार समाज को गुमराह कर रहे हैं। ये बटमार संगठित हैं। जरूरत है एक नए प्रतिबद्धता की। नए लोकराग की जो समाज में छिपे कपट को पहचान सके। तभी समय का छंद सधेगा। इस दौर में भी अभी भी हमारे पास बहुत कुछ है अपनी भावी पीढ़ी के लिए बचाने के लिए।

# कश्मीर की समस्या और बाहरी ताकतें



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

कश्मीर में लंबे समय से तनाव चल रहा है। पाकिस्तान और उसके अनुयायी पृथकतावादी संगठन एक ओर हैं तो दूसरी ओर हिंदुत्ववादी संगठन हैं। बीच में कहीं तीसरा धड़ा धर्मनिरपेक्ष कश्मीरियों का है,जो कश्मीर की रक्षा किए हुए हैं और उनके कारण ही आज कश्मीर भारत का हिस्सा है वरना सांप्रदायिक ताकतें और फंडामेंटलिस्ट-पृथकतावादी अपने-अपने तरीकों से जम्मू-कश्मीर को बांट चुके होते,जो लोग नागार्जुन के बारे में बातें कर रहे हैं उनसे सम-सामयिक सवालों पर स्टैंड लेने के लिए कहा जाना चाहिए।

बाबा की कविता का मामला साहित्य का मामला नहीं है। यह समाज और राष्ट्र का मामला भी है। बाबा नागार्जुन के पास कश्मीर को लेकर एक समझ थी और वे कश्मीर की धड़कन को अच्छी तरह पहचानते थे। कश्मीर पर लिखी उनकी कविता का शीर्षक है 'केसर की मासूम क्यारियों से आती आवाज'। बाबा ने लिखा- ''काश्मीरी ही काश्मीर कर सकते उद्धार/'' जो लोग यह समझते हैं कश्मीर की समस्या देसी है वे गलतफहमी के शिकार हैं,पहले भी आज भी कश्मीर की समस्या बाहरी ताकतों के द्वारा पैदा की गई है। अमेरिका और पाक की इन दिनों कश्मीर में अतिरिक्त दिलचस्पी दर्ज की गई है। अमेरिकी रवैये पर बाबा ने लिखा- ''अमेरिकी बंदर पंचों की खुल जाएगी पोल/काश्मीर में बजा करेंगे काश्मीर के ढोल।''

कश्मीर को लेकर तथाकथित सुलह कराने वालों पर बाबा ने लिखा - '' डिनर नई दिल्ली में और कराची में कर लंच/ तौल रहे रावलपिंडी में लड्डू बंदर पंच।'' अंत में बाबा नागार्जुन ने जो लिखा वह और भी महत्वपूर्ण है। लिखा '' मात खाएंगे हिंदी पंडित, पाकिस्तानी पीर/ लो देखो, वह खड़ा हो रहा नया-नया कश्मीर।''

# आखिर हम इतिहास से कब सीखेंगे



गणेश प्रसाद पांडेय
गोरखपुर

डॉ. आंबेडकर जी का वह कथन सोचने पर मजबूर का देता है कि यदि समाज के एक बड़े वर्ग को युद्ध से दूर नहीं किया गया होता तो भारत कभी गुलाम नहीं बनता।

कभी-कभी विचार आता है कि 1500 ई. के बाद के ब्रिटिश कितने साहसी और बुद्धिमान रहे होंगे, जिन्होंने एक ठंडे प्रदेश से निकलकर,अनजान रास्ते और अनजान जगहों पर जाकर लोगों को गुलाम बनाया। अभी भी देखा जाए तो ब्रिटेन की जनसंख्या और क्षेत्रफल गुजरात के बराबर है,लेकिन उन्होंने दशकों नहीं शताब्दियों तक दुनिया को गुलाम रखा।

भारत की करोड़ों की जनसंख्या को मात्र कुछ लाख या हजार लोगों ने गुलाम बनाकर रखा और केवल गुलाम ही नहीं बनाया,बल्कि खूब हत्याएं और लूटपाट की। उन्हें अपनी कौम पर कितना गर्व होगा कि उनके मुट्ठी भर लोगों ने दुनिया को नाच नचाते रहे।

भारत के एक जिले में शायद ही 50 से ज्यादा अंग्रेज रहे होंगे,लेकिन लाखों लोगों के बीच अपनी धरती से हजारों मील दूर आकर अपने से संख्या में कई गुना अधिक लोगों को इस तरह गुलाम रखने के लिए अद्भुत साहस रहा होगा। अगर इतिहास देखते हैं तो पता चलता है कि उनके पास हम पर अत्याचार करने के लिए लोग भी नहीं थे तो उन्होंने हम में से ही कुछ लोगों को भर्ती किया था,हम पर अत्याचार करने के लिए, हमें लूटने के लिए। सोचकर ही अजीब लगता है कि हम लोग अंग्रेजों के सैनिक बनकर, अपने ही लोगों पर अत्याचार करते थे। चंद्रशेखर, बिस्मिल जैसे मात्र कुछ गिनती के लोग थे, जिन्हें हमारा ही समाज हेय दृष्टि से देखता था। आज वही नपुंसक समाज उन चंद लोगों के नाम के पीछे अपना कायरतापूर्ण इतिहास छुपाकर झूठा दंभ भरता है।

यानि हम स्वाभिमानहीन लोग हैं, स्वतंत्रता मिलने पर भी हम मानसिक गुलाम ही रहें। दूसरी तरफ हमारी व्यवस्थाएं भी सड़ी हुई हैं,जिन्होंने इन सभी नाकामियों का कभी मंथन ही नहीं किया। हमारे ऊपर जब आक्रमण हो रहे थे और हम जब एक युद्धकाल से गुजर रहे थे,हमारी बहुसंख्यक जनसंख्या इस मानसिकता में थी कि "कोउ नृप हो हमें का हानि"! मतलब उनको युद्ध से, राज्य से, राजा से कोई मतलब नहीं था। ये सब बस क्षत्रिय के काम थे। उनको करना है तो करें, नहीं करना तो नहीं करें। यही कारण था कि मुस्लिम आक्रमण से राजस्थान क्षेत्र छोड़कर समस्त भारत धराशाही हो गया था,क्योंकि राजस्थान में क्षत्रिय जनसंख्या अधिक थी तो संघर्ष करने में सफल रहे। ऐसे ही कुछ क्षेत्र और थे,जो इसमें सफल हुए। आज इस्राइल बुरी तरह शत्रुओं से घिरा हुआ है,लेकिन सुरक्षित है। क्योंकि वहां के प्रत्येक व्यक्ति की देश और धर्म की सुरक्षा की जिम्मेदारी है,लेकिन हमने ये कार्य केवल क्षत्रियों पर छोड़ दिया था,जबकि फौज में भी युद्ध के समय माली, नाई, पेंटर, रसोइया आदि सभी लड़ाका बनकर तैयार रहते हैं। हमने युद्धकाल में भी परिस्थितियों को नहीं समझा और अपनी योजनाएं नहीं बनाई अपनी व्यवस्थाएं नहीं बदली।

डॉ. आंबेडकर जी का वह कथन सोचने पर मजबूर का देता है कि यदि समाज के एक बड़े वर्ग को युद्ध से दूर नहीं किया गया होता तो भारत कभी गुलाम नहीं बनता। जरा विचार करके देखिए कि मुस्लिमों एवं अंग्रेजों से जिस तरह क्षत्रिय लड़े, अगर पूरा हिन्दू समाज क्षत्रिय बनकर,लड़ा होता तो क्या हम कभी गुलाम हो सकते थे? सामान्य परिस्थिति में समाज को चलाने के लिए उसको वर्गीकृत किया ही जाता है, लेकिन विपत्तिकाल में नीतियों में परिवर्तन भी किया जाता है,लेकिन हम इसमें पूरी तरह नाकाम लोग हैं। इसलिए 1000 सालों से दुर्भाग्य हमारे पीछे पड़ा है। अटल जी एक भाषण में कहते हैं कि एक युद्ध जीतने के बाद जब 1000 अंग्रेजी सैनिकों ने विजय-जुलूस निकाला था,तो सड़क के दोनों तरफ 20000 भारतीय उनको देखने आए थे। अगर ये 20000 लोग पत्थर-डंडे से भी मारते, तो 1000 सैनिकों को भागते भी नहीं बनता,लेकिन ये 20 हजार लोग केवल युद्ध के मूक दर्शक थे।

आज भी कुछ खास नहीं बदला। मुगलों और अंग्रेजों का स्थान एक खास डाइनेस्टी ने ले लिया और वामपंथियों/सेकुलरों के रूप में खतरनाक गद्दारों की फौज भी पैदा हो गई,लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम आज भी बंटे हुए हैं। 100 करोड़ होकर भी मूक दर्शक बने हुए हैं। भले ही कुछ लोग कुछ जागृति पैदा करने में सफल हुए हों,पर बिना संपूर्ण जागृति इस देश के दुर्भाग्य का अंत नहीं होगा। सही है कि हम इतिहास से सीखने वाले नहीं हैं,चाहे खुद इतिहास बनकर रह जाएं।

# ग्लोबल जेंडर इंडेक्स में फिसलता भारत

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के शब्दो में महिलाओं की स्थिति किसी राष्ट्र में सामाजिक आर्थिक और मानसिक स्थिति को दर्शाती है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम मानी जाती हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्रनाथ टैगोर के शब्दों में हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं,बल्कि इस रोशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से महिलाएं मानवता का स्रोत रही हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में महिलाओं की स्थिति किसी राष्ट्र में सामाजिक आर्थिक और मानसिक स्थिति को दर्शाती है। महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति और सफलता को प्राप्त कर रही हैं,लेकिन विश्व आर्थिक मंच द्वारा बुधवार को जारी वैश्विक लिंग अंतर सूचकांक डेटा ने भारत के लिए एक चिंताजनक स्थिति को उजागर किया, क्योंकि देश में दो स्थानों की गिरावट देखी गई। अब सूचकांक में 146 देशों में से भारत 129 वें स्थान पर है। इस गिरती स्थिति का प्रमुख कारण शिक्षा की कमी भी है। साथ ही हमारे देश की सामाजिक मान्यताएं भी एक प्रमुख कारण बनता है।

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में,पाकिस्तान ने सबसे कमजोर प्रदर्शन किया जबकि बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान ने रैंकिंग में भारत को पीछे छोड़ दिया। एक स्पष्ट आंकड़ा सामने आया है,जो दर्शाता है कि भारतीय महिलाएं पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये पर केवल 40 रुपये ही कमाती हैं, जो एक महत्वपूर्ण लिंग वेतन अंतर को दर्शाता है। सच्ची महिला स्वतंत्रता तभी प्राप्त हो सकती जब लोग महिलाओं के प्रति अपने प्रतिबंधात्मक दृष्टिकोण और मानसिकता को बदलेंगे।

## एक नजर

### आर्थिक तंगी से जूझ रहे युवक ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह इसका पता होते ही उसके घर-परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली देहात के पेढ़ा मजरा बाहर निवासी 45 वर्षीय नन्हू मेहनत-मजदूरी कर बच्चों का पेट पाल रहा था। उसकी तीन बेटी और एक बेटा है। उसने किसी तरह इधर-उधर से उधार-कर्ज लेकर दो बेटियों की शादी कर दी, लेकिन वह कर्ज में फंस गया। कामधंधा सही ढंग से न चलने के कारण वह परेशान होने लगा। तनाव में आकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे में लेते हुए जांच की जा रही है।

### दुकान पर कब्जा करने का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला मौला गंज निवासी महिला ने दबंगों पर उसकी दुकान के ताले तोड़कर अपने ताले डालने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। मोहल्ला मौलागंज निवासी उज्मा परवीन पत्नी अय्याज हुसैन खां ने बताया कि मौलागंज मजार कब्रिस्तान के वक्फ बोर्ड की दुकानों में एक दुकान उसकी है। जिसमें मोबाइल रिपेयरिंग का काम होता है। उसका भाई नोमान वां मिस्त्री है। दुकान का विवाद हरदोई सिविल जज जुडिशियल पश्चिमी के यहां विचाराधीन है। दुकान पर उसका कब्जा है। कस्बे के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी अनस, खिन्नी टोला निवासी उरूज और सुलेमानी निवासी लाला ने दुकान कब्जाने की नीयत से उसके ताले तोड़कर अपने ताले डाल दिए हैं।

### कंस्ट्रक्शन कंपनी के आपरेटर की हादसे में मौत

**हरदोई।** कंस्ट्रक्शन कंपनी का आपरेटर ड्यूटी के बाद बाइक से घर जा रहा था। उसी बीच रास्ते में तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को से कोथावां सीएचसी पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। सीतापुर ज़िले के कन्दुवापुर थाना मछरेहता निवासी दयाराम का बेटा पकंज (22) यहां एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में आपरेटर के पद पर तैनात था। घटना की सूचना परिजनों को दी गई है।

# हादसों से प्रशासन नहीं ले रहा सबक, बेधड़क चल रहे ओवरलोड वाहन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मल्लावां में हुए हादसे के बाद भी जिले के जिम्मेदार अब तक नहीं जागे हैं। जिले में रात होते ही सड़कों पर बालू मौरंग लदे ट्रक जमकर फ़र्राटा भरते नजर आ जाएंगे। शहर में भी बालू मौरंग लदे ट्रक डंपर आवाजाही करते रात में नजर आ जाएंगे।

यह हाल जब है जब हाल ही में मल्लावां में हुए हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो चुकी है। मल्लावां में बालू भरी ट्रक सड़क किनारे झोपड़ी डालकर सो रहे परिवार पर पलट गया था। हादसा ओवरलोडिंग और संतुलन बिगड़ने के घटित हुआ है। हालांकि इस मामले में अब जांच में बताया गया है कि ट्रक ओवरलोड नहीं था जो कि हरदोई लोगों के गले के नीचे नहीं उतर रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारियों के लापरवाही का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक डंपर में ओवरलोड बालू भरकर जाती हुई नजर आ रही है। यह डंपर शहर में जमकर फ़र्राटा भर रहा था जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन का कारोबार बदस्तूर जारी है। यह कारोबार राजनीतिक सरपरस्ती में जमकर फल-फूल रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो शहर का है। डंपर में ऊपर तक बालू भरी हुई है। बालू को रोकने के लिए लकड़ी के पटरे का प्रयोग किया गया है। वायरल हो रहे वीडियो में जो डंपर बालू लेकर जा रहा है उसका रजिस्ट्रेशन भी जिला का ही है। इस तरह के तमाम ट्रक डंपर शहर में प्रतिदिन रात में और तड़के सुबह फ़र्राटा भरते नजर आ जाएंगे, लेकिन इन सब के बाद भी अधिकारी अवैध खनन को रोकने के दावे तो करते हैं लेकिन वास्तविकता बिल्कुल उलट है।



हरदोई शहर में बालू लेकर जाता ओवरलोड डंपर। अमृत विचार


भूसा लेकर जाता ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली। अमृत विचार

### देखती रहती है पुलिस, न रोकती है न टोकती है

**शाहाबाद, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मार्गों पर दौड़ते हुए ओवरलोड वाहन दुर्घटनाओं का सबब बने हुए है, लेकिन पुलिस और एआरटीओ विभाग पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है। जामा मस्जिद पुलिस चौकी के ठीक सामने से ओवरलोड डंपर गुजरते रहते हैं लेकिन पुलिस उन्हें रोकती टोकती नहीं। ऐसे वाहन प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोनी चीनी मिल से खोयी लादकर या फिर भूसा भरी लाद कर हाईवे और छोटे मार्गों पर भी दौड़ते हुए नजर आएंगे। सड़कों पर फर्राटा भरते हुए ओवरलोड वाहनों से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। दर्जनों लोग चुटहिल हो चुके हैं। आधा दर्जन से अधिक लोग इन ओवरलोड वाहनों से टकराकर मौत का शिकार हो चुके हैं। पुलिस औपचारिकता करके शांत बैठ जाती है। एआरटीओ विभाग ने कभी इन ओवरलोड वाहनों की चेकिंग करना मुनासिब नहीं समझा, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। शाहाबाद पिहानी, पाली, शाहजहांपुर, हरदोई यहां तक की सांडी जैसे छोटे मार्ग पर भी ओवरलोड वाहन दौड़ते हुए देखे जा सकते है। कभी कभार गलियों में भी यह ओवरलोड वाहन भूसी और भूसा भर कर निकलते हैं। जिससे मकान मालिकों और दुकान मालिकों का काफी नुकसान हो जाता है मारपीट तक की नौबत आ जाती है लेकिन पुलिस आंख मूंद कर बैठी है। प्रभारी निरीक्षक राजवीर सिंह मिश्रा का कहना है ओवरलोड वाहनों और बिना कागजों के वाहनों का लगातार हर तिराहा चौराहा पर चेकिंग अभियान चलाया जाता रहा है। जो भी वाहन अवैध रूप से संचालित पाए जाते है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे तीन घायल, सात पर केस

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बरी के मजरा मुरदियापुर में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले जिसमे तीन लोग घायल हुए हैं। घटना की लिखित सूचना पर पुलिस ने सात के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घायलों के मेडिकल परीक्षण के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बरी के मजरा मुरदिया पुर निवासी फरीद के अनुसार वह गांव की डेरी पर दूध देकर वापस लौट रहा था। महमूद के दरवाजे पर पहुंचते ही महमूद पुत्र आलम ने उसे गाली गलौज किया मना करने पर विपक्षी ने अपने पुत्र जुल्फिकार और छोटू के साथ मिलकर डंडों से मारना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर गांव वालों ने उसे बचाया। वहीं दूसरे पक्ष के महमूद पुत्र आलम ने बताया उसका पुत्र अलीशाद अपनी बुआ को मोटर साइकिल से उनके घर छोड़कर वापस आ रहा था।रास्ते में खड़े इरफान पुत्र दरवारी ने उससे कहा मोटरसाइकिल उसके ऊपर चढ़ा दोगे क्या? इस मामूली बात पर विपक्षी अपने पुत्र इकरार, फरीद और अजीम पुत्र सद्दीक के साथ लाठी डंडे लेकर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने लाठी डंडों से उसे पीटना शुरू कर दिया।शोर सुनकर उसकी पत्नी महरून उसे बचाने आई तो विपक्षियों ने उसके सिर पर लाठी से वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। दोनों पक्षों ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी।

इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया दोनो पक्षों के प्रार्थना पत्रों पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को लगे भंडारे

## हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन, मंदिरों में दर्शन करने को पहुंचे श्रद्धालु

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** महाबली हनुमान की पूजा के लिए ज्येष्ठ का महीना विशेष माना गया है। शनिवार व मंगलवार को बजरंग बली की विशेष पूजा होती है। इस माह के अंतिम शनिवार को जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। कांसेप्ट ग्रुप के चेयरमैन सजीव अग्रवाल ने बजरंग बली का पूजन कर भंडारे की शुरुआत की। गांव से लेकर शहर तक पूरे दिन भंडारे की धूम रही। खेतुई स्थित बालाजी धाम पर नौ कुंडीय हनुमत महायज्ञ में भी भक्तों ने आहुतियां दीं। मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया।

शनिवार को शहर से लेकर गांव तक बजरंग बली की विशेष स्तुति की गई। जगह-जगह सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भीषण दोपहरी के बावजूद लोगों की आस्था कम नहीं हुई। भरी दोपहरी में गांव से शहर तक तमाम जगहों पर भंडारे पूरे दिन चलते रहे। किसी ने सब्जी-पूड़ी तो किसी ने शर्बत का प्रसाद बांटा। कई स्थानों पर तहरी का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। शहर के हनुमान चौराहा स्थित जय शिव भोले मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राहगीरों और जरूरतमंदों ने जमकर प्रसाद छका। बिलग्राम रोड स्थित फर्दापुर बाबा मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

शहर के महात्मा गांधी रोड पर पीएनबी के बैनर तले आयोजित हुए भण्डारे में शाखा प्रबंधक पकंज पाण्डेय और उनके स्टाफ ने राहगीरों को प्रसाद के तौर पर कढ़ी-चावल वितरित किया। उससे पहले हवन हुआ और बजरंग बली का पूजन-अर्चन कर भोग लगाया गया। बालाजी धाम खेतुई में नौ कुंडीय हनुमत महायज्ञ का आयोजन आचार्य राजेश मिश्र की देखरेख में चल रहा है। महंत नागेंद्र दास व अन्य श्रद्धालुओं ने शनिवार को विशेष आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की।

मल्लावां संवाददाता के अनुसार कस्बे के मुख्य चौराहे पर जेष्ठ माह के शनिवार को चेयरमैन प्रतिनिधि ने भंडारे का आयोजन किया। ऐसे में विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। बताते चले कि कस्बे में गंगा जमुनी तहजीब का क़ायम रखते हुए चैयर पति रियाज आलम व प्रतिनिधि परवेज आलम ने जेष्ठ माह में हनुमान जी भंडारा का कार्यक्रम रखा। आचार्य चन्द्र प्रकाश पाठक ने विधि -विधान से भोले शर्मा के माध्यम से पूजन कराया। उसके बाद प्रसाद वितरण में छोला-चावल का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह, सभासद सगीर अहमद, शमशेर आलम, भूरी, विनीत सिंह, प्रेम शील पाण्डेय, जय प्रकाश पाण्डेय, मधुर मिश्रा, जावेद रिज़वी,सलीमुद्दीन, सद्दाम हुसैन,कप्तान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


भंडारे से पूर्व बजरंग बली का पूजन करते सजीव अग्रवाल। अमृत विचार


भंडारे में प्रसाद वितरित करते लोग

# नगर पालिका की बैठक में सभासदों का हंगामा

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बाद नगर पालिका की बैठक में काफी हंगामा हुआ। अध्यक्ष पर काम न कराने का आरोप लगाते हुए तमाम सभासदों ने बहिष्कार किया। जैसे-तैसे वहां मौजूद विधायक ने सभासदों की बात सुनकर मामले को शांत किया। वहीं सभासदों ने आगे भी बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

नगर पालिका सभागार में शनिवार को बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष रईस अंसारी ने 2024- 25 का अनुमानित बजट जैसे ही सदन के पटल पर रखा सभी सभासदों ने हंगामा शुरू कर दिया और पिछले बजट मे पारित प्रस्ताव पर कार्य न कराये जाने का आरोप लगाते हुए स्पष्टीकरण देने की मांग की। सदन में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने हंगामा कर रहे सभासदों को समझा बुझाकर शांत कराया। एक-एक सभासद की शिकायतें सुनी। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण देने की बात कही। स्पष्टीकरण न देने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। ईमानदारी के साथ कार्य करने की चेतावनी दी। पालिका के अधिकतर सभासदों ने दो वर्षों मे किसी तरह का कार्य पालिका द्वारा न कराये जाने का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की। उन्होंने नगर के विकास कार्यों मे पक्षपात करने की शिकायतें काफी समय से मिल रही है यदि भविष्य मे किसी भी अधिकारी के खिलाफ इस तरह की शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ जांच की कार्यवाही की जाएगी। सभी सभासदो ने निर्णय लिया की जब तक पिछले आय व्यय एवं पिछले प्रस्तावों पर स्पष्टीकरण पालिका द्वारा नहीं दिया जाता, तब तक बोर्ड बैठक का बहिष्कार जारी रहेगा। बैठक मे नगरपालिका ईओ विजेता गुप्ता, जेई निर्माण गौरव शुक्ला सहित अन्य सभासदगण मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करतीं विधायक अलका अर्कवंशी। अमृत विचार

# जीजा व साली को रोककर पीटा, फोन व नकदी छीनी

संवाददाता, हरदोई

**छेड़छाड़ का विरोध करने पर शोहदों ने घटना को दिया अंजाम**

**अमृत विचार।** शोहदों ने बाइक से जा रहे जीजा-साली को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर दोनों की पिटाई कर दी और मोबाइल व नगदी छीन ली।

बताया गया है कि गुरुवार की शाम को बघौली थाने के एक गांव की किशोरी अपने बहनोई के साथ बाइक से बल्लीपुर जा रही थी, उसी बीच गांव के बाहर बाग़ में बैठे शोहदों ने बाइक रोकी और उस पर सवार किशोरी से छेड़छाड़ करते हुए उसे खींचने लगे। विरोध करने पर उन शोहदों ने साली-बहनोई की बुरी तरह से पिटाई कर दी। साथ ही किशोरी के पास से पांच सौ की नगदी व उसके बहनोई के पास से 25 हज़ार वाला मोबाइल छीन लिया। शोर सुन कर आस-पड़ोस के लोग दौड़े तो हमलावर शोहदें धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस को दी गई तहरीर में गांव के संदीप, अनुज व सुरसा थाने के पचकोहरा निवासी छोटू उर्फ प्रदीप, बब्बी उर्फ अरविंद व अंकित पर आरोप लगाया है।

## सार-संक्षेप


सूजा देवी को आर्थिक सहायता देते जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

### एचडीसीए ने एक विकेट से जीता मैच

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में खेलों की प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा शनिवार को शहर के आरआर इंटर कॉलेज परिसर में एक दिवसीय तीन मैचों की श्रृंखला का अंतिम अंतिम मुकाबला खेला गया। एसडीसीए अंडर 16 व प्रो क्रिकेट एकेडमी अंडर 16 के बीच यह मैच खेला गया। टॉस एचडीसीए ने जीता और प्रो क्रिकेट अकादमी को बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया। बैटिंग करने उतरी प्रो क्रिकेट अकादमी की टीम ने विपक्षी टीम के सामने 125 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचडीसीए की टीम ने 9 विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया और एक विकेट से जीत दर्ज की। बल्लेबाज़ी में सूर्य कुमार यादव ने 40 रन बनाए साथ ही वैभव ने 21 रन बनाये। प्रो क्रिकेट अकादमी ने गेंदबाजी में सुशांत शर्मा ने 1.2 ओवर में 6 रन देकर 4 विकेट वह पवन ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार यादव को दिया गया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि एचडीसीए के अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा ने अच्छा खेलने वाले खिलाड़ियों में सूर्यांशु, शिवा गुप्ता व सार्थक के साथ ही सभी अन्य खिलाड़ियों की सराहना की। मौके पर अतुल मिश्रा प्रो क्रिकेट अकादमी के कोच अभिषेक प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### मोरारी बापू ने मृतक परिवार को भेजी आर्थिक मदद

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** बालू लदे ट्रक के पलटने से झोपड़ी के बाहर सोते समय चार मासूम बच्चों के सहित आठ लोगों की मंगलवार की रात्रि दर्दनाक मौत हो गईं थी। गरीब परिवार की मदद में प्रसिद्ध कथा वाचक अध्यात्म गुरु मोरारी बापू की तरफ से मृतक परिवार के पांच बच्चों के लिए एक लाख बीस हजार की धनराशि भेजी। शनिवार को गरीब परिवार के आठ परिजनों की मौत पर प्रसिद्ध कथा वाचक मोरारी बापू द्वारा भेजे गए गिरजा शंकर अग्रवाल और पूर्व विधायक प्रतापगढ़ बृजेश सौरभ, उप जिलाधिकारी बिलग्राम गरिमा सिंह के साथ मृतक परिवार के घर पहुंचे जहां उन्होंने अपनी सहानुभूति प्रकट कर बताया कि प्रसिद्ध कथा वाचक मोरारी बापू ने मृतक परिवार के पांच बच्चों के लिए एक लाख बीस हजार रूपये भेजे है। ताकि बच्चों की मदद हो सकें। उपजिलाधिकारी गरिमा सिंह ने यह धनराशि मृतक अवधेश की मां सूजा देवी को सौंपकर आंसू पोंछे। उपजिलाधिकारी ने बताया कि मृतक परिवार को पारिवारिक लाभ योजना के तहत लाभ दिलाने की कार्यवाही चल रही है। इसके आलावा आवासीय विद्यालय में बच्चों के पढ़ाने को लेकर भी लाभ दिलाने की पैरवी चल रही है।

### खनन में लगी छह ट्रैक्टर-ट्रालियां की गईं सीज



**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे मिट्टी खनन पर को लेकर अब खनन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के बाद विभाग ने खुद अवैध खनन पर लगाम लगाने की कवायद शुरू की है। इसी क्रम में शनिवार को आधा दर्जन मिट्टी लदी ट्रालियों को पकड़कर सीज कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र में जोर शोर से खुलेआम अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। शुक्रवार की देर रात अवैध खनन कर मिट्टी लादकर लेजा रही आधा दर्जन ट्रालियों की सूचना मिलने पर जिला खनन अधिकारी व उनकी टीम ने धरपकड़ की। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवलालपुरवा के पास से चार व ग्राम बानेकुइंया अकबरपुर नहर के पास से दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़कर कोतवाली लाकर सीज कर दिया गया। जिला खनन अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि इनमें से किसी को भी खनन विभाग की ओर से कोई भी परमिट जारी नहीं किया गया है।

# रिश्तेदार ने बुजुर्ग महिला से की धोखाधड़ी, लगाई गुहार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** साहब...रिश्तेदार ने हमदर्द बन कर धोखाधड़ी कर ली, डेढ़ रुपये में दो बिस्वा खेत बेंचने की बात तय हुई और 21 बिस्वा का बैनामा करा लिया।

कंडौहना की कलावती ने एसपी से मिलकर गुहार लगाई है। पति की पहले ही मौत हो गई थी, उसके बाद शादीशुदा दो-दो बेटे भी नहीं रहे। 80 साल की उम्र में पहुंच चुकी बुज़ुर्ग को अपनों से मदद की दरकार थी, उसी बीच उसका अपना हमदर्द बन कर आया और धोखाधड़ी कर उसके खेत का बैनामा करा लिया।कोतवाली देहात के कंडौहना मजरा बाहर का है। वहां की कलावती पत्नी मोतीलाल ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि रिश्तेदार सुधीर कुमार वर्मा ने उसकी जमीन बेचने के लिए पर धोखाधड़ी कर ज्यादा जमीन बेच दी।

# प्रधान पति व बेटों ने डॉक्टर को पीटा, केस

संवाददाता, बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** गुरुवार की रात बावन सीएचसी में मेडिकोलीगल में मनमानी न कर पाने से नाराज प्रधानपति ने अपने दो बेटों और अपने चार पांच साथियों के साथ मिलकर डॉक्टर की पिटाई कर दी। कर्मचारियों ने गाली गलौज का वीडियो भी बना लिया। पूरे मामले में डॉक्टर की तहरीर पर प्रधान के पति और उसके दो बेटों के अलावा चार से पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मारपीट में घायल हुए डॉक्टर का मेडिकोलीगल भी करवाया गया है।

कोतवाली लोनार क्षेत्र के अंतर्गत बावन सीएचसी में तैनात डॉ दिलीप यादव के द्वारा दर्ज करवाये गए मुकदमे में बताया गया है कि गुरुवार की रात वह इमरजेंसी डयूटी में तैनात थे। रात करीब साढ़े बारह बजे सकरौली गांव के प्रधानपति विश्ननाथ पाठक उर्फ मचले अपने दो बेटों के अलावा अपने 4 से 5 साथियों सहित अपने गांव निवासी मायाप्रकाश द्विवेदी का मेडिकोलीगल करवाने सीएचसी आये थे। यह लोग मेडिकोलीगल में मनमानी चोटे लिखवाना चाहते थे। डॉक्टर ने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर पहले तो इन लोगो ने गाली गलौज किया। मना करने पर डॉक्टर की पिटाई कर दी। ड्यूटी पर तैनात मुन्नालाल, जयप्रकाश, विनोद कुमार ने बीच बराव करवाया।

जानकारी मिलते ही सीएचसी इन्चार्ज डॉ विनीत तिवारी ने जैसे तैसे मामला शांत करवाया। उसके बाद आरोपी चले गए। एक कर्मचारी ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। शुकवार को पीड़ित डॉ दिलीप यादव ने कार्यवाई के लिए लोनार कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी को तहरीर दी। जांच पड़ताल के बाद शुक्रवार की रात मुकदमा दर्ज हो गया। शनिवार की सुबह डॉक्टर का मेडिकल करवाया गया। घटना के सम्बंध में कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपियों की तलाश की जा रही है। पूरे मामले में निष्पक्ष कार्यवाई होगी।

# उपद्रव व व्यापारी पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, पाली, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस ने व्यापारी पर जानलेवा हमला करने और युवराज हत्याकांड के बाद उपद्रव, तोड़फोड़ और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में नाने रस्तोगी को रामलीला चौराहे से गिरफ्तार करके जेल भेजा है। नाने रस्तोगी पुलिस के लिए सिर दर्द बना हुआ था।

पाली कस्बे के मोहल्ला बाजार निवासी मंजेश गुप्ता पुत्र गिरीश चंद्र गुप्ता की बस अड्डा चौराहे पर मिष्ठान की दुकान है। बीती 23 मई को वह दुकान बंद करके अपने के साथ बाइक से घर जा रहे थे, तभी रास्ते में नाने रस्तोगी उर्फ अवधेश पुत्र लक्ष्मीकांत निवासी मोहल्ला इमाम चौक कस्बा पाली ने उस पर लूट के इरादे से हमला कर दिया, मंजेश के भाई ने थाना पुलिस व अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस टीम अविलंब मौके पर पहुंची पर नाने और उसके साथी ही मौके से फरार हो गए। मंजेश ने बताया कि इस दौरान बिक्री के 30 हजार रुपए भी कहीं गायब हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नाने रस्तोगी व अन्य के खिलाफ लूट के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया एवं घायल व्यापारी मंजेश गुप्ता का मेडिकल परीक्षण कराया। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले में धारा 308 की बढ़ोत्तरी की। इसके अलावा बीती 30 मई को कस्बे में हुए युवराज हत्याकांड की आड़ लेकर नाने रस्तोगी ने कस्बे में बिना अनुमति के जुलूस निकाला, सरकारी कार्य में बाधा डाली और विभिन्न स्थानों पर अपने साथियों के साथ तोड़फोड़ की। पुलिस ने नाने रस्तोगी समेत 11 नामजद व 50 से 60 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद क्षेत्र में दो बार हुए उपद्रव व बवाल में भी नाने रस्तोगी शामिल पाया गया। पुलिस एवं प्रशासन के लिए नाने रस्तोगी सिर दर्द बन चुका था। शुक्रवार रात को देवेश गुप्ता और मंजेश गुप्ता अपनी दुकान बंद कर रहे थे तभी नाने रस्तोगी अपने साथियों सहित उनकी दुकान पर पहुंचा और जमकर बवाल काटा, पीड़ित दुकानदार ने थाना प्रभारी सहित उच्चाधिकारियों को सूचना दी, तो पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नाने को पकड कर लिया और बवाल के डर से उसे शाहबाद थाने में ले गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि नाने रस्तोगी को रामलीला चौराहे के पास देवेश गुप्ता की दुकान के सामने से गिरफ्तार करके शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में वह स्वयं और थाने के अपराध निरीक्षक वहीद अहमद, कांस्टेबल जयपाल, विजेंद्र कुमार और विनोद कुमार शामिल रहे।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

# असलहा हाथ में लेकर युवकों ने बनाई रील

**हरदोई, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर इन दिनों रील बनाने का खुमार लोगों पर चढ़ा हुआ है। असलहे लेकर रील बनाने में तमाम लोग जेल की हवा भी खा चुके हैं, लेकिन फिर भी इस पर रोक नहीं लग पा रही है। हालांकि ही में आनंद सिंह नाम के एक युवक की रील वायरल हो रही है। जिसमें वह तमंचा लेकर डॉयलाग बोल रहा है। उधर बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के सकाहा निवासी कुछ युवकों ने पिछले दिनों कार में बैठकर हाथ में कट्टा लिए हुए रील बनाई। जो सोशल मीडिया पर वायरल की गई। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### परामर्श के बाद साथ रहने को राजी हुए पांच जोड़े

**सीतापुर।** परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर ने शिकायतकर्ता व विपक्षियों को सुनकर काउंसलिंग की। काउंसलिंग के दौरान पांच जोड़े लक्ष्मी पत्नी अम्बुज निवासी ग्राम कमलाविमलपुर थाना मानपुर, असीमुन्निशा पुत्री कमाल अहमद निवासी मो. सिसटोला थाना तंबौर रोशनी पत्नी अशफाक अली निवासी ग्राम बम्हीना थाना तंबौर, अंजू देवी पत्नी स्व. पप्पू निवासी ग्राम अकिलपुर थाना खैराबाद व आयशा बानो पत्नी मो. आजाद निवासी मो. पैगम्बरपुर राजारोड थाना महमूदाबाद ने आपसी मतभेद दूरकर एक साथ रहने को राजी हुए एवं परिवार परामर्श केंद्र ने पांच लोगों की विदाई करायी।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**पिसावां।** जल्लापुर चौराहा पर शनिवार दोपहर बरगावां की तरफ से आ रहे बाइक सवार सुभाष पुत्र प्रसाद 26 वर्ष निवासी कुसैला थाना महोली को बुलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक दिवाकर प्रसाद मिश्र ने बताया कि उसे एम्बुलेंस द्वारा महोली सीएचसी में भर्ती कर दिया गया है। बुलेरो को कब्जे में ले लिया गया है।

# पुलिस की लापरवाही से बढ़ा मामूली विवाद

## आधा दर्जन घायलों में पुलिसकर्मी शामिल, पूर्व प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि के समर्थकों के बीच हुआ पथराव

**अराजकता**

- मेले में ठेला हटाने को लेकर दोनों पक्षों में हुआ था विवाद
- पुलिस ने नहीं की थी कोई कार्रवाई

हरगांव, सीतापुर




पथराव करते समर्थक व रास्ते पर पड़े पत्थर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गांव में मेले के आयोजन में दुकान रखने को लेकर दो दिन पहले दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसको निपटाने में पुलिस ने लापरवाही बरती। नतीजा ये हुआ कि शनिवार को दोनों पक्ष फिर से आमने-सामने आ गये और खूब लाठी-डंडे चले। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गये। यही नहीं मौके पर पहुंचा एक पुलिसकर्मी भी पत्थर लगने से लहूलुहान हो गया।

हरगांव थाना क्षेत्र के मोहरसा गांव में बृहस्पतिवार की रात में महमदबाबा की मजार पर मेले का आयोजन किया गया था। मेले के निकट कब्रिस्तान में एक चने का ठेला लगा था।जिससे मेले में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था।ऐसे में यासीन खां ने ठेले वाले से ठेला बाहर लगाने को कहा। इसी बात पर पूर्व प्रधान समसाद खां उर्फ मुन्ना व कुरबान खां ने कहा कि ठेला मैंने लगवाया है। ठेला नहीं हटेगा, जो करना हो कर लो।

यासीन खां के विरोध करने पर पूर्व प्रधान ने अपने साथियों के साथ मिलकर यासीन की लात-घूंसों से पिटाई कर दी थी। ऐसे में वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि अच्छन खां भी यासीन खां के समर्थन में आ गये।विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाकर हरगांव थाने में प्रार्थना पत्र दिया। वहीं पुलिस ने इस मामले को गंभीरतापूर्वक नहीं लिया और कोई भी कार्रवाई नहीं की। पुलिस बस सुलह समझौता कराने का प्रयास में लगी रही। ऐसे में विपक्षियों के हौसले और बुलंद हो गये। शनिवार को फिर उसी बात पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये और विवाद शुरू हो गया। पूर्व प्रधान समसाद खां उर्फ मुन्ना ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि अच्छन खां के घर पर हमला बोल दिया।जिसके बाद दोनो पक्षों में जमकर ईंट पत्थर चलने लगे।पथराव में मौजूद प्रधान पक्ष के यासीन, मुन्नी, नसीम, बसीर, तौसीर आदि लोग जख्मी हो गये।मारपीट की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। जहां पुलिस कर्मी सुभाष वर्मा घटनास्थल की वीडियो बनाने लगा तो उसी दौरान किसी ने पुलिसकर्मी सुभाष के सिर पर पत्थर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिसकर्मी एवं प्रधान पक्ष के घायलों को हरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा गया।

इस मामले में क्षेत्राधिकारी सदर सतीश चंद्र शुक्ल ने बताया कि घायल पुलिस कर्मी की तहरीर पर



घायल पुलिसकर्मी।

दोनों पक्षों के 26 नामजद तथा 30 अज्ञात लोगों केखिलाफ गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### बैंक ऑफ इंडिया ने भंडारे का किया आयोजन



हनुमानजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अतिथि। अमृत विचार

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** बैंक ऑफ इंडिया तंबौर शाखा ने ज्येष्ठ माह के शनिवार को बजरंग बली का भंडारे का आयोजन किया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक वैभव कुमार सिंह सहित समस्त बैंक स्टाफ शुभम सिंह, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, परितोष कुमार राजन, गिरीश चंद्र एवं समस्त बैंक मित्र मौजूद रहे।

### खराब पड़ा हैंडपंप, ध्यान नहीं दे रही नगर पंचायत

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार।** तीर्थ नगरी नैमिषारण्य के अजीजपुर गाँव के अंतर्गत स्थित हंस हंसिनी आश्रम में बीते 6 माह से हैण्डपम्प खराब है जिसके चलते आने वाले श्रद्धालुओं को पेय जल की काफी समस्या हो रही है। मंदिर के सेवादार बाबा सेवकनाथ ने अमृत विचार की टीम से बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत स्तर के जिम्मेदारों को अवगत कराया परंतु पंचायत स्तर से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया ।बाबा सेवकनाथ मंदिर परिसर में ही निवास करते हैं पानी लेने के लिए उनको 500 मीटर दूर अजीजपुर गाँव जाना पड़ता है। पेयजल के साथ– साथ मंदिर परिसर भी उपेक्षित पड़ा है जिसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता है फिलहाल बीते 6 महीनों से बुजुर्ग सेवादार को पीने के पानी के लिए 500 मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। फिलहाल इस समस्या को देखते हुए पंचायत स्तर की निष्क्रियता साफ दिखाई दे रही है।



खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

### पुलिस ने की अपील शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार



थाना परिसर में गणमान्य लोगों से बात करती पुलिस। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर।** कमलापुर सीतापुर थाना परिसर में आगामी त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र के प्रधान गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने कहा कि त्यौहार हम सब की प्राचीन धरोहर हैं और हम सभी को त्यौहार एक दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हुए प्यार और मोहब्बत के साथ मनाने मनाने चाहिए स उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन हर समय मुस्तैद है यदि कहीं भी कोई समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने कहा कि शांति और अमन के साथ अपने त्यौहार मनाए क्योंकि त्योहारों से आपस में भाईचारा बढ़ता है और त्योहारों से ही हम सबको एक दूसरे से मिलने का बैठने का मौका मिलता हैस इसलिए सभी लोग अपने त्योहारो को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर ग्राम प्रधानों पत्रकारों गणमान्य लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की ।इस दौरान कस्बा इंचार्ज तेज बहादुर सिंह, मास्टरबाग चैकी प्रभारी पियूष सिंह, नरेन्द्र कुमार द्विवेदी, रमेश जयसवाल, दिनेश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल कुमार, कांस्टेबल नवनीत पाण्डेय, सुनील कुमार यादव, कृष्ण पाल, दिनेश कुमार, अमित सिंह, महिला कांस्टेबल साधना सिंह, अनीत कुमार भार्गव, कमलसेन, प्रेम नारायण, सुफियान खान, गुड्डू भारती, अमित कुमार, दुर्गेश कुमार, मोईन खान, रामगोपाल व महादेव सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### घर में घुसकर मारपीट की, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, गोला, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भवानीगंज में हुए विवाद के बाद हुई मारपीट में कई लोगों को चोटे आई हैं। पुलिस ने चार के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भवानीगंज निवासी जितेंद्र कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनके घर रात में खाने की व्यवस्था थी तभी बबलू, हरपाल, आशीष, रामसिंह उसके घर घुस आये और उनके बीच विवाद हो गया। घर के अंदर ही यह लोग गालियां देने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया, जिससे कई लोगों को चोटे आई हैं। पुलिस ने चार के नामजद मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बाग की रखवाली कर रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या

**अपराध**

- इलाज के लिए ले जाते समय घायल ने रास्ते में तोड़ा दम



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम।



गांव में महिलाओं की लगी भीड़। अमृत विचार

**कुतुबनगर, अमृत विचार।** पिसावां थाना क्षेत्र में आम के बाग की रखवाली कर रहे एक व्यक्ति पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने उसे आनन-फानन में एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। ऐसे में घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम व पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की।

पिसावां थानाक्षेत्र के कुतुबनगर चैकी इलाके में तेजीपुरवा निवासी हेतराम पुत्र बड़कन्नू यादव इंद्रप्रकाश सिंह के आम के बाग की रखवाली करने गया था। जिसको हरदोई निवासी सर्वेश, मन्नी ने आम की फसल को खरीद रखा था। बीती रात मृतक हेतराम के साथ रखवाली कर रहे साथी सर्वेश और मन्नी ने बताया कि देर रात तक हम लोग बातचीत करते रहे और एक पास ही बैठे थे। उसके बाद हेतराम बाग के उस तरफ कोने पर चले गए और हम लोग अपनी-अपनी जगह पर लेट गए। रात 11.30 बजे लगभग कुछ आहट हुई तो हम लोगों ने एक दूसरे को आवाज दी, लेकिन हेतराम नहीं बोले तो हम लोगों ने जाकर देखा तो वह चारपाई के नीचे पड़े थे, बोलने की कोशिश की लेकिन वह मूर्छित अवस्था में थे। गले में कुछ कटे का निशान था और एक जगह छेद भी था।ऐसे में उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और वहीं घरवाले घायल को लेकर जिला अस्पताल चले गए, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौके पर क्षेत्राधिकारी महोली अरुण कुमार सिंह, इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह तोमर व फॉरेंसिक टीम पहुंची। इस सम्बन्ध में जब थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया भाई की तहरीर अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गयी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।



हेतराम (फाइल फोटो)

## श्रीकृष्ण लीलाओं का किया मोहक मंचन

**लहरपुर।** क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने रासलीला के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का सुंदर मोहक मंचन किया। इस मौके पर कलाकारों के द्वारा सजाई गई भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य और सुंदर झांकियों को देख कर उपस्थित श्रद्धालु भाव बिभोर हो उठे। रात्रि बेला में रासलीला के समापन अवसर पर कलाकारों ने नृत्य और संगीत पर आधारित भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न मनमोहक लीलाओं का सजीव मंचन किया जिसे देखने के लिए भारी संख्या में महिलाएं बच्चे और श्रद्धालु उपस्थित थे। इस मौके पर प्रमुख रूप से कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, कांग्रेस नेत्री विनीता राजवंशी, ब्लॉक प्रमुख हरगांव कमलेश वर्मा, आसाराम शुक्ला, उमेश दीक्षित, अंकित सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अयोध्या गया परिवार, साढ़े छह लाख की चोरी कर चोर फरार

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। जिस पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही। अभी नगर में हुई पुरानी चोरी का पर्दाफाश हुआ ही नहीं कि गुलरामऊ गांव के निवासी विनोद कुमार पुत्र बाबूराम के घर से लगभग साढ़े 6 लाख की चोरी की घटना सामने आई है।

दरअसल बीते शुक्रवार को विनोद सपरिवार अयोध्या दर्शन के लिए गया हुआ था। जब शाम को परिवार वापस लौटा तो देखा कि पीछे कमरे की अलमारी का ताला टूटा हुआ है। चारों तरफ कमरे में कपड़े बिखरे पड़े हुए हैं।साथ ही लगभग 2 लाख 65 हजार कैश रुपए और लाखों के कीमती जेवर गायब दिखे। गृह स्वामी के अनुसार कुल साढ़े 6 लाख की चोरी को चोरों द्वारा अंजाम दिया गया है। विनोद ने बताया कि शायद साइड की दीवार से चोर घर में चढ़े होंगे साथ ही मौके पे छत का दरवाजा भी टूटा मिला। फिलहाल मामला पुलिस के संज्ञान में है। पीड़ित विनोद ने कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र भी दिया है जिसमें पीड़ित द्वारा शक के आधार पर दो लोगों पर चोरी की आशंका भी जताई गई है। मामले को लेकर क्षेत्राधिकारी दिनेश शुक्ला ने बताया कि पुलिस की एक टीम गठित कर दी गई है जल्द ही इसका पर्दाफाश किया जाएगा।

# श्रवण कुमार के अंधे माता पिता का प्रसंग सुन आंखों से बही अश्रुधारा

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** बराहमऊ खुर्द में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दौरान कथा वाचक रामजी शास्त्री ने श्रवण कुमार का प्रसंग सुनाते हुये कहा कि सतयुग में श्रवण कुमार अपने माता पिता के इच्छा जताने पर उन्हें चारों धाम के दर्शन कराने हेतु कांवर में बिठाकर जा रहे थे। तभी रास्ते में माता पिता को मार्ग में प्यास लगती है जिसकी इच्छा पुत्र श्रवण से वह जताते हैं।

माता पिता के कहने पर श्रवण कुमार कमंडल लेकर जल लेने के लिये चल देते है। काफी दूर तय करने के बाद श्रवण कुमार को एक जलाशय दिखाई पड़ता है। श्रवण कुमार जलाशय के निकट पहुंच उसमें अपना कमंडल डुबोने लगते है जिससे एक प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होती है इसी ध्वनि की आवाज सुन शिकार खेलने आये अयोध्या नरेश दशरथ किसी भैंसे की आवाज समझ शब्द भेदी बाण छोड़ देते हैं। यह बाण श्रवण कुमार के लग जाता है। धीरे धीरे दशरथ अपना शिकार देखने वहां आते है किंतु शिकार की जगह श्रवण कुमार को देख वह स्तब्ध रह जाते है। तथा श्रवण कुमार से अपनी गलती का क्षमा मांगते है। श्रवण कुमार अपने माता पिता की प्यास बुझाने के लिये दशरथ से कहते हैं इतना कहने के बाद श्रवण कुमार अपने प्राण त्याग देते हैं। तत्पश्चात दशरथ कमंडल में जल लेकर माता पिता के पास पहुंचते हैं तथा अपने द्वारा किये गये कपि की क्षमा मांगते हुये श्रवण कुमार की मौत का समाचार बताते हैं यह सुन माता पिता के होश उड़ जाते हैं तथा दशरथ को श्राप देते हैं कि जिस तरह इस आयु में पुत्र के वियोग में हम तड़प तड़प कर जान दे रहे उसी तरह भविष्य में तुम भी पुत्र के वियोग में तड़प तड़प कर जान दोगे। इतना कहने के बाद श्रवण कुमार के अंधे माता पिता अपने शरीर को त्याग देते हैं। इस दृश्य को देखकर दर्शकों की आंखों से अश्रुधारा बहने लगती है। इस मौके पर अयोध्या प्रसाद, गंगाराम, मनोहर पाल, मथुरा यादव, रामसागर, रामअवतार, रामानन्द, राकेश, हृदय नारायण, रामप्रसाद, योगेन्द्र पाल, सहित आफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत पैंतेपुर–सीतापुर

पत्राँक :–46/न0पं0पै0 / ई–नि0सू0/2024–25 दिनांक – 12 जून 2024

**ई–निविदा सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत पैतेपुर जनपद सीतापुर के सिविल कार्य हेतु पंजीकृत /ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि (प्रथम किस्त) सें नगरीय निकाय में कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 26.06.2024 को समय 02.00 बजे तक ई–टेंडरिंग निविदा आमांत्रित की जाती है, ई–निविदा वेवसाइट http/www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 13.06.2024 से 26.06. 2024 तक समय 02:00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र की धनराशि नगर पंचायत पैंतेपुर कें खाता सं0 612480100009992, IFSC COOD-BKIDOARYAGB आर्यावृत बैंक शाखा पैतेपुर में जमा करके प्राप्त की रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्राप्त ई–निविदा की टेक्निकल एंव फाईनेशियल बिड्स दिनांक 27.06.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक उपस्थित फर्म/ठेकदारों के समक्ष खोली जायेगी। ई–निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी व नियम शर्तें कार्यालय नगर पंचायत पैतेपुर जनपद सीतापुर की वेवसाइट http/www.etender.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती हैं, यदि किन्ही कारणवस निविदा तिथि को सार्वजानिक आवकाश घोषित होता हैं तो अगले दिन कार्य दिवस में यथावत् निविदायें खोली जायेगी–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाइट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 12.06.2024 10.00 बजे |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 13.06.2024 10.00 बजें |
| 3 | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय | 26.06.2024 02.00 बजे |
| 4 | ई–निविदा खोले जाने की तिथि व समय | 27.06.2024 04.00 बजे |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | 02 प्रतिशत जमानत धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01– | **कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत–** ग्राम मुर्तजानगर परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर की भूमि गाटा संख्या–4 क्षेत्रफल 0.557 हे0 भूमि क्षेणी 5–3–4/अन्य कृषि योग्य बंजर भूमि पर कान्हा गौशाला पशु सेल्टर होम्स् का निर्माण कार्य। | 165.89 | 3,31,780.00 | 20,000.00 | 06 माह |

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पंचायत पैंतेपुर–सीतापुर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत पैंतेपुर–सीतापुर


**सेहत**

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग सप्ताह के प्रथम दिन पुलिस लाइन में दिखा हर्षोल्लास

# योग से शरीर, मन, आत्मा को मिलती है शांति

**सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सचान ने बताया कि शनिवार को दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग सप्ताह का प्रथम दिन पुलिस लाइन्स में हर्षोल्लास एवं सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों के रुप में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता तथा नगर पालिका परिषद सीतापुर अध्यक्षा नेहा अवस्थी तथा मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. किरन कुमारी दास की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं जैसे भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलियोग समिति, गायत्री शक्ति पीठ, प्रकृति पथ न्यास के साथ सामान्य जनमानस के लोगों ने पूर्ण उत्साह से योग से लाभ बताए, जैसे योग से शरीर, मन, आत्मा को शान्ति मिलती है। निरोग रहने का मार्ग प्रशस्त होता है। जिसका प्रदर्शन विभाग के योग प्रशिक्षक गंगासागर, विनय कुमार, प्रियंका, दीपक, ऊषा व संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सचान ने किया।



पुलिस लाइन में मौजूद सीडीओ निधि बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी। अमृत विचार

## चेयरमैन पति व ईओ में विवाद मुकदमा दर्ज

**तम्बौर, सीतापुर।** शुक्रवार की देर शाम नगर पंचायत कार्यालय परिसर में ईओ प्रदीप कुमार गौतम द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे थे। कैमरे को लगा रहे कर्मचारियों को चेयरमैन पति इश्तियाक ने मौके पर पहुंचकर काम रोकने को कहा। इसकी सूचना पाकर ईओ भी मौके पर पहुंच गए और लगाए जा रहे कैमरे का काम चालू रखने को कहा, उसी दौरान चेयरमैन पति इश्तियाक भड़क गए। बताया जा रहा है कि विवाद की स्थिति देख सूचना पाकर मौके पर पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। इसके बाद ईओ ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाकर उन्हें जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने की तहरीर पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने चेयरमैन पति इश्तियाक समेत दोनों लड़के शाहबाज व आसिफ निवासी मोहल्ला शेखन टोला थाना तम्बौर के खिलाफ धारा 504,506,427,332 व एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## एक नजर

### युवती को दहेज के लिए घर से निकाला

**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला तीर्थ निवासी शिप्रा वाजपेई ने बताया कि उसका विवाह 16 अप्रैल 2017 को हरदोई के कस्बा महोलिया निवासी राकेश पांडेय के साथ हुआ था। शादी में उसके मायके वालों ने सात लाख रुपए नकद, बुलेट क्लासिक बाइक, तीन लाख रुपए का सामान और दो लाख के जेवरात दिए थे। इसके बाद भी उसे अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। पति राकेश पांडेय, ननद चांदनी मिश्रा, नीतू मिश्रा, सास सरिता पांडेय और ससुर भुवनेश्वर पांडेय ने अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपए की मांग शुरू कर दी। जब मांग पूरी नहीं हुई तो उसे मारा पीटा। गालियां देकर घर से भगा दिया। वह किसी तरह मायके आई और पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### नींव भरवा रहे लोगों पर दबंगों का हमला, एक घायल

**पसगवां-खीरी।** कोतवाली व कस्बा मोहम्मदी के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा निवासी अवनीश कुमार शुक्ल पुत्र राजेन्द्र कुमार शुक्ल ने कुछ वर्ष पहले जंगबहादुरगंज में राजकुमार से जमीन खरीदी थी। इस पर शनिवार की सुबह अवनीश कुमार शुक्ल मकान की नींव भरवा रहे थे। इसी दौरान विक्रेता राजकुमार, उनकी पत्नी, भतीजा अमित और एक अज्ञात व्यक्ति आते ही हमलावर हो गए। हमले में ईंटे फेंकने लगे। अवनीश के साथ आए अजय कुमार निवासी सैदाबाद थाना बंडा जिला शाहजहांपुर को हमलावरों ने घायल कर दिया। थाना प्रभारी दीपक राठौर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है। घायल का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी में कराया गया है।

### मायावती के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी

**निघासन।** गांव कोनहा पुरवा निवासी रमेश कुमार ने बताया कि वह बसपा सेक्टर प्रथम लुधौरी के अध्यक्ष हैं, जिसके चलते तहसील गेट के सामने किराने की दुकान चलाने वाला एक दुकानदार उसे देखकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करता है। गाली गलौज करने के लिए आमादा हो जाता है। उसने शनिवार को भी मायावती को फूल की माला पहनाकर बम फिट कर दगाने की बात कही। जब इसका विरोध किया तो जातिसूचक गालियां दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। कार्यवाहक थाना प्रभारी आदित्य यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जाएगी। उसके बाद कार्रवाई करेंगे।

# हे दु:ख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार...

**आस्था**

- ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में आयोजित हुए भंडारे
- भक्तों ने खूब छका बूंदी, शर्बत और छोले चावल सहित हलवे का प्रसाद

**सीतापुर, अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को जिले में विभिन्न जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया।शहर के जेल रोड स्थित बड़े हनुमान मंदिर, संकट मोचन महाबली हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता सुबह से ही लगता शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन पूजन के कर भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान भक्तों द्वारा पूड़ी-सब्जी, शरबत, हलुआ, कढ़ी चावल आदि का वितरण किया गया।

मान्यता है कि ज्येष्ठ माह में संकट मोचन महाबली हनुमान की पूजा अर्चना आराधना सच्चे मन से की जाए तो महाबली हनुमान की कृपा अपने श्रद्धालुओं पर हमेशा बरसती रहती है एवं श्रद्धालुओं के सुख समृद्धि स्वास्थ्य की मनोकामना पूरी होती है। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कचहरी के एलडीसी कार्यालय में शनिवार भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। जिला न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय ने पूजा पाठ कर भंडारे का शुभारंभ किया। आयोजन में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, सुदेश कुमारी, लघुवाद न्यायाधीश राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। आयोजन में ऋतिकेश, वैभव श्रीवास्तव, वीरेंद्र मिश्र, सर्वेश कुमार सलीम वैभव वर्मा, सुजीत बाजपेई, शुभांशी बाजपेई आशुतोष शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।



जिला कोर्ट परिसर में पूजन करते जिला न्यायाधीश व अधिकवक्ता।



नवीन चौक स्थित हनुमान मंदिर पर भंडारे का प्रसाद वितरित करते भक्तगण।

वहीं सीता हाता निकट पुराना पीएनबी बैंक के समीप मनीष सिंह के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन हनुमान जी आरती स्तुति करने के उपरांत संपन कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से यतींद्र अवस्थी बबलू, सरदार पिदर सिंह सिद्धू, संतोष प्रजापति, आदि सैकड़ो लोगों ने भंडारे में प्रशाद ग्रहण किया। इसके साथ ही शहर के श्यामनाथ मंदिर पर हनुमान भक्त अमन त्रिपाठी,दुर्गेश शुक्ला ने भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर भक्तगणों ने बूंदी,शर्बत और छोले चावल का वितरण किया।

## खनन माफियाओं पर कार्रवाई न होने पर करेंगे आंदोलन

**लखीमपुर खीरी।** राज्य विधिज्ञ परिषद के सदस्य अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि तीन दिन पूर्व अधिवक्ता की शिक्षामित्र पत्नी की खनन माफियाओं ने हत्या कर दी थी। अभी तक न तो खनन माफियाओं पर कार्रवाई हुई और न ही इनसे मिले हुए अधिकारियों पर। उन्होंने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग करते हुए कहा कि संबंधित लोगों पर कार्रवाई के लिए 18 जून को परिषद की ओर से डीएम व एसपी को ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद भी यदि खनन माफियाओं और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई न हुई तो आंदोलन शुरू होगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# लेखपाल को बर्खास्त करने की दी चेतावनी

## आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो : डीएम

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

- शिकायत का निस्तारण मौके पर पहुंचकर करें अधिकारी

**सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील मिश्रिख में विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने जो शिकायत की है उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण करें।

लेखपाल रामकुमार के कार्यों में लापरवाही व राजस्व मामलों को अधिक समय तक लम्बित रखने व ससमय निस्तारण न करने पर बर्खास्त करने की चेतावनी देते हुये कहा कि यदि लम्बित प्रकरण समय से निस्तारित न किये तो बर्खास्तगी के लिये तैयार रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 32 शिकायतों में से चार का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।



फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में प्राप्त 57 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 68 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 65 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 52 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील लहरपुर में प्राप्त 33 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महोली में प्राप्त 43 प्रार्थना-पत्रों में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

### जुबली बाग पर राजपरिवार के कारिंदों के कब्जे से आक्रोश

तहसील दिवस में नगर के मोहल्ला नई बाजार निवासी समाजसेवी सुशील अवस्थी ने एसडीएम को एक शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि 1970 में चकबंदी अधिकारी द्वारा मोहल्ला बेहटा छावनी स्थित जुबली बाग जिसका गाटा संख्या 115 जो कि ग्रामसमज के नाम दर्ज किया गया था। उक्त बाग आज भी ग्रामसमाज बेंहटा के नाम दर्ज है जो जुबली बाग के नाम से दर्ज है। जिसकी नीलामी राजस्व विभाग द्वारा होनी चाहिए, लेकिन बाग पर राजस्व विभाग का कब्जा न होकर महमूदाबाद किले के राजपरिवार के कारिंदों ने कब्जा कर रखा है। जिससे प्रतिवर्ष सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। आरोप है कि बाग में आम की फसल तैयार खड़ी है। जिसको किले के कारिन्दों द्वारा बेचने की जुगत लगाई जा रही है। तब जबकि पूर्व में डीएम अनुज सिंह ने इस बाग की नीलामी को लेकर राजस्व विभाग आदेशित भी किया था।

### शिकायतों में राजस्व विभाग अव्वल, चार शिकायतें निपटीं

**महमूदाबाद।** प्रदेश सरकार की व्यवस्था के तहत लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने जनता की फरियाद सुनी। कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव ने वृक्षारोपण करने व सड़क सुधार के लिए पालिका प्रशासन को आदेशित करने की मांग उठाई। समाधान दिवस में विभिन्न विभाग की 68 शिकायतें दर्ज हुईं तो 35 शिकायतों के साथ राजस्व विभाग अव्वल रहा। अधिकारी मौके पर महज चार शिकायतों का समाधान करा सके। महमूदाबाद तहसील सभागार में एसडीएम शिखा शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एसडीएम के साथ ही सीओ दिनेश शुक्ल ने भी जनता की शिकायतें सुनीं।

## सार-संक्षेप

### दिल्ली जा रही डबल डेकर बस खाई में पहुंची, कई घायल



सड़क किनारे खाई में उतरी डबल डेकर बस। अमृत विचार

**संवाददाता, सिंगाही, अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमा तिकुनिया से सवारियां भरकर दिल्ली जा रही तेज रफ्तार डबल डेकर बस अचानक सिंगाही के निकट तीसरी पुलिया के पास अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खाई में जा पहुंची। हादसे से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी यात्रियों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला और सीएचसी निघासन में भर्ती कराया है। हादसा शनिवार को हुआ। तिकुनिया सीमा से खचाखच सवारियां भरकर निजी डबल डेकर बस दिल्ली जा रही थी। चालक बस को तेज रफ्तार चला रहा था। सिंगाही-निघासन मार्ग पर तीसरी पुलिया के पास बस चालक का नियंत्रण स्टेयरिंग से टूट गया और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पहुंची। गनीमत यह रही कि बस पलटी नहीं। हादसे में बस में सवार कई यात्री घायल हो गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सिंगाही अमित सिंह भदौरिया फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। बस में फंसे यात्रियों को राहगीरों और ग्रामीणों को बाहर निकाला। सभी घायलों को एंबुलेंस 108 से सीएचसी निघासन भेजा, जहां उनका उपचार चल रहा है।

### नहाने गए युवक का दूसरे दिन नदी में उतराता मिला शव

**मूड़ा सवारान।** मैलानी थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव निवासी सुशील कुमार (24) शुक्रवार को बिजुआ के लौकहा गांव में रामरतन के घर रिश्तेदारी में आया था। गांव के हम उम्र मित्रों के साथ शुक्रवार की सुबह शारदा नदी में नहाने गया था। पानी अधिक होने के कारण तैर नहीं पाया और डूब गया जिसकी जानकारी साथियों ने ग्रामीणों को दी तब ग्रामीणों ने नदी में काफी खोजबीन की, परंतु उसका कोई सुराग नहीं मिला। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बिजुआ चौकी प्रभारी चेतन तोमर ने बताया कि दूसरे दिन भी ग्रामीण नदी में सुशील को तलाश रहे थे।

# भदरसा का परिक्रमा मार्ग नहीं होगा स्थानांतरित : एसडीएम

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर पंचायत भदरसा में परिक्रमा मार्ग को स्थानांतरित करने का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। परिक्रमा मार्ग के स्थानांतरण से प्रभावित हो रहे किसानों का एक बड़ा जत्था शनिवार को उप जिलाधिकारी सोहावल के दफ्तर पहुंचा। जहां कागजी कार्रवाई के साथ-साथ फिर अपनी शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी भदरसा स्थित परिक्रमा मार्ग स्थल पहुंचे। उन्होंने मौजूद सैकड़ों की तादाद में जुटे किसानों को समझा बुझाकर आश्वस्त किया कि पचासों वर्ष पुराना परिक्रमा मार्ग स्थानांतरित नहीं होगा। न ही मार्ग के किनारे के काश्तकार प्रभावित होने पायेंगे। तमसा नदी और परिक्रमा मार्ग के किनारे की सरकारी जमीनें जो दबंगई से कब्जाई गई हैं उन्हें खाली कराया जाएगा।



मौके पर जांच करने पहुंचे एसडीएम सोहावल। अमृत विचार

### प्रतिकूल प्रविष्टि देकर हटाया भदरसा का लेखपाल, होगा सस्पेंड

नगर पंचायत भदरसा में परिक्रमा मार्ग के पुनर्निर्माण के दौरान मार्ग स्थानांतरित करने को लेकर उपजे विवाद की जांच करने पहुंचे उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी ने शनिवार को बताया कि भदरसा के मौजूदा लेखपाल की भूमिका इस मामले में संदिग्ध रही। पैमाइश के दौरान लेखपाल आकाश सिंह द्वारा यह बात संज्ञान में नहीं लाई गई थी कि वह जिसकी पैमाइश करने गए हैं वह परिक्रमा मार्ग के किनारे के भूखंड हैं। गुपचुप तरीके से पैमाइश करके सीमांकन कर दिया गया। जिस पर नगर पंचायत प्रशासन ने परिक्रमा मार्ग के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दिया। जिसमें परिक्रमा मार्ग के स्थानांतरण स्थिति उत्पन्न हो गई जो सरासर गलत है। मामले में लेखपाल आकाश सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देकर हटा दिया गया।

### परिक्रमा मार्ग के पुनर्निर्माण पर बोले नगर पंचायत अध्यक्ष

परिक्रमा मार्ग के पुनर्निर्माण में परिक्रमा मार्ग स्थानांतरित होने की दशा में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद राशिद का कहना है कि परिक्रमा मार्ग के किनारे के किसान की खतौनी रकबा के हिसाब से मौके की स्थिति कम है। पैमाइश के लिए नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक रवींद्र के नेतृत्व में पांच लेखपालों का एक पैनल गठित कर मौके पर पैमाइश की। राजस्व टीम ने जहां सीमांकन कर दिया था। उसी जगह पर परिक्रमा मार्ग का पुनर्निर्माण कराया जा रहा था। जब निर्माण शुरू होने लगा तो लोग व्यवधान डालने के लिए फिजूल का विरोध कर रहे हैं।

# शिकायतों का समाधान न होने पर भड़के विधायक

- पर्ची काट रहे लेखपालों को लगाई फटकार, पर्ची काउंटर को बताया बेकार

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे सिधौली विधायक मनीष रावत ने फरियादियों की शिकायतों का समय पर समाधान न होने व फरियादियों को बार बार चक्कर लगाए जाने को लेकर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शनिवार को सिधौली तहसील में सीडीओ निधि बंसल की अध्यक्षता में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस में अचानक क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत अपने दलबल के साथ पहुंच गए। जहाँ पर उन्होंने बन रही पर्ची काउंटर की उपयोगिता को बेकार बताते हुए उसे तत्काल बंद करने के निर्देश देते हुए पर्ची काट रहे लेखपालों को जम कर फटकार लगाई।उन्होंने कहा कि कोई भी फरियादी अधिकारियों से सीधा मिलकर अपनी समस्या बता सकता है। सभी जिम्मेदारों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि यह मनमाना रवैया तत्काल बंद किया जाना चाहिए और सभी अधिकारी सीधे जनता से मुखातिब हो और उनकी समस्या का शीघ्र निस्तारण करवाएं। फरियादी को बार-बार चक्कर न लगवाएं।बिजली विभाग के अधिकारियों से उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में बिजली कटौती न हो और यदि कोई ट्रांसफार्मर फुंकता है अथवा खराब होता है तो उसे तत्काल बदलवाएं।यह देखा जा रहा है कि ग्रामीण इलाकों में खराब ट्रांसफार्मर पांच दिन बाद भी नहीं बन पा रहे हैं। किसी भी अधिकारी की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।तहसील दिवस में कुल 57 शिकायतों में चार कोमौके पर निस्तारित कर दिया गया। इस मौके पर सीडीओ निधी बंसल, सीओ आलोक प्रसाद, एसडीएम अनिल कुमार, तहसीलदार विनोद कुमार सिंह, बीडीओ सिधौली मनोज कुमार शर्मा, सीएचसी अधीक्षक राकेश वर्मा सहित अन्य विभाग से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



फरियादियों को समझाते एसडीएम अनिल कुमार व मौजूद विधायक मनीष रावत एवं सीडीओ निधि बंसल। अमृत विचार

### लेखपाल का बचाव करने पर विधायक ने तहसीलदार को फटकारा

कासिमापुर गांव से आये फरियादियों ने बताया कि वह लोग गांव में झोपड़ी इत्यादि बनाकर कई वर्षों से रह रहे है, लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल सत्येंद्र उनके मकान गिरवाने व उन्हें भू-माफिया घोषित करने की धमकी देते हैं। जिस पर विधायक ने तत्काल लेखपाल को बुलाने को कहा।

लेखपाल सत्येंद्र के आने पर तहसीलदार विनोद कुमार सिंह ने लेखपाल का बचाव करते हुए ग्रामीणों को दबाव में लेने की कोशिश की, तो विधायक मनीष रावत ने तहसीलदार विनोद कुमार सिंह को जमकर फटकार लगाई और कहा लगता है कि आप सब लोग मिले हुए हो।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करना होगा। किसी भी गरीब को परेशान नहीं किया जाए।

## अयोध्या श्रेष्ठपुरी व धाम है : पुंडरीक गोस्वामी

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के 86वें जन्मोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन अयोध्या के साधु संतों और बड़ी संख्या में दूर दराज से आये श्रोता शामिल हुए। कथा आचार्य पुंडरीक गोस्वामी के मुखारबिंदु से कथा का रसपान करते हुए भक्त भगवान के भजन और आस्था में झूम उठे। इस दौरान कथाकार आचार्य गोस्वामी ने कहा कि यह दिव्या अयोध्या श्रेष्ठपुरी, नगरी और धाम भी है। जहां स्वयं राम ही हैं। वर्तमान में साक्षात श्री वशिष्ठ तुल्य अयोध्या के कण-कण में राम हैं हर वैष्णो हर संत यहां श्रेष्ठ है परंतु परम वैष्णव अनंत श्री विभूषित परोपकारी संत श्रीश्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज जो बृजवासी हैं उनकी सेवा ही अनोखी है। उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में अयोध्या के आचार्य संत वृद्ध मौजूद रहे।

**सूरत-ए-हाल** 70 विभागों ने खर्च कर डाले सात लाख से अधिक, 350 डोंगल दिए गए फिर भी ढाक के तीन पात

# लाखों खर्च के बाद भी पेपरलेस नहीं हुए दफ्तर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वर्ष 2019 में छह लाख रुपये खर्च कर पेपरलेस वर्क का दावा किया गया था। ई-ऑफिस का संचालन शुरू कराने के लिए कई बार अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। 70 विभागों के अधिकारियों को डोंगल भी मुहैया कराए गए। इसके बावजूद पेपरलेस वर्क की शुरुआत आज तक नहीं हो सकी और डोंगल की वैधता भी खत्म हो गई।

अपर मुख्य सचिव ने एक मई 2018 को वीडियो कांफ्रेंसिंग कर 15 अगस्त 2018 तक सभी विभागों को बिना कागज के कार्य करने का निर्देश दिया था। ई-ऑफिस का संचालन शुरू कराने के लिए सभी




विभागों के अधिकारियों व कर्मियों को कई बार प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के बाद सभी 70 विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को पेपरलेस वर्क के लिए डोंगल भी आवंटित कर दिए गए। एक डोंगल पर सरकार ने 1700 रुपये खर्च किए। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के डोंगल पर पांच लाख 95 हजार रुपये राजकीय कोष से खर्च किया गया था। डोंगल देने वाले सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों का डिजिटल हस्ताक्षर कराकर ई-ऑफिस का संचालन

> पेपरलेस वर्क के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया जा चुका है। कतिपय समस्याओं के कारण पूर्ण रुप से लागू नहीं हुआ है। प्रयास किया जा रहा है कि शीघ्र सभी कार्यालय पेपरलेस हों। -अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अपर जिला अधिकारी, प्रशासन

कराने का निर्देश दिया था। एडीएम प्रशासन को ई-ऑफिस प्रणाली का नोडल अफसर बनाया गया था। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को क्रियान्वयन व एनआइसी के जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी को तकनीकी कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बावजूद किसी विभाग में ई-ऑफिस का संचालन नहीं हो रहा है। अधिकारियों व कर्मचारियों के डोंगल की वैधता सितंबर 2020 तक ही थी। डोंगल की वैधता खत्म होने से खर्च किया गया शासकीय धन पानी में डूब गया है। यदि पेपरलेस वर्क शुरू होता तो सभी शासकीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन तैयार की जाती। इससे समय व धन की बर्बादी पर अंकुश भी लगता, लेकिन आज इन सब पर पानी फिरता नजर आ रहा है। छह साल बाद भी अभी तक अधिकतर सरकारी दफ्तरों में कागजात पर ही काम हो रहा है। ऑफिस में कम्प्यूटर सिस्टम भी लगे हुए हैं लेकिन उनका इस्तेमाल केवल मेल और शासनादेशों की प्रिटिंग के लिए होता है। इसके चलते 2018 में शुरु की गई योजना अभी तक मूर्त रुप नहीं ले सकी है।

# नाराज परिजन पैदल ही सीएम से मिलने निकले

**सांडा/सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली बिसवां अन्तर्गत सांडा चौकी क्षेत्र में चौकी से चंद कदमों की दूरी पर 25 मई को प्रेम प्रसंग के चलते युवक का शव मिलने के मामले में हत्या का केस दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने सीएम योगी से मिलने को लेकर पैदल कूच कर दिया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम बिसवां ने परिजनों ने बातचीत कर जल्द कार्रवाई का आश्वासन देकर नाराज ग्रामीणों को शान्त कराया। जिसके बाद तहसीलदार ने परिजनों का ज्ञापन लेकर ग्रामीणों को वापस रवाना कर दिया।

मालूम हो कि सांडा निवासी इमरान का बीती 25 मई को अपने ही घर के पास पेड़ से लटकता शव मिलने पर इमरान के परिजनों ने लड़की के पिता समेत चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें अभी तक कोई कार्यवाही न होने पर शनिवार को पीड़ित परिवार के साथ सैकड़ों क्षेत्रीय लोग मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन लेकर मुख्यमंत्री से मिलने के लिये सड़क पर पैदल निकल पड़े। पैदल निकलने की जानकारी मिलते ही मौके पर तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी कोतवाल बिसवां अनिल सिंह के साथ भारी पुलिस बल पीड़ित परिवार के बीच पहुंचकर ज्ञापन लेकर परिजनों को समुचित कार्यवाही किये जाने को लेकर समझाकर घर को वापस भेज दिया।



दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पैदल सड़कों पर निकले ग्रामीण व परिजन। अमृत विचार

**फॉलोअप**

- निष्पक्ष जांच कराने व दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन
- तहसीलदार ने परिजनों को समझाकर किया वापस, दिया कार्रवाई का आश्वासन

### पुलिस कस्टडी से फरार होने के बाद मिला था शव

मालूम हो कि मृतक इमरान इलाके की एक युवती को अपने साथ प्रेम प्रसंग के चलते भगा कर ले गया था। बताया जाता है कि मृतक युवक इमरान पुलिस की कस्टडी से फरार होने के बाद उसका शव घर से पीछे मिला था। वारदात के दिन परिजनों ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाये थे।

## एक नजर

### एडीजी वीके सिंह ने पुलिस मुख्यालय में ज्वाइनिंग दी

अमृत विचार,लखनऊ : केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे अपर पुलिस महानिदेशक विनोद कुमार सिंह ने पुलिस मुख्यालय में अपनी ज्वाइनिंग दे दी है। पीएसी मुख्यालय महानगर में बतौर एडीजी के पद पर तैनात रहे 1994 बैच के आईपीएस वीके सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से यूपी वापस आने के बाद दो माह के लिए अवकाश पर चले गये थे। जानकारी के अनुसार छुट्टी की अवधि समाप्त होने पर वीके सिंह ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर कार्यवाहक डीजीपी प्रशान्त कुमार से मुलाकात की और एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव से मिलकर उन्हें ज्वाइनिंग से संबंधित पेपर दिये। गौरतलब हो कि वीके सिंह पिछले वर्ष केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये थे,परन्तु किन्हीं कारणों से उन्हें वापस यूपी भेज दिया गया था।

# लापरवाह पुलिसकर्मियों पर सख्ती , एक पखवाड़े में 150 पर कार्रवाई

**65** पुलिस कर्मियों को आगरा पुलिस कमिश्नर एक साथ कर दिया था निलंबित

**02** दो एसएचओ और 11 दरोगा को गाजियाबाद कमिश्नर ने किया था लाइन हाजिर

**25** से अधिक एसएचओ पर विभिन्न मामलों में निलंबन और लाइन हाजिर की हो चुकी है कार्रवाई

विनय सिंह, लखनऊ

- सरकार ने अपनाया सख्त रुख , भ्रष्टाचार और लापरवाही क्षम्य नहीं
- आगरा, सीतापुर और गाजियाबाद में हुई सर्वाधिक कार्रवाई

**अमृत विचारः** चुनाव बाद प्रदेश सरकार एक्शन मोड में है। अपराधियों के सफाए के साथ-साथ उन पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है, जिनको लेकर भ्रष्टाचार और लापरवाही की सूचनाएं मिल रही हैं। आलम यह है एक पखवाड़े में 150 पुलिस कर्मियों के खिलाफ निलंबन, लाइन हाजिर जैसी कार्रवाई की गई है। सर्वाधिक कार्रवाई आगरा और गाजियाबाद कमिश्नरेट में की गई है। उधर, मुख्यमंत्री की मंशा को देखते हुए अन्य जिलों में भी भ्रष्ट पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी जारी है।

सबसे बड़ी कार्रवाई आगरा कमिश्नरेट में हुई। यहां पर सत्यापन के नाम पर रिश्वत मांगने पर पुलिस कमिश्नर ने 65 पुलिस कर्मियों को एक साथ निलंबित कर दिया। सत्यापन में रिश्वत मांगने की जानकारी प्राप्त करने के लिए कमिश्नर ने बाकायदा टीम गठित की थी। आगरा में की गई कार्रवाई की गूंज राजधानी लखनऊ तक पहुंची है।

इसी क्रम में गाजियाबाद कमिश्नर ने लापरवाही एवं भ्रष्टाचार करने के आरोप में दो एसएचओ और 11 दरोगाओं को लाइन हाजिर कर दिया। इन पुलिस कार्मिकों के खिलाफ लगातार सूचनाएं कमिश्नर कार्यालय को प्राप्त हो रही थी।

वहीं भ्रष्टाचार और लापरवाही की छिटपुट घटनाओं में पूरे प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में मिलाकर करीब 25 एसएचओ निलंबित और लाइन हाजिर किए जा चुके हैं। सभी कार्रवाइयां जिलों में तैनात विभागाध्यक्ष ही कर रहे हैं।

### सीतापुर में 44 लाइन हाजिर

पुलिस कार्मिकों में लापरवाही और सरकारी आदेशों के पालन में शिथिलता को देखते हुए सीतापुर पुलिस अधीक्षक ने 44 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। यह कार्रवाई चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद की गई है।

### लखनऊ में पांच पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

राजधानी लखनऊ में निजी बस चालक और कंडक्टर की पिटाई करने के आरोप में पुलिस कमिश्नर ने एक ही थाने के पांच पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। इस मामले का संज्ञान मानवाधिकार आयोग ने लिया था।

### भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। भ्रष्टाचार करने पर किसी भी पुलिस कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि थानों से जिला मुख्यालयों तक प्रत्येक फरियादी को सुना जाए और न्याय दिया जाए। शिकायत मिलने पर उच्चाधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# सूदखोरों से त्रस्त होकर लोग आत्महत्या करने पर विवश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- लागत बढ़ने से कर्ज में डूबता जा रहा किसान : अखिलेश

**लखनऊः** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में सूदखोरों का आतंक है। खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। किसान, नौजवान और अन्य लोग सूदखोरों से परेशान है। सूदखोरो से त्रस्त होकर लोग आत्महत्या करने पर विवश है।

उन्होंने शनिवार को जारी बयान में कहा, बलिया, प्रयागराज, लखनऊ कानपुर, इटावा, शाहजहांपुर, हर जगह सूदखोरों से लोगों का जीना हराम है। इस तरह के कर्ज से सबसे ज्यादा गरीब किसान और कमजोर ही शिकार बनते है। एक बार लोग इनके चंगुल में फंस जाते है तो फिर निकलना मुश्किल हो जाता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि गरीबों, किसानों के लिए बैंकों से कम ब्याज और आसानी से कर्ज की योजनाएं जमीन पर उतरती नहीं दिखती है। लोग छोटी-छोटी जरूरतों के लिए सूदखोरों के जाल में फंस कर अपनी जान गंवाने पर मजबूर हो जाते है। उन्होंने कहा कि इटावा में साहूकारों के हर दिन के तगादा और प्रताड़ना से परेशान एक युवा किसान ने आत्महत्या कर ली।

# कारोबार व उद्योगों के लिए हैं विश्वस्तरीय सुविधाएं

## इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव

## वन ट्रिलियन एकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है प्रदेशः उप मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अब उप्र. में निवेश का बेहतर माहौल है। कारोबार और उद्योगों को बढ़ाने के लिए प्रदेश अब व्यापारियों के लिए सर्वोत्तम जगह बन चुका है। प्रांत वन ट्रिलियन एकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में विदेश से आए प्रतिनिधि बिना किसी चिंता के प्रदेश में निवेश कर सकते हैं। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को यह बातें एक होटल में आयोजित उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव में कहीं। कहा कि अब यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं हैं। हवाई अड्डों की बढ़ती श्रृंखला है। बेहतर सड़कें और स्वास्थ्य सुविधाएं हैं।यहां कानून-व्यवस्था भी उत्तम है। ऐसे में आप लोग प्रदेश में कारोबार के लिए निवेश करें। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्जवलन कर दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने आए हुए विदेशी प्रतिनिधियों का सम्मान किया। इस मौके पर लखनऊ उत्तर क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा भी मौजूद रहे। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि हम वैश्विक व्यापार के नए युग की ओर बढ़ रहे हैं। कान्क्लेव में विदेशी प्रतिनिधियों ने माना कि यूपी व्यापार की नई राह खोलेगा। कान्क्लेव में कृषि, कपड़ा और हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा और जल विद्युत, बुनियादी ढांचा, फार्मा और रसायन, खनन, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में निवेश करने की बात सामने आई। खोलेगा।

**इन देशों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्साः** म्यामांर, लेसोथो, सेशेल्स, इथियोपिया, ईरान, उजबेकिस्तान, सूरीनाम, क्यूबा, केन्या, अल सल्वाडोर, मंगोलिया, इक्वाडोर, श्रीलंका, फिजी, वियतनाम, पेरू, मॉरीशस, जांबिया, तजाकिस्तान, लाओस पीडीआर, रिपब्लिक ऑफ कांगो, घाना, चाड, इंडोनेशिया, मालदीव, ऑस्ट्रिया, यूगांडा, रवांडा आदि देशों के राजदूत, ट्रेड काउंसलर, हाई कमिश्नर, इकॉनोमिक काउंसलर, प्रथम सचिव समेत कई बिजनेसमैन पहले दिन के आयोजन में मौजूद रहे।

- कॉन्क्लेव में विदेशी प्रतिनिधियों ने माना यूपी व्यापार की नई राह खोलेगा

### द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण

एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई . डीपी सिंह ने कहा कि उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह है एक महत्वपूर्ण पल है। सचिव रमेश मलहोत्रा ने कारोबार के लिए उत्तम मार्ग प्रशस्त किए जाने पर बल दिया। इस दौरान मनीष ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव-2024 के माध्यम से कारोबारी दिग्गज और हितधारकों को मंच उपलब्ध कराया गया। सभी उपस्थित देशों को उत्तर प्रदेश में आयात निर्यात से संबंधित सभी विषयों पर आश्वासन दिया गया।

# माफिया के खिलाफ जारी रखें कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर



गोरखपुर के एनेक्सी भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस अधिकारी माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखें। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति बरकरार रहनी चाहिए। उन्होंने पुलिस पैट्रोलिंग व फुट पैट्रोलिंग बढ़ाने और पीआरवी का रिस्पांस टाइम और उत्कृष्ट करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शनिवार को गोरखपुर स्थित एनेक्सी भवन में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाय। हर प्रोजेक्ट के वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाय। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम, जीडीए, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, वहां जमीन की रजिस्ट्री में तेजी लाई जाय और मुआवजा वितरण भी जल्द से जल्द किया जाय। इसमें किसी तरह की शिथिलता अक्षम्य होगी।

- विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

### बरसात में कहीं न होने पाए जलभराव

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का समय निकट है, ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाये। समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा किया जाय। बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ बचाव के कार्यों में और तेजी लाई जाय। अधिकारी जनप्रतिनिधियों को साथ ले जाकर बंधों की स्थिति का जायजा लें। बेहतर कार्य के लिए उनसे सुझाव लें।

# वापस एमओसीएच बनना चाहते हैं 32 आयुर्वेद चिकित्साधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** आयुर्वेद विभाग में साल 2023 में चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य (एमओसीएच) पद छोड़कर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के पद पर ज्वॉइन करने वाले करीब तीन दर्जन बीएएमएस चिकित्सकों (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी) का नई तैनाती से मोहभंग हो गया है। इनमें से 32 चिकित्सकों ने वापस एमओसीएच के पद पर जाने के लिए आवेदन किया है। चिकित्सकों से मिलने वाले आवेदन विभाग द्वारा शासन को भेज दिए गए हैं।

आयुर्वेद विभाग मे वर्ष 2022 में चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य( आयुर्वेद एवं यूनानी) के 422 पदों पर बीएएमएस चिकित्सकों की नियुक्ति हुई थी। इन्हें विभिन्न जिलों में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन संचालित होने वाली आयुर्वेद डिस्पेंसरी में भेजे दिया गया । इसी के बाद 2023 में क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी के अधीन संचालित होने वाले आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के 601 पदों पर बीएएमएस चिकित्सकों की नियुक्ति हुई, इनमें एमओसीएच पद कार्य करने वाले तमाम डॉक्टर शामिल थे। दोनो ही पद के वेतनमान समान होने के बावजूद, नियुक्ति पाने वालों में 32 चिकित्सकों ने अपने एमओसीएच पद से त्याग पत्र देकर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के रूप में ज्वॉइन कर लिया।

कुछ माह की सेवाएं देने के बाद ही इन चिकित्सकों ने वापस एमओसीएच पद पर सेवाएं देने के लिए आयुर्वेद निदेशालय में आवेदन कर दिये। चूंकि एमओसीएच के पद से इस्तीफा शासन द्वारा स्वीकार हो चुका है, इसलिए निदेशालय द्वारा इनके पत्र शासन को संदर्भित कर दिये गए हैं।

### ये हो सकते हैं कारण

विभागीय जानकारों का कहना है कि एमओसीएच पद पर, एलोपैथिक विभाग के सीएमओ के अधीन कार्य करना होता है, जबकि आयुर्वेद चिकित्साधिकारी विभागीय अधिकारियों के अधीन सेवाएं देते हैं। दूसरे विभाग की बेरुखी से बचने के लिए डॉक्टरों ने मूल विभाग में सेवाएं देना ज्यादा बेहतर समझा होगा, वहीं सीएमओ के अधीन बायोमेट्रिक अटेंडेंस व अन्य बाध्यताए भी इसका एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है।

# वर्तमान प्रक्रिया से भर्तियां पूरी नहीं हो सकतीं : मिश्र

**अमृत विचार,लखनऊः** केन्द्र और प्रदेश सरकार ने रिक्त व नव सृजित पदों पर नियुक्तियां करने के निर्देश तो दिए हैं। मगर बिना लोकसेवा आयोग को अधियाचन भेजे प्रकिया पूरी नहीं हो सकती है। इसलिए विभागों में भर्ती करनी हैं तो नियुक्ति व पदोन्नति प्रक्रिया में व्यापक सुधार किए जाए । यह बात शनिवार को उप्र के इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्र ने कही।

उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के तहत, हर साल करीब 20 हजार कर्मी सेवानिवृत्त होते हैं,मगर इनसे खाली होने वाले पदों पर हर साल इतनी संख्या में भर्ती नहीं होती है। पूर्व में इन खाली पदों पर दैनिक दर पर कर्मचारियों को रखकर काम चलाया जाता था, परंतु वर्तमान में आउट सोर्स से छह-आठ हजार रूपए में कर्मचारी रखकर काम चलाया जा रहा है। जिसका कोई भविष्य नहीं है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भारत सरकार एवं राज्य सरकारों को सुझाव दिया है कि समूह ग एवं समूह की नियुक्तियां विभागीय चयन समिति के माध्यम से किया जाए। साथ ही कहा कि समूह क एवं समूह ख के पदों पर चयन प्रक्रियाओं में भी परिवर्तन किया जाए।

# ट्रेन के कोच से लेकर रेल इंजन के फ्रंट पर भी लगेगा कैमरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बैठक के दौरान डीजीपी प्रशांत कुमार।

- रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक में डीजीपी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**अमृत विचारः** डीजीपी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को राज्य स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की 10वीं बैठक हुई। इस दौरान अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और लखनऊ जैसे रेलवे स्टेशनों को पूर्ण रूप से कैमरे से लैश करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा ट्रेन के कोच में कैमरा लगाने एवं रेल इंजन के फ्रंट पर कैमरा लगाने को भी कहा गया। अवैध वेंडर्स पर रोक लगाने, रेलवे के ठेके पर रखे कार्मिकों का सत्यापन कराने, ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने, रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध एवं क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं पर अंकुश लगाने पर जोर दिया गया।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि आतंकवादी घटनाओं, मादक द्रव्य एवं विस्फोटक पदार्थ की आवाजाही, मानव तस्करी आदि को रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा की समस्त एजेंसियों द्वारा परस्पर सूचनाओं का आदान-प्रदान करने एवं उनपर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि महाकुंभ 2025 से संबंधित तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाए। छोटे अतिक्रमण की अनदेखी करने पर कुछ समय के पश्चात गंभीर समस्या का रूप ले लेता है, अतः शुरुआत में ही अतिक्रमण न होने दिया जाए। स्टेशनों पर प्रवेश एवं निकास द्वार पर एक्सेस कंट्रोल करने, अवैध वेंडर्स पर रोक लगाने, ट्रेनों पर पत्थरबाजी पर प्रभावी नियंत्रण करने, ट्रैक को अवरुद्ध एवं क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जीआरपी, आरपीएफ एवं सिविल पुलिस के मध्य और अच्छा समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाए तथा समय-समय पर मॉक ड्रिल का अभ्यास किया जाए। इस मौके पर एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश, एडीजी रेलवे जेएन सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-102

**बाएं से दाएं**

1. मुंह से थूक या रखी वस्तु को निकालना।
2. 1. तले हुए मांस के टुकड़े 2. मांस के कीमे का बना हुआ कबाब 3. मछली की टिकिया 4. उबले आलू में प्याज़
4. किसी भारी
6. चेहरे पर होने वाली फुंसी या फुड़िया, मुंहासा।
9. बूढ़े होने की अवस्था या भाव, वृद्धावस्था, बुढ़ापा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. अलमारी 2. आधरण, फलक 3. धानी।
3. 1. आय-व्यय का हिसाब 2. स्थिति का आकलन।
5. 1. बढ़ने की क्रिया या भाव 2. दाम या मूल्य में बढ़त, वृद्धि 3. विस्तार, फैलाव।
6. शत्रु का नाश करने वाला, शत्रुनाशक।
7. गंगा नदी का जल, गंगाजल, गंगोदक, ब्रह्मद्रव।
8. 1. सिर के बाल जो लपेटकर गोलाई में बांधे गए हों, खोपा, जूट 2. मूंज का पूला 4. कलगी।



### वर्ग पहेली -101 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | दु | ■ | ■ | 2 सं | पु | 3 ट |
| ■ | ■ | 4 व | ■ | पो | ■ | ख |
| 5 मिं | 6 ब | र | ■ | ष | ■ | ना |
| ■ | 7 हि | म | क | ण | ■ | ■ |
| ■ | रं | ■ | ■ | ■ | ■ | 8 ठ |
| 9 मु | ग | ल | ई | ■ | ■ | ह |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 10 फ़ | सा | ना |

## सुडोकू -15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | | 4 | | | 1 |
| 8 | | 7 | | | | 5 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | 4 |
| | | 4 | | | 5 | 7 | 2 | 9 |
| | | | 3 | | 8 | | | |
| 5 | 1 | 6 | 7 | | | 8 | | |
| 4 | | | 9 | | | | 3 | |
| | | 5 | | | | 6 | | 7 |
| 7 | | | 2 | | | 4 | | 8 |

### सुडोकू - 14 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 1 | 3 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17 जून 04 .43 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज आप रुके हुए कार्यों को लेकर चिंतित हो सकते हैं और उसे शीघ्र पूरा करने की कोशिश करेंगे। भाई-बहनों को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताने की योजना बना सकते हैं।

**वृष:** आज संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी सामान्य बात को ज्यादा गंभीरता से न लें। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। बड़े भाई-बहन को लेकर चिंता रहेगी।

**मिथुन:** आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर विवाद बढ़ने की आशंका है। ऊंचाई वाले स्थानों से आपको दूर रहना चाहिए। आप परिवार के साथ समय बिताना पसंद करेंगे, लेकिन कुछ कारणों से आपका मन व्यथित हो सकता है।

**कर्क:** आज व्यवसाय से जुड़े लोग अपनी मशीनों और उपकरणों के रखरखाव में धन खर्च कर सकते हैं। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। आपराधिक छवि वाले लोगों को अपना मित्र न बनाएं। आप अपने काम को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**सिंह:** आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर अनर्गल आरोप लगा सकते हैं। नशे और धूम्रपान आदि से पूरी तरह दूरी बना लें। अपनी योग्यता को लेकर आप कुछ सशंकित हो सकते हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

**कन्या:** आज आपको व्यवसाय में काफी ज्यादा ध्यान देना चाहिए। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को अपेक्षित सफलता मिल सकती है। पैरों में ऐंठन और दर्द की शिकायत हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा, लेकिन आपकी गलतियों को लोग देख रहे हैं।

**तुला:** आज इसे लेकर आप काफी निराश हो सकते हैं, किंतु आपको कुछ शुभचिंतकों द्वारा उत्तम सलाह मिल सकती है जिसके माध्यम से आप भविष्य काफी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे जिसके कारण आपके विषय में लोग काफी अच्छी राय रखेंगे। विदेश से जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबारी संबंधी में वृद्धि होगी। इससे आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

**धनु:** आज पुराने ऋण को आप चुकाने की कोशिश करेंगे। विवादों के निपटारा करने से आपका मनोबल बढ़ेगा। नए गृहोपयोगी सामान खरीद सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखना चाहिए।

**मकर:** आज जॉब में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। कारोबार को लेकर नई योजना पर काम कर सकते हैं। सहयोगियों पर ज्यादा निर्भर न रहें। आपको कुछ शुभ सूचनाएं मिल सकती है।

**कुंभ:** आज आपको बहुत महत्वपूर्ण कार्य शुरू नहीं करने चाहिए। यात्रा के दौरान अनावश्यक चर्चाओं और बहस से दूरी बनाकर रखें। शाम को धर्म-कर्म में सम्मिलित हो सकते हैं। मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे। इसके कारण आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं।

**मीन:** आज कुछ लोग आपसे उधार धन की अपेक्षा रख सकते हैं। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बनाकर रखें। घर पर नकारात्मक लोगों के विषय में चर्चा न करें। नींद भरपूर मात्रा में लें। वैचारिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। भविष्य के कार्यों को लेकर आप योजना बना सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-हस्त 11 .13 तक तत्पश्चात चित्रा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- औलाद — दोपहर : 12 .00
- देवता — रात : 08 .15

&pictures
- सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11 .19
- कृष — रात : 07 .30

SONY PIX
- ब्राइटबर्न — सुबह : 10 .03
- स्पाइडर-मैन : नो वे होम — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- हीरो — सुबह : 11 .30
- कड़क सिंह — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- बेटिंग राजा — दोपहर : 12 .04
- टाइगर नागेश्वर राव — रात : 08 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा- यार धोखा हो गया धोखा एक
दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू- यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

# भारत आएगा अमेरिकी कांग्रेस का शिष्टमंडल

वाशिंगटन, एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात होगी

विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक द्विदलीय अमेरिकी कांग्रेस शिष्टमंडल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात करने के लिए भारत का दौरा करेगा। भारत में, शिष्टमंडल 14वें दलाई लामा, भारतीय सरकारी अधिकारियों और देश में अमेरिकी व्यवसायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा।

मैककॉल ने कहा, 'भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। उन्होंने कहा, मैं सरकारी अधिकारियों और अमेरिकी व्यापार समुदाय के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हूं ताकि यह जान सकूं कि हम भारत के साथ अपने संबंधों को कैसे मजबूत बना सकते हैं। मैककॉल ने कहा, मैं दलाई लामा से मिलने का अवसर पाकर सम्मानित महसूस हो रहा है। तिब्बती लोग लोकतंत्र-प्रेमी लोग हैं जो अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करना चाहते हैं। इस यात्रा से अमेरिकी कांग्रेस में तिब्बत के भविष्य के बारे में अपनी राय रखने के लिए मदद मिलेगी। अमेरिकी बयान में यात्रा की तारीखों का उल्लेख नहीं किया गया है।

## जयशंकर अगले सप्ताह श्रीलंका का कर सकते हैं दौरा

**कोलंबो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जून को श्रीलंका की यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि श्रीलंका जयशंकर की यात्रा को लेकर उत्सुक है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी आगामी दिनों में द्वीपीय राष्ट्र का दौरा करने की उम्मीद है। साबरी ने कहा कि ये यात्राएं राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की पिछले सप्ताह नयी दिल्ली यात्रा का परिणाम हैं, जहां वह मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गए थे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

# रामफोसा द. अफ्रीका के राष्ट्रपति निर्वाचित

केपटाउन, एजेंसी

- रामफोसा को 283 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंदी को महज 44 वोट

दक्षिण अफ्रीका की सत्तारुढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए शुक्रवार को दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोडो ने नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को महज 44 वोट मिले। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले शुक्रवार को एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए), राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौते पर पहुंचे और समझौते के हिस्से के रूप में रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से चुने जाने की उम्मीद थी। गत 29 मई को हुए आम चुनावों में एएनसी ने नेशनल असेंबली की 400 सीटों में से 159 सीटें हासिल कीं। पिछले 30 साल में पहली बार संसद के निचले सदन में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।



आस्था



शनिवार को सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का के पास वार्षिक हज यात्रा के दौरान अराफात के मैदान पर दया के पहाड़ के रूप में जानी जाने वाली चट्टानी पहाड़ी की चोटी पर इकट्ठा होते मुस्लिम तीर्थयात्री। • एजेंसी

## एक नजर

### संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे रूस, मिस्र

**मॉस्को।** रूस के प्रशांत बेड़े के दो युद्धपोत मिस्र की नौसेना के साथ भूमध्य सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लेंगे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। मंत्रालय के मुताबिक मिसाइल क्रूजर वैराग और फ्रिगेट मार्शल शापोशनिकोव सहित प्रशांत बेड़े के लड़ाकू जहाजों का एक समूह मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में शामिल होने के लिए मिस्र के बंदरगाह अलेक्जेंड्रिया के लिए रवाना हो गया है।

### पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन पर साइबर हमला

**इस्लामाबाद/संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी मिशन पर साइबर हमला किया गया, जिसमें उसके आधिकारिक ईमेल अकाउंट और यूट्यूब चैनल में सेंध लगाई गई। एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार यह साइबर हमला शुक्रवार को अमेरिकी समयानुसार शाम चार बजे हुआ। खबर के अनुसार इस साइबर हमले का लक्ष्य स्थायी मिशन की सूचना शाखा द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली ईमेल आईडी थी।

### नूंह में पशु तस्करों ने गोरक्षक को गोली मारी

**गुरुग्राम।** हरियाणा के नूंह जिले में महू-चोपता गांव के पास शनिवार सुबह एक गोरक्षक को पशु तस्करों ने कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान रेवाड़ी जिले के रहने वाले सोनू सरपंच के रूप में हुई है। उसे फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उसे गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी भेज दिया गया और वहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार मामले में जल्द ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### ईरान ने ईयू के एक राजनयिक को रिहा किया

**दुबई।** ईरान और स्वीडन के बीच शनिवार को कैदियों की अदलाबदली हुई, जिसके तहत तेहरान ने यूरोपीय संघ के एक राजनयिक समेत दो व्यक्तियों को रिहा किया, जबकि इसके बदले उस ईरानी कैदी को रिहा किया गया, जिसे वर्ष 1988 में इस्लामी गणराज्य में सामूहिक फांसी दिये जाने की घटना में शामिल होने पर स्टॉकहोम में युद्घ अपराध का दोषी ठहराया गया था। वर्ष 2019 में स्वीडन द्वारा हामिद नूरी की गिरफ्तारी तब की गई थी जब वह एक पर्यटक के रूप में वहां गया था।

# आर्थिक गलियारे को लेकर जताई प्रतिबद्धता

## जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई

बारी (इटली), एजेंसी

- आईएमईसी को बीआरआई के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा
- पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था

जी7 शिखर सम्मेलन के अंत में सात औद्योगिक देशों के समूह ने भारत-पश्चिम-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे ठोस बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। यह विज्ञप्ति शुक्रवार शाम को लक्जरी रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में प्रथा के तौर पर पारिवारिक फोटो के बाद जारी की गई। इसके साथ जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेजबान इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

विज्ञप्ति में कहा गया, हम गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश की खातिर परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए जी7 पीजीआईआई (वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी) के ठोस प्रस्ताव, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक प्रस्तावों को बढ़ावा देंगे, जैसे कि लोबिटो कॉरिडोर, लुजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत-पश्चिम एथिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए हमारे समन्वय तथा वित्तपोषण कार्यक्रम को मजबूत करना, इसके साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और अफ्रीका के लिए इटली द्वारा शुरू की गई मैटेई योजना को तैयार करना। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों द्वारा चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। बीआरआई एक विशाल संपर्क परियोजना है जो चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था। शुक्रवार को मोदी के संबोधन वाले कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर आयोजित 'आउटरीच सोशन' के बारे में विज्ञप्ति में कहा गया, साझा जिम्मेदारी की भावना से हम अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत, जॉर्डन, केन्या, मॉरिटानिया, ट्यूनीशिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं की भागीदारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। इसमें कहा गया, हम अधिक निश्चितता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए अपने कृत्रिम मेधा प्रचालन से जुड़े दृष्टिकोणों के बीच तालमेल को बढ़ाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान हम यह भी ध्यान में रखेंगे कि जी7 सदस्यों के रुख और नीतिगत व्यवस्थाएं भिन्न हो सकती हैं। शिखर सम्मेलन के एजेंडे की अन्य प्राथमिकताओं के अलावा, विज्ञप्ति में रूस के साथ जारी संघर्ष में यूक्रेन के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया गया।

### जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ साझा किया वीडियो

**बारी (इटली), एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल में संपन्न जी7 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपना एक सेल्फी वीडियो साझा किया है। मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी मित्रता को जाहिर करते हुए इस वीडियो का शीर्षक नमस्ते दोस्तों, मेलोडी की ओर से दिया है। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिणी इटली के अपुलिया की एक दिवसीय यात्रा के अंत में मुलाकात की थी। इस दौरान मोदी ने जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के वास्ते निमंत्रण देने के लिए मेलोनी को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिये कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। पांच सेकंड का यह वीडियो मेलोनी ने शनिवार को अपने 'एक्स' अकाउन्ट पर साझा किया था। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री मेलोनी (47) ने वीडियो में कहा, मेलोडी टीम की ओर से नमस्कार। वीडियो में 73 वर्षीय मोदी हंसते हुए नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो को फिर से साझा करते हुए लिखा, भारत-इटली की मित्रता कायम रहे! इससे पहले शनिवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं की एक सेल्फी वायरल हुई थी।



### भारत और इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की

**बारी (इटली), एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे सहित वैश्विक मंचों तथा बहुपक्षीय प्रस्तावों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। मोदी की दक्षिणी इटली के अपुलिया की एक दिवसीय यात्रा के अंत में शुक्रवार को दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए इटली की प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बारे में जारी विज्ञप्ति में कहा कि नेताओं ने खुले एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई तथा भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी चर्चा की। क्षेत्र में चीन की आक्रामक गतिविधियों के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों नेता मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को पूरा करने की खातिर तैयार रूपरेखा के तहत क्रियान्वित की जाने वाली संयुक्त गतिविधियों के लिए तत्पर हैं। इसने कहा कि उन्होंने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

### मोदी और किशिदा बुनियादी ढांचे एवं सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने पर सहमत

**बारी (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा से मुलाकात की और कहा कि शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत तथा जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। मोदी और किशिदा दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 'आउटरीच सेशन' को संबोधित करने के लिए दक्षिणी इटली के अपुलिया के एक दिवसीय दौरे पर थे। उन्होंने 'कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर' पर अपने संबोधन के बाद किशिदा से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने किशिदा के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर कहा, शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत तथा जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। मोदी का यह बयान क्षेत्र में चीन के आक्रामक व्यवहार तथा वर्चस्व बढ़ाने की कोशिशों के बीच आया है। उन्होंने कहा, हमारे देश रक्षा, प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

# जमानत मामले में समिति ने खामियां, कदाचार पाया

पुणे, एजेंसी

पुणे कार हादसा

- पांच सदस्यीय समिति ने महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी

पुणे पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत दिए जाने के संबंध में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित एक समिति ने प्रक्रियात्मक खामियां, कदाचार और मानदंडों का उल्लंघन पाया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पांच सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने विभाग द्वारा नियुक्त किशोर न्याय बोर्ड के दो सदस्यों को नोटिस जारी किया है। अधिकारी ने कहा, रिपोर्ट में 19 मई को जेजेबी के एक सदस्य द्वारा जमानत आदेश जारी करने में गंभीर खामियां और गलतियां पाई गई हैं। जमानत देने का आदेश एक सदस्य द्वारा जारी किया गया था, लेकिन दूसरे सदस्य ने अगले दिन सहमति दे दी थी। दोनों सदस्यों की ओर से कदाचार और मानदंडों का उल्लंघन पाया गया है और उन्हें इसके बारे में अवगत करा दिया गया है।

# पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री समेत भारतीय मूल के कई लोग समाजसेवा के लिए सम्मानित

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन और कई भारतीय मूल के लोगों को उनकी उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान द ऑर्डर ऑफ द कम्पैनियंस ऑफ ऑनर की शुरुआत 1917 में किंग जॉर्ज पंचम ने कला, विज्ञान, चिकित्सा और सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए की थी।

इस साल शुक्रवार को 1,077 लोगों को उनकी सेवाओं के लिए यह सम्मान दिया गया, जिनमें 509 महिलाएं शामिल हैं। ब्राउन (73) को ब्रिटेन और विदेशों में समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यों और धर्मार्थ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। वे 2007 से 2010 तक ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहे थे। ब्राउन के अलावा पोस्ट ऑफिस कैम्पैनर एलन बेट्स और महिला कलाकार ट्रेसी एमिन भी सम्मान पाने वाले प्रसिद्ध चेहरों में शामिल हैं। बेट्स को पोस्ट ऑफिस होराइजन आईटी घोटाले को उजागर करने में उनके योगदान के लिए नाइट की उपाधि दी गई।

### कैंसर का पता चलने के बाद पहली बार दिखीं केट मिडलटन



**लंदन, एजेंसी।** वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन शनिवार के आयोजित 'ट्रूपिंग द कलर' परेड समारोह में बकिंघम पैलेस की बालकनी पर शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नजर आईं। यह समारोह राजा के आधिकारिक जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया जाता है। इस मौके पर लंदन में एक व्यापक सैन्य परेड आयोजित की जाती है। इस वर्ष की शुरुआत में कैंसर से पीड़ित होने के बारे में पता चलने के बाद केट पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आई हैं।

# इमारतों में अवैध निर्माण पर कार्रवाई शुरू की

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- मंगफ अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की हुई थी मौत

कुवैत में अधिकारियों ने सात मंजिला एक इमारत में भीषण आग लगने की घटना के मद्देनजर इमारतों में अवैध निर्माण कार्य पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को एक अखबार में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की मौत हो गई।

कुवैत के अहमदी गवर्नरेट के दक्षिणी शहर मंगफ में बुधवार तड़के आग लगने पर उसमें रहने वाले ज्यादातर लोगों की मौत धुएं के कारण हुईं। घटना के वक्त इमारत में रहने वाले लोग सो रहे थे। इमारत में 196 प्रवासी श्रमिक रहते थे, जिनमें अधिकतर भारतीय थे। इस घटना के बाद मकान मालिकों और रियल एस्टेट कंपनी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है, जो लागत कम करने के लिए कानून का उल्लंघन करते हुए बड़ी संख्या में विदेशी मजदूरों को अत्यंत असुरक्षित परिस्थितियों में रखते हैं। 'अरब टाइम्स' अखबार की खबर के अनुसार, कुवैत नगरपालिका ने इमारतों में अवैध निर्माण कार्य पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दुखद घटना ने इमारतों के अनधिकृत विस्तार के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे पर प्रकाश डाला है, तथा अधिकारियों को भविष्य में ऐसी आपदाओं को रोकने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया है।

## बॉलीवुड हलचल

### एक्शन तेलुगु फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** विष्णु मंचू ,अक्षय कुमार, प्रभास, मोहनलाल जैसे सितारों से सजी तेलुगु फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज हो गया है। तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में विष्णु मंचू की मुख्य भूमिका है। फिल्म में विष्णु मंचू के अलावा अक्षय कुमार मलयालम फिल्मों की सुपरस्टार मोहनलाल, तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास, प्रीति मुकुंदन, शरतकुमार, काजल अग्रवाल आदि भी नज़र आएंगे। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बनी कन्नप्पा का टीजर रोमांच से भरपूर है। टीजर में दिखाया गया है कि कन्नप्पा इतना सक्षम है कि वह किसी की मदद के बगैर ताकतवर लोगों को मार सकता है। टीजर में एक-एक कर मोहन बाबू, सरतकुमार, काजल अग्रवाल, मोहनलाल, अक्षय कुमार और प्रभास की झलक भी दिखाई गई है। अक्षय कुमार ओएमजी के बाद एक बार फिर इस फिल्म में भगवान शिव के रोल में नज़र आएंगे, जबकि विष्णु मंचू भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की भूमिका में दिखाई देंगे। इस फिल्म को तेलुगु के साथ-साथ तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। टीजर भी पांचों भाषाओं में आया है। फिल्म कन्नप्पा की कहानी भगवान शिव के भक्त रहे कन्नप्पा की जिंदगी पर आधारित है।

### सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 की बॉक्स ऑफिस पर होगी टक्कर

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन और कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 दीवाली के अवसर पर बॉक्स ऑफिस पर टकरायेंगी। रोहित शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है।अजय देवगन, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर की मुख्य भूमिका वाली सिंघम अगेन पहले इस वर्ष 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब यह फिल्म दीवाली पर रिलीज होगी। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 भी दीवाली के अवसर पर रिलीज हो रही है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की मुख्य भूमिका होगी। बॉक्स ऑफिस पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के होने वाले क्लैश पर निर्देशक अनीस बज्मी ने रिएक्ट किया है। अनीस बज्मी ने कहा कि फिल्मों के बीच टकराव कभी भी अच्छा नहीं होता।



### प्रियंका और माही का गाना मुझपे हंसने वाले रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का सैड सांग मुझपे हंसने वाले रिलीज हो गया है। गाना मुझपे हंसने वाले को वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मुझपे हंसने वाले के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रियंका सिंह और भानु प्रताप सिंह ने गाया है। वहीं इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, कास्ट्यूम डिजाइनर बादशाह खान हैं। म्यूजिक प्रोडक्शन, डबिंग मिक्सिंग मास्टरिंग फोनिक स्टूडियो में किया गया है। कीबोर्ड एंड मेलोडी संतोष राय का है।

संबोधन — वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट कैडेटों को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध गतिशील है

# बीते कल की मानसिकता से नहीं जीत सकते लड़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने शनिवार को कहा कि आने वाले कल के युद्धों को बीते कल की मानसिकता से नहीं लड़ा जा सकता इसलिए वायु सेना के कैडेट अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों में कौशल सीखने पर बल देना होगा।



एयर चीफ मार्शल ने हैदराबाद के डुंडीगल में वायु सेना अकादमी में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेट अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2024 को अपस्किलिंग के माध्यम से बदलाव का वर्ष घोषित किया गया है और नए कमीशन अधिकारियों को मल्टी-डोमेन लीडर बनने के लिए विभिन्न कौशल सीखने चाहिए। आधुनिक युद्धों के बारे में वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट कैडेटों को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध गतिशील है और लगातार विकसित हो रहा है, यह जटिल डेटा नेटवर्क और उन्नत साइबर प्रौद्योगिकी से प्रभावित है। भारतीय वायुसेना के वायु सेनाकर्मी पहले, मिशन हमेशा के ध्येय वाक्स पर बोलते हुए उन्होंने नव नियुक्त अधिकारियों से पेशेवर क्षमता, शारीरिक और नैतिक साहस, चरित्र और सहानुभूति के माध्यम से अपने अधीनस्थों का सम्मान अर्जित करने का आग्रह किया।

**235 फ्लाइट कैडेटों को कमीशन प्रदान किया :** दीक्षांत समारोह में वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 235 फ्लाइट कैडेटों को कमीशन प्रदान किया गया। इनमें 22 महिला अधिकारी भी शामिल हैं जिन्हें वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला। समारोह में वायुसेना और सहयोगी सेवाओं के कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ कैडेट अधिकारियों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल के नौ- नौ अधिकारियों और मित्र देशों के एक अधिकारी को भी उड़ान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर विंग्स से सम्मानित किया गया।

ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के लिए चार साल पहले राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए 25 कैडेटों को भी कमीशन दिया गया। इनमें से पांच अधिकारियों को वायु सेना की प्रशासन शाखा में, तीन को लॉजिस्टिक्स शाखा में और 17 को तकनीकी शाखा में कमीशन दिया गया है। समारोह में एक प्रभावशाली मार्च पास्ट हुआ। परेड के दौरान चार प्रशिक्षक विमानों द्वारा अच्छी तरह से समन्वित और शानदार फ्लाई-पास्ट किया गया, जिसमें पिलाटस पीसी-7 एमके-एलआई, हॉक, किरण और चेतक हेलीकॉप्टर शामिल थे।

### फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

परेड के समीक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट अधिकारियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए। उड़ान शाखा के फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह को पायलट पाठ्यक्रम में योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम स्थान पाने के लिए राष्ट्रपति का प्रशस्ति पत्र और वायु सेना प्रमुख की स्वोर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर तौफीक रज़ा को ग्राउंड ड्यूटी ऑफिसर्स कोर्स में योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम रहने के लिए राष्ट्रपति के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।